CMYK

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 248 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 | 5 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


यूपी में अगले तीन दिनों तक भीषण हीटवेव!
पेज 2


वैभव के सबसे तेज 500 आईपीएल रन
खेल टाइम्स


सीबीआई अधिकारियों को सजा संस्थागत भ्रष्टाचार पर सवाल
सम्पादकीय


फारस की खाड़ी-होर्मुज स्ट्रेट में तेल रिसाव का खतरा
पेज 12

# प.बंगाल ने तोड़े मतदान के सभी रिकॉर्ड

## बंगाल में पहले चरण का मतदान 92% के पार, तमिलनाडु में भी 85% वोटिंग

**कोलकाता/चेन्नई, वार्ता**

**पश्चिम बंगाल** और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 92.54 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 85.13 फीसदी वोटिंग हुई। दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है।

ममता ने वोटिंग के बाद कहा कि बंगाल की जनता ने एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग की है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91फीसदी, पुडुचेरी में 90 प्रतिशत और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ था। इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें खदेड़ दिया। पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि उनकी कार पर पत्थर फेंके गए। बीरभूम के बोधपुर गांव में ईवीएम खराब होने के बाद लोगों ने पुलिस और सेंट्रल फोर्स पर पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। घटना में कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। मुर्शिदाबाद के नौदा में हुमायूं कबीर के समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच लाठी-डंडे चले। बंगाल में वोटिंग खत्म होने के बाद अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। हेलीकॉप्टर से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में ढलता हुआ सूरज दिख रहा है। शाह ने कैप्शन में लिखा कि तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका है। बीरभूम के बोधपुर गांव में लोगों पर सेंट्रल फोर्स पर हमला करने का आरोप है। यहां के पोलिंग बूथ पर ईवीएम खराब होने के बाद वोटर्स और पुलिस के बीच बहस हो गई। इसके बाद लोगों ने सेंट्रल फोर्स पर पथराव किया।


**चेन्नई। अभिनेता कमल हासन मतदान के बाद फोटो खिंचवाते हुए।**

**ममता बोलीं: एसआईआर के विरोध में हुई बंपर वोटिंग**

**कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने पीटा**

**तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका: शाह**

### हुमायूं कबीर की कार पर हमला, सिलीगुड़ी में भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में पहले फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हिंसा और मारपीट हुई। मुर्शिदाबाद जिले में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के चीफ हुमायूं कबीर और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई।

इसके बाद आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विरोध हुआ। इस दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़प भी हुई। इसके बाद वे धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनके समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ। स्थिति संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हुमायूं की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया। सिलीगुड़ी में भी वोटिंग के दौरान भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच भी झड़प हुई। सिलीगुड़ी के जगदीश चंद्र विद्यापीठ में बने बूथ पर वोटिंग हो रही थी। इसी दौरान बूथ के बाहर दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। विवाद बढ़ता देख सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। यहां से शंकर घोष भाजपा प्रत्याशी हैं। मालदा के एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से हंगामा हो गया।

# सीतापुर की कशिश 10वीं और 12वीं में शिखा टॉपर

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

## यूपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित, बेटियां फिर अव्वल

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड का रिजल्ट गुरुवार शाम 4 बजे जारी कर दिया गया। 12वीं में 80.38 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए हैं। इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी है। सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत नंबरों के साथ यूपी टॉप किया है। सीतापुर की ही कशिश वर्मा ने 10वीं में यूपी में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 97.83 फीसदी अंक मिले हैं।

शिखा वर्मा और कशिश वर्मा दोनों एक ही स्कूल की छात्राएं हैं। दोनों छात्राएं महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की पढ़ने वाली हैं। शिखा के पिता किसान और मां गृहिणीं हैं। शिखा इनकम टैक्स अफसर बनना चाहती हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर बरेली की नंदनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रिया वर्मा हैं। दोनों के 97.20 फीसदी नंबर हैं। तीसरे स्थान पर भी दो छात्राएं हैं। बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल को 97 फीसदी नंबर मिले हैं। सुरभि के पिता की फर्नीचर की शॉप है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि जिन छात्राओं ने राज्य भर में टॉप पोजिशन हासिल किया है, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। यूपी बोर्ड 12वीं में टॉप-10 में 23 छात्रों ने जगह बनाई है। इनमें बरेली से सबसे ज्यादा 5 टॉपर्स हैं। फिर सीतापुर और बाराबंकी से 4-4, चित्रकूट और हरदोई से 2-2 फिर बागपत, मुरादाबाद, कानपुर नगर, कन्नौज, बांदा और प्रतापगढ़ से एक-एक टॉपर्स टॉप-10 में शामिल हैं। इन छात्रों ने 500 में 488 से 477 अंक हासिल किए हैं। जेल में बंद 135 कैदियों ने परीक्षा दी। इनमें से 114 पास हुए हैं। इनका पासिंग परसेंटेज 84.44 प्रतिशत रहा। 30 जेलों में से 27 जेलों के बंदियों ने परीक्षा दी थी।


**कशिश वर्मा 97.83 %** | **शिखा वर्मा 97.60 %**

**दोनों टॉपर सीतापुर के महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की छात्राएं, 80.38% रहा रिजल्ट**

## उत्तराखंड: चंबा-कोटी मार्ग पर वाहन खाई में गिरा, आठ लोगों की मौत

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी के चंबा-कोटी मार्ग पर नैल के समीप मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें आठ लोगों की मौत व दो घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे ऋषिकेश से घनसाली जा रहा मैक्स वाहन नैल गांव के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिसमें आशालाल 40 पुत्र असाडू निवासी ग्राम ठेला घनसाली, विजयलाल 36 पुत्र भुरखिलिया निवासी ग्राम ठेला, प्रेमलाल 60 पुत्र संतुलाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, महावीर 60 पुत्र विशुलाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, चालक शिव सिंह 35 पुत्र पुष्कर सिंह निवासी

-शेष पृष्ठ दो पर

# ट्रम्प का यूटर्न, अब भारत को बताया महान देश

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार मामला कुछ अलग है। महज 24 घंटे के भीतर ट्रम्प ने भारत को लेकर जो यूटर्न लिया है, उसने पूरी दुनिया के कूटनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। जिस देश को कल तक उन्होंने 'नरक का द्वार' कहा था, आज उसी भारत को उन्होंने एक महान राष्ट्र बताया है। इतना ही नहीं, ये भी कहा कि शीर्ष पर मेरा सबसे अच्छा दोस्त है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पाडकास्ट का अंश साझा किया। इस पोस्ट में जन्मसिद्ध नागरिकता के कानून की आलोचना की गई थी। इस दौरान भारत और चीन जैसे देशों के लिए अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। ये भी कहा गया था कि भारत और चीन के लोग अमेरिका में सिर्फ इसलिए आते हैं, ताकि उनके बच्चे वहां पैदा हों और उन्हें तुरंत अमेरिकी नागरिकता मिल जाए। हैरान करने वाली बात यह थी कि इस पोस्ट में भारत को 'हेल-होल' यानी नरक की संज्ञा दी गई थी। ट्रम्प के पत्र में दावा किया गया कि कैलिफोर्निया के तकनीकी क्षेत्र में भारतीयों का वर्चस्व है और वे अमेरिकी संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

**भारत को पहले कहा था नरक का द्वार**

### ट्रम्प ने नौसेना चीफ को किया बर्खास्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जान फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना एक्टिव है। पेंटागन की तरफ से छोटा सा बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई, लेकिन हटाए जाने की स्पष्ट वजह नहीं बताई गई। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से फेलन और पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व के बीच लगातार मतभेद चल रहे थे। खासकर नौसेना के जहाज निर्माण कार्यक्रम, काम करने के तरीके और नेतृत्व को लेकर उनके और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच टकराव बढ़ता जा रहा था।

# भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट खुले

## देश-विदेश से लगभग 15 हजार श्रद्धालु रहे मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली।** भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट गुरुवार प्रात: 6 बजकर 15 मिनट पर विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे -शेष पृष्ठ दो पर



**मुख्यमंत्री धामी ने कपाट उद्घाटन पर प्रधानमंत्री मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा की संपन्न**



# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## नगीना चौराहा से कालागढ़ मार्ग तक नालों पर बने अवैध कब्जे ध्वस्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ रही अतिक्रमण की समस्या पर आखिरकार नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। पालिका की टीम अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला के नेतृत्व में जेसीबी लेकर सड़क पर उतरी और नालों के ऊपर किए गए पक्के अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर में अतिक्रमण की समस्या पिछले काफी समय से विकराल रूप ले चुकी थी। कई बार शिकायतें मिलने के बावजूद अतिक्रमण हटाने की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। दो दिन पूर्व पालिका द्वारा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद किसी ने स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया।

इसके बाद पालिका प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नगीना चौराहा से कालागढ़ मार्ग तक सड़क के दोनों ओर नालों के ऊपर बने अवैध निर्माण को जेसीबी से हटवा दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और कई लोग मौके पर पहुंचकर अपनी-अपनी दुकानें व सामान हटाने में जुट गए।

पालिका टीम ने इस दौरान कई लोगों पर जुर्माना भी लगाया। अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने बताया कि नगर में अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी ने दोबारा अतिक्रमण किया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान टैक्स इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, विकास गुप्ता, नितिन कुमार, विशाल अग्रवाल, अमित गुप्ता, पुष्पेंद्र सक्सेना सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे। वहीं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे।

पालिका की इस कार्रवाई से जहां शहर को अतिक्रमण से राहत मिलने की उम्मीद जगी है, वहीं यह भी साफ संदेश गया है कि अब नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती तय है।

# स्योहारा में सरकारी कार्यालयों का ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानांतरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** एक समय प्रशासनिक और व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र रहा स्योहारा आज सरकारी कार्यालयों के लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानांतरण को लेकर चर्चा और सवालों के घेरे में है।

नागरिकों का कहना है कि वर्षों से नगर की पहचान रहे कई महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान अब धीरे-धीरे नगर सीमा से बाहर चले गए हैं। जिससे स्थानीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्योहारा में स्थित डाकघर व अनेक विभाग अब ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं। नगर के बुजुर्ग बताते हैं कि दशकों तक शहर के प्रसिद्ध जुमरात बाजार में डाकघर स्थित रहा। जहां से पूरे क्षेत्र की डाक व्यवस्था संचालित होती थी, लेकिन समय के साथ वह भी नगर से हटकर गांव में स्थापित कर दिया गया। आज स्थिति यह है कि नगर में एक भी प्रमुख डाकघर शेष नहीं बचा है। स्थानीय जानकारों ने बताया कि पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में कभी सरकारी बसों के टिकट मिला करते थे, उस दौर में लोगों को उम्मीद थी कि स्योहारा में स्थायी बस स्टैंड का निर्माण होगा और नगर यातायात का मुख्य केंद्र बनेगा। मगर राजनीतिक उपेक्षा और योजनाओं के अधर में लटक जाने के कारण पहले टिकट व्यवस्था बंद हुई और धीरे-धीरे बस स्टैंड की पहचान ही इतिहास बनकर रह गई। नगर के वरिष्ठ नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि सरकारी कार्यालयों के नगर से बाहर जाने से व्यापार रोजगार और आम जनजीवन पर सीधा असर पड़ा है। लोगों को छोटी-छोटी सरकारी सेवाओं के लिए अब ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाना पड़ता है। जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानी बढ़ी है। नगरवासियों का आरोप है कि स्योहारा की राजनीतिक प्राथमिकताओं में नगर विकास पीछे छूटता जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि जब नगर क्षेत्र में पर्याप्त स्थान और सुविधाएं मौजूद थीं तो सरकारी संस्थानों को शहर से बाहर क्यों स्थानांतरित किया गया।

## एक नजर

### चुनावों की तैयारी पर चर्चा



**चांदपुर।** आसपा कार्यकर्ताओं की बैठक सभासद जाकिर हसन के कार्यालय स्टेशन रोड चांदपुर पर हुई। जिसमें पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा आसपा मुखिया सांसद चंद्रशेखर आजाद सर्वसमाज के नेता है। हमें उनके हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आसपा का है। बैठक में आगामी चुनाव के मद्देनजर रणनीति तैयार की गई। जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा आसपा में ही सर्वसमाज का हित सुरक्षित है। चंद्रशेखर आजाद ने हमेशा संघर्ष करना सीखा है और सर्वसमाज के साथ चलकर आज नगीना लोकसभा सीट से सांसद है। कृष्ण कुमार जिला सचिव, घनेंद्र पाल सिंह, शाहरुख मुराद, नसीम मनिहार, जाकिर हसन सभासद, मौहम्मद चांद, पप्पू अहमद, काशिफ हुसैन, प्रेम सिंह, छोटे सिंह, रईस अहमद, उबैद हुसैन, डा.अतीकुर्रहमान, डा.अनस रहमान, याहिया मुराद आदि में भी अपने-अपने विचार रखें। बैठक की अध्यक्षता रईस अहमद ने की। संचालन जाकिर हसन सभासद ने किया।

### नहटौर के तीन विद्यार्थी टॉप-10 में



**नहटौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में नहटौर स्थित बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने 10वीं और एक विद्यार्थी ने 12वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची (टॉप-10) में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल (कक्षा 10) की परीक्षा में सिकरी निवासी इशांत शर्मा पुत्र गुड्डू शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 में से 552 अंक प्राप्त किए। इशांत ने जनपद की वरीयता सूची में 7वां स्थान हासिल किया है। उनके विषयवार अंक इस प्रकार हैं हिंदी 99, अंग्रेजी 95, गणित 92, विज्ञान 91, सामाजिक विज्ञान 90 और चित्रकला 85ए इशांत ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता के सपनों और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। उनका लक्ष्य भविष्य में आईपीएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। वहीं ग्राम अमीनाबाद निवासी सूर्य कुमार पुत्र हेमराज सिंह ने भी जनपद में अपनी मेधा का परिचय दिया। सूर्य कुमार ने 600 में से 550 अंक हासिल कर जनपद की मेरिट सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके अंकों का विवरण निम्न है, हिंदी 92, अंग्रेजी 90, गणित 97, विज्ञान 95, सामाजिक विज्ञान 89 और चित्रकला 87ए सूर्य कुमार भविष्य में इंजीनियर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहते हैं। कक्षा 12 (इंटरमीडिएट) में ग्राम शेखूपुरा लाला निवासी कुलदीप कुमार पुत्र कुंवरपाल सिंह ने विद्यालय और जिले का मान बढ़ाया। कुलदीप ने 500 में से 445 अंक प्राप्त कर जनपद की मेरिट सूची में 7वां स्थान सुनिश्चित किया। उनके अंक इस प्रकार रहे, गणित 98, हिंदी 92, फिजिक्स 88, रसायन विज्ञान 86 और अंग्रेजी 81ए कुलदीप ने बताया कि माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों की सही गाइडलाइन से उन्हें यह मुकाम मिला है। उनका सपना भी एक कुशल इंजीनियर बनने का है। एक साथ तीन छात्रों के जिला टॉप-10 में आने से बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने तीनों मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### माकपा व वामपंथी दलों ने सौंपा मांग पत्र

**बढ़ापुर।** माकपा समेत वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं ने सरकार पर प्रदेश में जन आंदोलनों के दमन का आरोप लगाते हुए इसकी रोकथाम के लिए प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय मांगपत्र पुलिस को सौंपा। कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला कार्यकारिणी सदस्य कामरेड शराफत हुसैन व कामरेड अखलाक खां के नेतृत्व में स्थानीय माकपा व वामपंथी दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में जायज मांगों को लेकर किए जाने वाले जन आंदोलन पर सरकारी दमन का आरोप लगाते हुए गहरी चिंता व्यक्त की और इसके विरोध में थाने जाकर राज्यपाल के नाम संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन पुलिस को सौंपा। मांगपत्र में प्रदेश में होने वाले राजनीतिक दलों व संगठनों के जनता की जायज मांगों को लेकर किए जाने वाले शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शनों को नहीं रोकने। नोएडा व अन्य जगहों पर श्रमिकों की वेतन वृद्धि व श्रम कानूनों को लागू करने की मांगों को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन पर उनकी जायज मांगों को पूर्ण करने, नोएडा के आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए मजदूरों, मजदूर नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा करने व उनपर दर्ज किए केस वापस लेने। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में जन संगठनों और विपक्षी दल के नेताओं व कार्यकर्ताओं को बेवजह गिरफ्तार व हाउस अरेस्ट नहीं करने। नोएडा मजदूर आंदोलन के संदर्भ में सरकार और श्रमिक संगठनों के बीच वार्ता होने और मजदूरों की जायज मांगों पर विचार करने की मांग शामिल है। ज्ञापन देने वालों में माकपा नेता कामरेड शराफत हुसैन, कामरेड अखलाक खां, मौहम्मद शहजाद, सद्दाम अंसारी, सलीम अंसारी व मौहम्मद शाहिद आदि शामिल रहें।

## एक नजर

### विकास कार्यों का निरीक्षण



**बिजनौर।** डीएम अधिकारी जसजीत कौर आज नगर पालिका परिषद बिजनौर कार्यालय का निरीक्षण तथा बिजनौर नगर निकाय अंतर्गत मलिन बस्तियों में कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। सर्वप्रथम जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा बिजनौर नगर कार्यालय का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद धात्री महिलाओं एवं निर्धन व्यक्तियों को विदुर ब्रांड की किट्स वितरीत की गई। उसके बाद उन्होंने नवाब का अहाता एवं ग्राम बकली क्षेत्र अंतर्गत मलिन बस्तियों में नगर पालिका परिषद द्वारा कराए गए विकास कार्यों के तहत सीसी रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसी रोड पर बिजली के खंबे और बिजली के तार लटके पाए जाने पर उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को खंबे सड़क के किनारे लगवाने तथा बिजली के लटके तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण में सभी आवास मानक के अनुरूप ठीक पाए गए। बकली स्थित स्कूल में चिकित्सा विभाग द्वारा कैंप के आयोजन का मुआयना करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और उनके स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया जाए।

### असद शहबाज ने किया स्कूल टॉप



**शेरकोट।** हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम को लेकर सुबह से ही बच्चों में रिजल्ट घोषित होने का बेसबरी से इंतजार कर थे। आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र असद शहबाज ने लगभग 88.16 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। वहीं द्वितीय स्थान पर प्रशांत कुमार कश्यप ने 87.05 प्रतिशत अंक किए जबकि तृतीय स्थान पर अब्दुल रहमान ने 85.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस बात का पता चलते ही उनके परिचित घर पहुंचे और उसे मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी। वहीं छात्राओं में जीनत परवीन ने 81.05 प्रतिशत प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर रुश्दा परवीन ने 81.16 प्रतिशत अंक किए। तृतीय स्थान पर अदीबा खानम 80.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उधर शेरकोट मुस्लिम फंड कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य नूर अफ्शा व लिपिक मनिश रस्तोगी ने बताया कि हाई स्कूल का रिजल्ट 98 प्रतिशत रहा व इंटर का 99.50 प्रतिशत रहा। विद्यालय में इंटर की टॉपर रिमशा ने 76.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। द्वितीय स्थान पर आरिफा इकरार 73.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्रा अलफिया नूर ने भी 73.66 अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर सारिया नाज ने 72.5 प्रतिशत अंक किए। उधर इंटर में प्रथम स्थान पर राफिया, दूसरे स्थान पर राफिया व नूर अफ्शा रही।

# 6 महीने में तीसरी बार रेलवे फाटक बंद

## बार-बार मरम्मत के नाम पर बंदी से बढ़ी मुश्किलें, 15 दिन से लोग बेहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के प्रमुख मार्गों में शामिल नहटौर रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से आमजन की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले छह महीनों में यह तीसरी बार है जब फाटक को मरम्मत कार्य के नाम पर लंबे समय के लिए बंद किया गया है। वर्तमान में पिछले करीब 15 दिनों से फाटक पूरी तरह बंद है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है।

रेलवे विभाग द्वारा फाटक बंद करने का कारण पटरी की मरम्मत बताया जा रहा है, लेकिन बार-बार और लंबे समय तक फाटक बंद रहने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इससे पहले भी नवंबर और मार्च महीने में फाटक 15 से 20 दिनों तक बंद रखा गया था, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

फाटक बंद होने का सबसे अधिक असर पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों पर पड़ रहा है। इसके अलावा तहसील, एसडीएम कार्यालय, सीओ कार्यालय और सरकारी अस्पताल जाने वाले लोगों को भी लंबा चक्कर लगाकर जैतरा या ओवरब्रिज के रास्ते से जाना पड़ रहा है। इससे जहां लोगों का समय बर्बाद हो रहा है, वहीं अतिरिक्त खर्च का बोझ भी बढ़ गया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं, लेकिन बार-बार फाटक बंद होने से उनकी दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। कई लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि रेलवे विभाग द्वारा निर्माण कार्य की अवधि और फाटक खोलने की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे लोगों में असमंजस और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।

नगरवासियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि या तो मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए या फिर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

बार-बार फाटक बंद होने की यह समस्या अब सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि लोगों के लिए रोजमर्रा की बड़ी परेशानी बनती जा रही है, जिसका समाधान कब होगा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

# पशुशाला में लगी आग, तीन पशुओं की जलकर मौत

## हल्का लेखपाल ने घटना की जानकारी ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** पशुशाला में अचानक लगी आग से तीन पशुओं की जलकर मौत हो गई। पशुओं का पोस्टमार्टम कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सादातपुर गढ़ी निवासी इदरीस पुत्र छोटे ने घर के पास ही पशु पालन के लिए पशुशाला बना रखी है। बीती देर शाम अचानक उसकी पशुशाला में आग लग गई। देखत ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग की चपेट में आकर पशुशाला में बंधी दो भैंस व एक कटिया की जलकर मौत हो गई।

सूचना पर सीओ नगीना राजेश सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र शर्मा, पशु चिकित्सक सहदेव सिंह, हल्का लेखपाल दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# उत्तम परीक्षाफल देखकर प्रसन्न हुए आरजेपी के छात्र

## राजन ने किया विद्यालय टॉप, अलीम रहे दूसरे स्थान पर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज का बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षाफल उत्तम रहा। विज्ञान वर्ग में 90% अंक प्राप्त कर राजन पुत्र प्रमोद कुमार प्रथम स्थान पर, 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अलीम लतीफ पुत्र लतीफ अहमद द्वितीय स्थान पर तथा जतिन कुमार पुत्र सुनील 85% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहे।

कला वर्ग में तनिष्क राजपूत ने 77.4% प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रितिक ने 75.6% प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा मयंक कुमार ने बेहतर 72.6% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में सौरभ पाल 85.3% प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, 84.4% अंक प्राप्त कर जुनैद ने विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं उदित कुमार ने 83% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृषि वर्ग में 100% रिजल्ट रहा। आर्यन राजपूत 83% अंक प्राप्त कर प्रथम, आर्यन चौधरी 82.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा शरद कुमार 73% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। प्रथम स्थान पर रोहित कुमार पुत्र गुड्डू ने 85.5% अंक प्राप्त किए। कृष्णा पुत्र मदनपाल ने 83% अंक प्राप्त करके दूसरे स्थान प्राप्त किया वहीं निखिल पुत्र श्री देव राज सिंह ने 81% अंक प्राप्त कर विद्यालय में 30 स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्रों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विद्यालय के प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा ने सभी को बधाई दी तथा प्रधानाचार्य ने भी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रिजल्ट घोषित होने के अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल, उप प्रधानाचार्य बालेश कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता सुभाष बाबू राजपूत, विनोद यादव, चंद्रहास सिंह, सत्य प्रकाश गंगवार, भूपेंद्र पाल सिंह, जय प्रकाश, विनीत कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, मौहम्मद अनस, नरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, विपिन कुमार, प्रधान लिपिक राजेंद्र कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड...** ग्राम होल्टा घनसाली, सेहतलाल 65 पुत्र गोपाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, लक्ष्मण सिंह 33 पुत्र मुरखिलिया निवासी ग्राम चांजी घनसाली की मौत हो गई जबकि एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। घायलों में अंकित 18 पुत्र आशालाल निवासी ग्राम ठेला व उत्तम कुमार 36 पुत्र पुशु निवासी ग्राम बडियारगढ़ घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल नई टिहरी में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घटनास्थल पर जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल, टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, एसएसपी श्वेता चौबे उपस्थित रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन द्वारा घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

**भगवान श्री...**

तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। मुख्यमंत्री ने देश विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में आस्था, परंपरा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और यादगार अनुभव बनेगा।

**लोक संस्कृति की झलक: जागरों पर झूम उठा बद्रीनाथ धाम**

कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।

# पीएम 29 को देंगे गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को अपनी सबसे बड़ी सड़क परियोजना की सौगात मिलने जा रही है। 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरदोई जिले में लोकार्पित किया जाएगा। यह राज्य का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है। खास बात यह है कि लोकार्पण के तुरंत बाद ही इस पर टोल टैक्स की वसूली शुरू हो जाएगी। सभी सुविधाएं पूरी तरह तैयार हैं और ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं।यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुदापुर डांडू गांव तक जाता है। यह गंगा नदी के किनारे-किनारे 12 जिलों, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली और प्रयागराज को जोड़ेगा। छह लेन आठ लेन तक विस्तार योग्य है। यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पीपीपी



(पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर विकसित किया गया है। लगभग 36 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। डिजाइन-बिल्ड- फाइनेंस- ऑपरेट-ट्रांसफर मोड में बनाए गए इस प्रोजेक्ट से यूपी की सड़क नेटवर्क हिस्सेदारी 60 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। यह यूपी का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे है, जहां उद्घाटन के साथ टोल प्लाजा सक्रिय हो जाएंगे। कार, जीप और वैन के लिए प्रति किलोमीटर 2.55 रुपये की दर से कुल लगभग 1,515 रुपये एक तरफ का टोल होगा।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स जैन फिलिंग स्टेशन, कालागढ़ रोड शेरकोट, जिला- बिजनौर (यू0पी0) पंजीकरण सं0 एम0बी0डी0-3938 में तीन पार्टनर श्री सुमत चन्द जैन, श्री सुरेश चन्द जैन एवं श्रीमती सुशीला जैन थे। पार्टनर श्रीमती सुशीला जैन की दिनांक 03.08.2025 को मृत्यु हो गयी थी जिनकी मृत्यु के उपरान्त दोनों पार्टनर श्री सुमत चन्द जैन एवं श्री सुरेश चन्द्र जैन ने दिनांक 18.08.2025 को साझीदारी विलेख निष्पादित कर कारोबार को जारी रखा गया। वर्तमान में दोनो साझीदार उक्त व्यापार को साझीदारी में चलाना नहीं चाहते हैं, जिस कारण दोनों साझीदारों ने आपसी सहमति से दिनांक 20.04.2026 को उक्त फर्म डिजोल्व कर दी है, तथा फर्म पर कोई देनदारी व लेनदारी बकाया नहीं है। **भवदीय-सुमत चन्द जैन व सुरेश चन्द जैन साझीदार मैसर्स जैन फिलिंग स्टेशन, कालागढ़ रोड शेरकोट, जिला बिजनौर (यू०पी०)।**


## विवाह किसी का शोषण करने का लाइसेंस नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग और वैवाहिक शोषण के एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पति की याचिका को न केवल खारिज कर दिया, बल्कि उस पर 15 लाख रुपये का हर्जाना भी लगाया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 18-DRM-MB-26-27 Date 22.04.2026 |
| कार्य का नाम | Repair to gate lodge, road surface, height gauge and other miscellaneous work related to standardization of LCs in the section of ADEN/HPU. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 19.05.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 79,97,870.75 |
| धरोहर राशि | 1,60,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 05.05.2026 |

टेन्डर नं.: Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक: 23.04.2026 1349/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सिपाही ने चाचा को गोली से उड़ाया

## जमीनी विवाद में दिनदहाड़े हत्या से फैली सनसनी






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जमीनी विवाद में आबकारी विभाग मेरठ में सिपाही के पद पर तैनात भतीजे ने अपने चाचा को गोली से उड़ा दिया। हत्याकांड से सनसनी फैल गई। आरोपी ने शहर कोतवाली पहुंच कर आत्म समर्पण कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली के ग्राम दीदा नंगला में जमीनी विवाद के चलते आज शाम लगभग चार बजे हत्याकांड हो गया। बताया जाता है कि ग्राम निवासी बुजुर्ग इशहाक पुत्र मंगलुद्दीन का अपने भतीजे शाने रजा पुत्र अली उर्फ बाबू से खेत में ट्यूबवैल लगाने को लेकर विवाद हो गया। हत्याकांड के संबंध में मृतक के पुत्र शानू के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि शाने रजा ने गुस्से में आ कर उसके पिता इशहाक को तमंचे से गोली मार दी। इशहाक को फौरन जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

बताया जाता है कि हत्यारोपी भतीजा शाने रजा मेरठ में आबक. ारी विभाग में सिपाही के पद पर तैनात है। घटना के बाद आरोपी ने स्वयं थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक इशहाक के चार भाई थे। जिनमें से दो का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में भाइयों और भतीजों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आज सुबह खेत पर ट्यूबवैल लगवाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो शाम करीब चार बजे मारपीट में बदल गई। इसी दौरान शाने राजा ने अपने चाचा इशहाक पर गोली चला दी। शाने रजा हत्या करने के लिए पूरी तैयारी से आया था। सूत्रों के मुताबिक वह लगातार हत्या करने की चेतावनी दे रहा था।

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक, सीओ सिटी संग्राम सिंह और थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दीदा नगला गांव में इशहाक को गोली लगने की सूचना मिली थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### एक नजर

## कर्मयोगी बनने का संदेश



**बिजनौर।** काकरान वाटिका में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीके उषा ने कर्मों की गूढ़ गति एवं श्रेष्ठ कर्म के आधार विषय पर सारगर्भित प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता हमें कर्मयोगी बनने का दिव्य संदेश देती है। गीता में कर्म, अकर्म और विकर्म तीनों के बारे में विस्तार से बताया गया है। उन्होंने समझाया कि मनुष्य को ऐसे श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए, जिससे उसका वर्तमान जीवन भी सुखद और सफल बने तथा आने वाला जन्म भी श्रेष्ठ हो। कार्यक्रम में अतुल अग्रवाल, वैध ठाकुर सोलंकी, डॉ. हितेश कुमार विश्नोई, रघुवीर विश्नोई आदि मौजूद थे।

## सपा कार्यालय पर जश्न



**बिजनौर।** हनी फैसल के जिला अध्यक्ष बनने पर सपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला कार्यालय पर मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हनी फैसल एक जुझारू, कर्मठ और जमीनी नेता हैं। जिन्होंने हमेशा आम जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। उनकी नियुक्ति से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। इस मौके पर प्रभा चौधरी, मदन लाल सैनी, बीके कश्यप, अखलाक पप्पू, सुहेल बाकर, सिराज जैदी, मुस्तकीम अहमद, दिलशाद अंसारी, प्रमोद प्रधान, देवानंद भूईयार, नवाब मंसूरी, नमन प्रधान, सरफराज अहमद, मानु, शुएब भूरा, संजय पाल, मौहम्मद आसिफ व अहमद खिजर खान आदि उपस्थित रहे।

## मदरसे में सम्मान समारोह




**राजा का ताजपुर।** मदरसा अनवारूल उलूम निसबा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बाबू अंसारी ने की। संच. ालन मुजाहिद फारूकी ने किया। समाजसेवी मास्टर असलम अंसारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डॉ. अनीस अहमद अंसारी, जिला पंचायत सदस्य इमरान, डॉ. सरफराज सिद्दीकी, निसार, नईम अहमद एड., समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार आदि वक्ताओं ने कहा कि इंसानियत व भाईचारा कायम रखें। एक दूसरे की मदद करने से इंसानियत को बढ़ावा मिलता है। वक्ताओं ने कहा कि मास्टर असलम अंसारी एक नेक दिल व मिलनसार व्यक्ति हैं। उन्होंने चालिस साल की नौकरी में गरीब व बेसहारा बच्चों को तालिम दिलाने का काम किया है। मास्टर असलम अंसारी ने कहा कि जो सम्मान उन्हें मिला है, उसके लिए सभी का एहसानमंद रहूंगा। हमेशा गरीबों, बेसहारों व कमजोरों की मदद करने का काम करुंगा। इस मौके पर मास्टर खालिद, राशिद फारुकी, शरीफ अहमद अंसारी, मरियम फारुकी, मास्टर इनाम सिद्दीकी, यामीन अंसारी, शमीम अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर का विरोध



**बिजनौर।** व्यापारियों ने विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर से होने वाले उत्पीड़न के संबंध में जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन दिया गया। उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया गया। व्यापारियों ने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारी निरंकुश हो गए है और परेशान उपभोक्ताओं की सुनवाई नहीं की जा रही है। इस मौके पर व्यापारी नेता मुनीश त्यागी, बीएस राजपूत, गुलाम साबिर, मानव सचदेवा, सचिन राजपूत, चिराग सेठी, ललित अग्रवाल, शमशेर आलम, डॉ. उस्मानी, अरविंदर पाल सिंह, एकांश माहेश्वरी, शमशाद गामा, इकबाल आदि मौजूद थे। व्यापारियों ने पोस्ट ऑफिस से जिलाधिकारी कार्यालय तक स्मार्ट मीटर के विरोध में जुलूस भी निकाला।

## गैस की कालाबाजारी खुलेआम

**कालागढ़।** इंडियन एजेंसी गैस एवं भारत गैस एजेंसी कल्लूवाला के कर्मचारी उपभोक्ताओं का शोषण कर रहे है। इनके द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान व गुमरा कर गैस की कालाबाजारी की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने ऑन लाइन गैस बुक कराई थी। लेकिन जब वह गोदाम पर सिलेंडर लेने पहुंचे, तो वहां पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि अभी आपको गैस नहीं मिलेगी और आपका होल्ड लगा है। उपभोक्ता ने मोबाइल में बुकिंग नम्बर एवं बिल दिखाया। कर्मचारी भड़क गया और गैस देने से इंकार कर दिया। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस एजेंसी में बैठा प्राइवेट कर्मचारी कालाबाजारी कर रहा है। भारत गैस एजेंसी नरेनावाला कल्लू वाला में पटवारी की पत्नी के नाम पर चल रही है। यहां पर भी गैस की कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही हैं।

### एक नजर

## जुबैर अंसारी बने टॉपर



**झालू।** स्वामी सच्चिदानंद स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुर में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। मौहम्मद जुबैर अंसारी पुत्र अब्दुल कलाम अंसारी, निवासी खारी ने विशेष सफलता हासिल करते हुए 600 में से 540 अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने छात्र की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अन्य छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भी सराहना की गई।

## महात्मा गांधी का रिजल्ट शानदार

**मंडावर।** यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में इंटर का परिणाम 94 प्रतिशत व हाईस्कूल का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। इंटर की परीक्षा में तनु ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। आयशा ने 76 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान व गुलनाज ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में वंशिका ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाजिया ने दूसरा व अदीबा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक मनोज भारद्वाज, प्रधानाचार्य डॉ. मोहित शर्मा आदि ने विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम की सराहना की। इस मौके पर डॉ. राजीव अग्रवाल, राजीव कश्यप, महताब अहमद, दीपक कुमार, संकुल त्यागी, पुनीत अग्रवाल, संजय सेन, विपिन कुमार, अंशुल कुमार, निकुल कुमार, त्रिलोक चंद, पवन कुमार, राजेंद्र, सर्वेन्द्र, रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाइक और स्कूटी की टक्कर, तीन घायल





**अफजलगढ़।** ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी रेहान पुत्र बुंदू बाइक से धामपुर की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। स्कूटी पर मौहल्ला मिलकियान, जामा मस्जिद, थाना स्योहारा निवासी मौहम्मद यूसुफ और मौहम्मद यासीन सवार थे, जो ठेके पर लिए अपने बाग की रखवाली करने जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ पहुंचाया। डा. मोहित ने मौहम्मद यूसुफ और रेहान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अंधेरे में डूबा थाना हीमपुर दीपा



**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना उस समय अंधेरे में डूब गया जब न तो लाइट ही आई और न ही थाने में रखें बैटरे ने साथ दिया। वहीं सौर ऊर्जा पैनल भी शो पीस बनकर रह गए। जिसके चलते थाना अंधियारे में डूब गया। बाहर सड़क से खड़े होकर देखने पर किसी भी तरह यह महसूस नहीं हो रहा था कि आसपास में कहीं थाना भी मौजूद है। कोई पीड़ित, जो कभी हीमपुर दीपा थाने ही न आया हो अथवा किसी बाहरी थाना क्षेत्र का पीड़ित थाने आता, तो यकिन मानिए उसे थाना ढूंढने में ही अगला दिन निकल जाता। आलाधिकारियों को इस तरफ ध्यान देते हुए थाने के बैटरे यदि खराब है, तो उन्हें बदलवना चाहिए ताकि पीड़ित रात में आसनी से थाने को ढूंढ सके।

# 12वीं में असफल छात्र ओवरब्रिज से कूदा

### प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जहां अधिकांश विद्यार्थी अपनी सफलता का जश्न मना रहे थे, वहीं एक छात्र द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। परीक्षा में असफलता से आहत एक छात्र ने धामपुर पहुंचकर रेलवे ओवरब्रिज से पटरियों के बीच छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना आज दोपहर बाद की बताई जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शेरकोट के मौहल्ला शेखान निवासी अनिल कुमार शर्मा, जो होमगार्ड पद से सेवानिवृत्त हैं, उनका इकलौता पुत्र देवांश शर्मा शेरकोट के डीएवी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट का छात्र है। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ और देवांश को अपने असफल होने की जानकारी मिली, वह गहरे मानसिक आघात में चला गया।

बताया जाता है कि निराशा और हताशा के बीच वह घर से निकल कर सीधे धामपुर पहुंचा और रेलवे ओवरब्रिज से पटरियों के बीच छलांग लगा दी। इस घटना को आसपास मौजूद झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों ने देखा और तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को पटरियों के किनारे सुरक्षित स्थान पर लिटाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त रेलवे ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं आ रही थी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। यदि उसी समय ट्रेन गुजर रही होती, तो स्थिति और भयावह हो सकती थी।

स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन तत्काल अस्पताल के लिए रवाना हो गए।

# एमएम कॉलेज के सुपरस्टार्स का तहलका

## यूपी बोर्ड में गाड़े कामयाबी के झंडे, मुनीर ने जिले में लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** यूपी बोर्ड 2026 के परीक्षा परिणामों की घोषणा होते ही नगीना का एमएम इंटर कॉलेज खुशियों से सराबोर हो गया है।

कॉलेज का परीक्षा परिणाम इतना शानदार रहा कि विद्यार्थी ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूम उठे और पूरे इलाके में मिठाइयां बांटी गई। इस साल हाई स्कूल की परीक्षा में कॉलेज के कुल 533 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 467 ने सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का कुल पास प्रतिशत 87.61% रहा। मुनीर अहमद अंसारी पुत्र नसीम अहमद अंसारी ने 92.33% जैसे भारी-भरकम अंकों के साथ न सिर्फ कॉलेज में पहला स्थान पाया, बल्कि जनपद में पांचवां स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन कर दिया। मौहम्मद जरीफ पुत्र जमीर अहमद ने 80.50% अंकों के साथ लड़कों में दूसरा स्थान हासिल किया। अनमोल कुमार पुत्र संदीप ने 76.66% अंक पाकर तीसरा मुकाम हासिल किया।

लड़कियों ने भी इस बार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कुमारी इशिका रानी पुत्री अशोक कुमार ने 83.16% अंकों के साथ छात्राओं में पहला स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। कुमारी जिया पुत्री लीलपत रवि 82.33% अंक लेकर दूसरे नंबर पर रहीं। अंशु रानी पुत्री सुनील कुमार ने 82% अंक हासिल कर तीसरा स्थान झटका।

इंटरमीडिएट का परिणाम तो और भी ज्यादा विस्फोटक रहा। कॉलेज के 598 विद्यार्थियों में से 537 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की। कॉलेज का धमाकेदार रिजल्ट 90% रहा, जिसे देखकर हर कोई दंग है। छात्राओं में कुमारी अफजा परवीन पुत्री खालिद अली ने 80.40% अंकों के साथ पहला स्थान हासिल कर सबको चौंका दिया। कुमारी आयशा शम्सी पुत्री मौहम्मद इमरान 79.40% अंकों के साथ दूसरे पायदान पर रहीं। कुमारी मंताशा पुत्री हसनैन अहमद ने 78.8% अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया। छात्रों में कार्तिक पुत्र लेखराज सिंह ने 78.6% अंकों के साथ पहला स्थान पाया। मौहम्मद अशहद पुत्र लईक अहमद 74.6% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हुए। मौहम्मद समीर पुत्र मौहम्मद सलीम ने 73.60% अंक लाकर तीसरा स्थान अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक और रिकॉर्डतोड़ सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर और कॉलेज प्रबंधक शाहनवाज खलील ने खुशी जाहिर की।

# चेयरमैन खुर्शीद ने बांटी सिलाई मशीनें

### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मजबूत पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की ओर से गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 50 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया।

आज इस कार्यक्रम का आयोजन साहनपुर में किया गया। रिटायर्ड जज आदिल अहमद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की निजामत मुफ्ती औसामा ने की। गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की इस सराहनीय पहल की खुले दिल से प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं और इन्हें निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। सिलाई मशीन मिलने से जरूरतमंद महिलाओं को घर बैठे रोजगार का साधन मिलेगा, जिससे वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकेंगी। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि नगर पंचायत आगे भी गरीब वर्ग के उत्थान और महिला सशक्तिकरण के लिए इसी तरह की योजनाएं चलाती रहेगी।

इस मौके पर सरफराज अंसारी, डॉ. इस्लाम, शेख शमीम, शेख नदीम, नौशाद सरवरी, जाफर, नदीम सलमानी, एड. आकिब, नवाब, लईक, अवेस मंसूरी, तसलीम अहमद, जाकिर शेख, रागिब मिर्जा, अमिल, मुजफ्फर हुसैन, मुस्तकीम, सय्यद इरशाद, अजमल, कासिम, आदिल अब्बासी, सरफराज मंसूरी, डॉ. इकबाल, फहीम अहमद, फुरकान, भूरा सहित क्षेत्र के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर



### सपा जिला अध्यक्ष का स्वागत 27 को

**बिजनौर।** सपा के पूर्व जिला प्रवक्ता अहमद खिजर खान ने बताया कि नव नियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल के सम्मान में 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे स्वागत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से इसमें पहुंचने का आह्वान किया है।

### नजीबाबाद में लगी आग

**नजीबाबाद।** हर्षबाड़ा रोड पर खाली पड़े प्लॉट की झाड़ियों में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते कार्रवाई से आसपास के घर जलने से बच गए। शुभा माहेश्वरी ने इस संबंध में फायर स्टेशन को सूचना दी थी।

### नगीना में नजाकत का चालान

**बिजनौर।** नगीना के ग्राम बिंजाहेड़ी में अपनी आशिक मिजाज पुत्री का गला घौंट कर उसे मौत की नींद सुलाने वाले नजाकत पुत्र जमीर अहमद का पुलिस ने आज चालान कर दिया। इस हत्याकांड में मृतका के मामू मतलूब पुत्र शहीद निवासी आशियाना कॉलोनी, नगीना के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

### पीएम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि

**कासमपुर गढ़ी।** आम के बाग में एक पेड़ से फांसी के फंदे पर लटकी मिली बंटी पाल की लाश की पीएम रिपोर्ट के मुताबिक बंटी पाल ने आत्महत्या की है, हैंगिंग से दम घुटने पर उसकी मौत हुई है। पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल के किए गए निरीक्षण में वहां से जुटाए गए साक्ष्य एवं बंटी पाल के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक उसके द्वारा आत्महत्या किए जाने की यह जानकारी थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने दी। पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम की जांच पड़ताल एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर हुई आत्महत्या की इस पुष्टि के बाद अब यह बड़ा सवाल गांववालों की जुबान पर है कि आखिर 20-22 वर्षीय नवयुवक बंटी पाल ने आत्महत्या क्यों की होगी।

### कोबरा दिखाई देने से हंड़कंप

**नहटौर।** झालू चौराहे के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां एक कोबरा सर्प देखा गया। सूचना मिलते ही सर्प मित्र बी. भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद सर्प को सुरक्षित रेस्क्यू किया। यह घटना आज शाम करीब सात बजे की है। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद, सर्प को आबादी वाले क्षेत्र से दूर एक सुरक्षित प्राकृतिक स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया गया।

### युवक की हत्या का आरोप

**कालागढ़।** नई कालोनी के आवास संख्या एसबी 70 में राकेश 27 वर्ष पुत्र बुधलाल रहता था। वह अकेला ही रहता था। बुधवार को उसके आवास से बदबू आने पर पुलिस ने आकर कमरे से उसका सड़ता हुआ शव बरामद किया, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस मामले में गांव फैजपुर थाना नहटौर की निवासी मृतक की बहन मोनिका ने तहरीर में दो महिलाओं व दो युवकों पर उसके भाई को शराब पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जांच कर रहे पुलिस अधिकारी एसके ममगाई का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# धामपुर में इंटर रिजल्ट की धूम

## सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र अक्षित चौहान का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र के विद्यालयों में खुशी का माहौल छा गया। विद्यार्थियों ने जैसे ही अपना परिणाम देखा, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कई विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस वर्ष धामपुर के सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र अक्षित चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है।

इसी क्रम में लाल केदारनाथ इंटर कॉलेज की छात्रा आकृति सिंह ने 91.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं आरएमएम इंटर कॉलेज के छात्र





विनायक कुमार ने 90.80 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सरस्वती विद्या मंदिर के ही छात्र श्रीयांक ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान पाया। आकाश कुमार ने 89.40 प्रतिशत अंक के साथ छठा और प्रिंस राजपूत ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राधा इंटर कॉलेज के छात्र हिमांशु कुमार ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, गौतम कुमार ने 82.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और अंशिका ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मां शांति बाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जैतरा के छात्र राजवर्धन ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पलक और प्रज्ञा चौहान ने 72.6 प्रतिशत तथा सीफान ने 71.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों और शिक्षकों को दिया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन और नियमित अध्ययन का परिणाम है। धामपुर के विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन का कार्यकाल रहा साफ-सुथरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भले ही अब शेख जाकिर हुसैन सपा के जिला अध्यक्ष नहीं रहे है, लेकिन उनके कार्यकाल को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक याद कर रहे हैं। उनका दामन न तो दागदार रहा और न ही उन्होंने पार्टी की लाइन से हट कर कोई काम किया। अलबत्ता वह नूरपुर के भाजपाईयों की साजिश का शिकार जरूर हो गए।

गौरतलब है कि जब शेख जाकिर हुसैन सपा के जिला अध्यक्ष बनाए गए थे, तब हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स ने प्रमुखता के साथ यह समाचार प्रकाशित किया था कि उन्होंने कांटों का ताज पहन लिया है। लेकिन शेख जाकिर हुसैन के कार्यकाल की सबसे जानदार व शानदार बात यह रही कि कांटों का ताज पहनने के बावजूद उन्होंने अपने दामन पर कोई दाग नहीं आने दिया। विपक्ष में रहने के दौरान सपा का जिला अध्यक्ष बन कर उन्होंने यह दिखा दिया कि संगठन किस तरह से चलाया जाता है। उन्होंने अपने सफल कार्यकाल में पार्टी के निर्देश पर सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में पार्टी में गुटबाजी होने के बावजूद इसे खत्म करने का काम किया। वह न तो किसी नेता के दबाव में आए और न ही किसी भी जनप्रतिनिधि को उन्होंने इस बात का अहसास नहीं होने दिया कि पूरे जनपद में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। वह बड़े नेताओं से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं को भी पूरा मान-सम्मान देते थे। उन्होंने संगठन के माध्यम से सभी को साथ लेकर चलने का हर संभव प्रयास किया। सिर्फ गुटबाज व हवाई नेता ही उनके कार्यकाल में खुद को असहज महसूस करते थे। विपक्ष में रहते हुए संगठन को



चलाना काफी मुश्किल होता है। लेकिन अपने कुशल नेतृत्व की बदौलत शेख जाकिर हुसैन ने साबित कर दिया कि संगठन किस तरह से चलाया जाता है। न तो उनके द्वारा किसी से चंदा लिया गया और न ही कभी किसी नेता से डिमांड की गई। उन्होंने घर फूंक कर तमाशा देखने वाली कहावत पर अमल किया। उनके ऊपर आरोप लगाने की कोशिश करने वालों को भी कोई मुद्दा नहीं मिला। इसी लिए वह परेशान रहे। उनके कार्यकाल को पार्टी के नेता व कार्यकर्ता याद कर रहे हैं।

### संगठन चलाने के लिए नहीं लिया चंदा, गुटबाजी की खत्म

दूसरी तरफ सबसे खास बात यह है कि शेख जाकिर हुसैन मजलूमों का साथ देने की वजह से नूरपुर क्षेत्र के भाजपाईयों व कट्टरपंथियों की साजिश का शिकार हो गए। सपा जिला अध्यक्ष रहते हुए शेख जाकिर हुसैन जिस तरह से काम कर रहे थे, उससे विपक्षी पार्टियों के नेता परेशान थे और वह लगातार साजिश रच रहे थे।

## दस दिवसीय टीकाकरण अभियान शुरू

**कासमपुर गढ़ी।** स्कूली बच्चों को टिटनेस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दस दिवसीय विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान बीस अप्रैल से तीस अप्रैल तक पूरे रेहड़ ब्लॉक में चलाया जाएगा। कासमपुर गढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डा. सर्वेश निराला ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत पाँच वर्ष, दस वर्ष और सोलहा वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों को टोडो टिटनेस, डिप्थीरिया का टीका लगाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन सोमवार को रेहड़ कस्बे के एसडीएम इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर और प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 में विशेष कैंप लगाकर 150 से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया गया। अभियान कर उद्देश्य डा. निराला ने बताया कि टिटनेस और डिप्थीरिया दोनों ही जानलेवा बीमारियां हैं। समय पर टीका लगवाने से बच्चों में इन बीमारियों के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है। इसी उद्देश्य से स्कूल-कॉलेजों को केंद्र बनाकर यह अभियान चलाया जा रहा है।

# कोतवाली देहात में खुलेआम बिक रही दूषित खाद्य सामग्री

### खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी नहीं मार रहे छापा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली देहात में खुलेआम दूषित खाद्य सामग्री डंके की चोट पर बेची जा रही है। लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी यहां पर छापे मार कर न तो सैंपल ले रहे है और न ही इस तरह का गंदा काम करने वाले दुकानदारों पर सख्ती कर रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार कोतवाली देहात में ओवर ब्रिज का निर्माण चल रहा है। यहां पर चारों तरफ धूल उड़ती रहती है। चौराहे पर एवं नजीबाबाद मार्ग पर खाद्य सामग्रियों की कई दुकानें हैं। साथ ही दर्जनों होटल हैं। ठेलों पर भी खाद्य सामग्री बेची जाती है। लेकिन सभी खाद्य सामग्री खुले में रखी रहती है। इन पर धूल की परत चढ़ जाती है। साथ ही मक्खियां व अन्य कीट इन पर बैठते हैं। दुकानदारों के द्वारा खाद्य सामग्रियों को धूल व मक्खियों से बचाने के लिए कोई भी इंतेजाम नहीं किया गया है। जिसकी वजह से खाद्य सामग्री दूषित हो रही है। यहां पर मिलावटी खाद्य सामग्रियां भी बेची जा रही हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने एजेंट छोड़ रखे हैं, जो इन दुक.ानदारों व होटल संचालकों से उगाही करते हैं। जिसकी वजह से यहां पर छापे नहीं मारे जाते है और न ही सैंपल लिए जाते है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जिला प्रशासन भी कोई कार्यवाही नहीं करता है। जिला स्तर के अधिकारी व नगीना के एसडीएम भी यहां पर छापे नहीं मार रहे हैं। जबकि अधिकारी यहां से गुजरते हैं। यहां पर भैंस का मांस भी बासी व बदबूदार बेचा जा रहा है।

मांस की दुकानों पर न तो फ्रीज चलता है और न ही मांस को ढक कर रखा जाता है। भीषण गर्मी के मौसम में इस तरह की खाद्य सामग्रियों व मांस को खा कर कोई भी बीमार हो सकता है।

# सपा विधायक मनोज पारस हाउस अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर छगा में 16 अप्रैल को हुई हिंसा और बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीड़ितों से मिलने जा रहे नगीना विधायक और पूर्व मंत्री मनोज पारस को पुलिस प्रशासन ने उनके आवास पर ही नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार 16 अप्रैल की रात करीब 11 बजे ग्राम नारायनपुर छगा में कथित तौर पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। आरोप है कि विरोध करने पर वहां के जाटव समाज के लोगों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिसमें कई लोग घायल हुए थे।



घटना की जांच और घायलों का हाल जानने के लिए सपा ने 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया था, जिसे आज गांव पहुंचना था। इस दल में मुरादाबाद जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विधायक कमाल अख्तर, नवाब जान और मनोज पारस सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। हालांकि, प्रशासन ने शांति व्यवस्था का हवाला देते हुए विधायक मनोज पारस को निकलने से रोक दिया और उन्हें घर पर ही नजरबंद कर दिया।

समाजवादी पार्टी विधायक मनोज पारस को हाउस अरेस्ट किए जाने पर विधायक ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि दलित समाज की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वो दलित समाज के हक और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ते रहेंगे और इस उत्पीड़न के खिलाफ सड़क से सदन तक आवाज उठाई जाएगी।

## एक नजर

### 42 करोड़ का बजट पास



**किरतपुर।** नगर पालिका बोर्ड बैठक में वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट 42 करोड़ 75 लाख 5 हजार रुपए प्रस्तुत किया गया। जिसे सभी सभासदों ने करतल ध्वनि के साथ सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने की। संचालन बड़े बाबू हसन मुस्तफा ने किया। बैठक में अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता भी मौजूद रहीं। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें नारी शक्ति वंदना योजना (वर्ष 2026-27) के अंतर्गत ठेकों की नीलामी की स्वीकृति, नगर के सभी नालों की तली झाड़ व सफाई कार्य की मंजूरी तथा नगर में स्थापित वॉटर कूलरों की मरम्मत आउटसोर्स माध्यम से कराए जाने का प्रस्ताव शामिल रहा। इसके अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों के वर्तमान ठेके पर विचार, पालिका ठेकेदारों के नवीनीकरण व पंजीकरण, इंडिया मार्का हैंडपंपों के रिबोर कार्य की स्वीकृति, किरतपुर-मंडावर तिराहे पर भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू करने का प्रस्ताव, तथा सफाई एवं विद्युत विभाग की सामग्री आपूर्ति के लिए दरों की स्वीकृति जैसे प्रस्ताव भी पास किए गए। बैठक में सभी सभासद उपस्थित रहे।

### सिद्धांत का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हल्दौर।** नांगल जट क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज के छात्र सिद्धांत कुमार ने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने जनपद में चौथा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। सिद्धांत की सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ पूरे इलाके में उत्साह का माहौल है। ग्राम चांदा नंगली निवासी उनके पिता जगत सिंह एक पेपर मिल में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सिद्धांत ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल रहा, जहां शिक्षकों और साथियों ने उन्हें बधाई दी। वहीं, उनके घर पर भी शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। सिद्धांत ने अपनी सफलता का श्रेय माता कुसुम देवी, पिता जगत सिंह और अपने गुरुजनों को दिया है। उनका कहना है कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें यह सफलता दिलाई।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र राहुल कुमार को बुरी संगत में पड़ जाने, मेरा कहना न मानने व परिवार में हर समय झगड़ा फसाद करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन व मुकदमेबाजी का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सौ सिंह पुत्र राम सिंह, निवासी ग्राम मेदपुरा सुल्तान, तहसील नगीना, जनपद बिजनौर।**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्रवधू सरोज पत्नी स्व. कामेन्द्र ने अपनी मर्जी से गुड्डू पुत्र रेती निवासी मानवाला से शादी कर ली है। मेरे स्व. पुत्र के नाम कोई सम्पत्ति नहीं है। मेरी पुत्रवधू के शादी के उपरान्त व मेरे घर से चले जाने के कारण मेरा उससे कोई मतलब वास्ता नहीं है। न ही मेरी चल-अचल सम्पत्ति में उसका कोई लेना-देना है। मैं अपनी सम्पत्ति से पुत्रवधू सरोज व उसके तीनों बच्चों को बेदखल करता हूं। अगर मेरी किसी जमीन पर कोई अर्जी फर्जी बैनामा करती है, तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **विनोद कुमार पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम रामजीवाला, थाना मंडावर, जिला बिजनौर।**

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेस लि. के यहां विकास कुमार पुत्र अरूण कुमार ने अपने भवन निर्मित 346.44 वर्ग मी. स्थित खसरा नम्बर 352 ग्राम शुजातपुर टीकर, तहसील चान्दपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। उक्त मकान को विकास कुमार के पिता अरूण कुमार पुत्र तेजपाल ने दान किया था। जिस किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक व अन्य किसी वित्तीय संस्था को आपत्ति हो, तो सात दिन के भीतर निम्न पता व सम्पर्क सूत्र पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के यहां शादिक पुत्र तौफीक, निवासी उमरी बढ़ी, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर ने अपने भवन निर्मित 90.11 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 132/1 ग्राम उमरी बढ़ी, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। उक्त मकान को तौफीक पुत्र बल्लन ने शादिक पुत्र तौफीक को दान किया था। उक्त के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक उत्तराधिकारी, वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

## आवश्यकता है

प्राचार्य, प्रवक्ता

विषय- हिंदी, भूगोल, एम.एस.सी गणित, एम.कॉम

योग्यता व वेतन-यूजीसी नियमानुसार।

**-: संपर्क करें :-**

डी.वी.एम महाविद्यालय एंड टेक्निकल कॉलेज, हकीकतपुर सहसू, नगीना 9319072999

# कोर्स बदलने का मुद्दा उठाया

### स्कूलों में हो रहा शोषण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्कूलों में विद्यार्थियों व अभिभावकों के हो रहे शोषण के मुद्दे को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने जोरशोर से उठाया है। गंभीर बात यह है कि प्रशासन इस तरह के मामलों में कार्यवाही करने का सिर्फ झूठा आश्वासन देता है।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें निजी स्कूलों द्वारा हर साल कोर्स बदलने के मुद्दे को उठाया गया। प्रतिवर्ष एडमिशन व बिल्डिंग फीस वसूले जाने पर रोक लगाने की भी मांग



की गई। साथ ही डग्गामार बसों को बंद करके मानक के अनुसार गाड़ी चलाने की भी मांग की गई। किसानों को लगातार दस घंटे बिजली बिना ट्रिपिंग के दिलवाने एवं स्मार्ट मीटरों को बंद करवाने की मांग की गई। जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही निजी स्कूल संचालकों को लिखित में आदेश जारी किए जाएंगे और टीमें बना कर छापेमारी की जाएगी। यदि किसी स्कूल संचालक ने पांच साल से पहले सिलेबस बदला होगा या कोई अन्य अनियमित्ता पकड़ी जाएगी, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रदेश महासचिव कैलाश सिंह लांबा, जिलाध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू, जिला प्रभारी राजपाल भगत, मंडल महासचिव वेद प्रकाश, युवा जिला अध्यक्ष गोविंद कुमार, राजीव कुमार, उदित कुमार, बिट्टू, नरेश लांबा, जोगिंदर सिंह, आनंद कुमार, सुशील कुमार, राकेश कुमार, सुजान कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र फुरकान अहमद को उसके गलत आचरण व व्यवहार से तंग आकर व दुखी होकर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके उससे पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त कर दिया है। फुरकान अहमद के किसी भी क्रिया कलाप से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**हाशमी पत्नी चन्दा निवासी ग्राम कमरूद्दीन नगर, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र जैनुल आबदीन गलत संगत में पड़ गया है। हर समय जुआ खेलता रहता है। शराब पीकर मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच व मारपीट करता रहता है। समझाने के बाद भी वह नहीं मानता। मैंने उसकी आएदिन की इन्हीं हरकतों से तंग व परेशान होकर उससे अपने सभी रिश्ते नाते समाप्त कर अपने सभी अधिकारों से उसे बेदखल कर दिया है। अब उसका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई भी रिश्ता नाता नहीं रहा है। अपने किसी भी कृत्य व लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **शकील अहमद पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ग्राम हीमपुर बुजुर्ग, थाना व तहसील चांदपुर, जनपद बिजनौर।**

# युवक की हत्या का खुलासा

## रामगंगा पुल के पास की गई थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** युवक की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का शव और बाइक भी बरामद कर ली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बेरखेड़ा टांडा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह ने अपने पुत्र मनोज कुमार उर्फ मोनू के 17 अप्रैल को अचानक लापता होने की सूचना थाने में दी थी। दो दिन बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए अपहरण का मुकदमा भी दर्ज किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई जबकि हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने मामले की गंभीरता से छानबीन करते हुए लगातार जांच आगे बढ़ाई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसमें मनोज को दो युवकों के साथ जाते हुए देखा गया। शिनाख्त के बाद दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरो. पियों ने अपना नाम अनुज कुमार पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम शरीफपुर, थाना स्योहारा तथा नितिन कुमार पुत्र नन्हे सिंह निवासी ग्राम कादराबाद खुर्द, थाना स्योहारा बताया। उन्होंने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन वे मनोज कुमार को अपनी बाइक पर बैठाकर स्योहारा बाजार लाए थे। जहां उससे कुछ सामान भी खरीदवाया गया। इसके बाद तीनों युवक बाइक से रामगंगा पुल की तरफ चले गए। रास्ते में उनमें विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने मनोज के साथ मारपीट की और गला काटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव तथा बाइक को जंगल में छिपा दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल से मनोज कुमार का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचना तंत्र और लगातार पुलिस कार्रवाई के चलते घटना का खुलासा संभव हो सका। घटना के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक यादव शर्मा, हेड कांस्टेबल मनोज, हेड कांस्टेबल सरित, कांस्टेबल नवीन जोशी, कांस्टेबल हेमंत तथा कांस्टेबल विपिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के खुलासे के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

# पांच साल बाद घरों में जली रोशनी

## धामपुर के एक मौहल्ले की बदली तस्वीर, चेयरमैन की पहल से पहुंची बिजली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर का एक ऐसा मौहल्ला सामने आया है, जहां आजादी के 75 साल बाद भी लोग बुनियादी सुविधा, बिजली से वंचित थे। पिछले पांच साल से यहां परिवार अपने पक्के मकानों में रह तो रहे थे, लेकिन उनके घरों में अंधेरा ही उनका साथी था।

रात होते ही यह मोहल्ला पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता था। लोग सोलर पैनल, बैटरी और अन्य अस्थायी साधनों के सहारे किसी तरह अपनी जिंदगी काट रहे थे। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, वहीं महिलाओं और बुजुर्गों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार अपनी समस्या संबंधित विभागों तक पहुंचाई, लेकिन वर्षों तक कोई समाधान नहीं हुआ। आखिरकार जब मौहल्ले के लोग अपनी समस्या लेकर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी के पास पहुंचे, तो वे खुद इस स्थिति को जानकर हैरान रह गए। उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि नगर क्षेत्र में आज भी ऐसा कोई मौहल्ला हो सकता है, जहां बिजली की सुविधा तक उपलब्ध न हो।

इसके बाद अध्यक्ष रवि चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। उन्होंने पालिका टीम के साथ-साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और पूरी स्थिति का जायजा लिया। अपने स्तर पर एस्टीमेट तैयार कराकर खंभे और बिजली लाइन बिछाने का काम शुरू कराया गया।

कुछ ही समय में मौहल्ले की तस्वीर बदल गई। जहां कभी अंधेरा था, वहां अब हर घर में रोशनी जगमगाने लगी है। बिजली आने के बाद लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही है। बच्चों की पढ़ाई अब बेहतर तरीके से हो पा रही है और लोगों की दिनचर्या में भी बड़ा बदलाव आया है।

मौहल्ले के निवासियों ने इस पहल के लिए पालिका अध्यक्ष का आभार जताया और कहा कि यह उनके जीवन में एक नई शुरुआत जैसा है।

यह कहानी सिर्फ बिजली आने की नहीं, बल्कि उस उम्मीद की है जो सालों के अंधेरे के बाद आखिरकार रोशनी बनकर लोगों के जीवन में उतरी है।

# चैकिंग के नाम पर उत्पीड़न की गूंज पहुंची लखनऊ



नीमा ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** आयुष महिला चिकित्सक के साथ नोडल अधिकारी सहित अन्य कर्मियों द्वारा रात के वक्त चैंकिग के नाम पर उत्पीड़न की गूंज लखनऊ तक पहुंच गई है। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जांच के नाम पर उत्पीड़न बंद करने की मांग की है।

गौरतलब है कि 15 अप्रैल को नगर की मौहल्ला फतेहनगर निवासी डा. सना खान के अस्पताल पर नोडल अधिकारी के साथ आए अन्य लोगों द्वारा चैकिंग के नाम पर अभद्र व्यवहार करने के मामले को लेकर नीमा के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि आयुर्वेद और यूनानी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां देश की प्राचीन विरासत का हिस्सा हैं और आज भी बड़ी संख्या में लोग इन पर भरोसा करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें भी आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं। ऐसे में इन पद्धतियों से जुड़े चिकित्सकों के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न न केवल अनुचित है, बल्कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। संगठन ने बताया कि पूर्व में आयुष चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन और उनके क्लीनिकों का निरीक्षण संबंधित आयुष विभाग, जैसे आयुर्वेद और यूनानी के जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से ही किया जाता था। यह व्यवस्था व्यवस्थित और पारदर्शी मानी जाती थी। लेकिन वर्तमान में कई जनपदों में सीएमओ कार्यालय द्वारा आयुष चिकित्सकों को जबरन रजिस्ट्रेशन कराने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे भ्रम और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है। नीमा ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर अधिकारियों या उनके अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की घटनाएं सामने आई हैं। संगठन का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाइयों से चिकित्सकों की गरिमा को ठेस पहुंचती है और उनके कार्य में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न होती हैं। नीमा ने सरकार से मांग की है कि आयुष चिकित्सकों से संबंधित सभी प्रशासनिक कार्य, जैसे रजिस्ट्रेशन और क्लीनिक निरीक्षण, केवल संबंधित आयुष विभाग के अधिकारियों द्वारा ही किए जाएं। इससे न केवल व्यवस्था स्पष्ट होगी, बल्कि अनावश्यक हस्तक्षेप और विवाद की स्थिति भी समाप्त होगी। इसके अलावा संगठन ने यह भी सुझाव दिया है कि चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन हर वर्ष कराने की बजाय पहले की तरह पांच वर्ष में एक बार किया जाए, ताकि चिकित्सकों पर अनावश्यक प्रशासनिक बोझ न पड़े।

संगठन ने अपने ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया है कि वह सरकार के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए पूरी तरह तैयार है और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में सहयोग देना चाहता है। नीमा लखनऊ ने उम्मीद जताई है कि प्रदेश सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ठोस और सकारात्मक निर्णय करेगी, जिससे आयुष चिकित्सकों को राहत मिल सके और वे बिना किसी दबाव के अपने मरीजों की सेवा जारी रख सकें।

# विवेक में पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर एक प्रेरणादायक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह रखा गया, जो पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत एवं सामूहिक जिम्मेदारी को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके गुप्ता, कुलसचिव डा. हितेश शर्मा, डीन साइंस डा. संजय कुमार त्यागी सर्वेश कुमार शीतल एवं डा. मीना चौधारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। बी.एस.सी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन, कविता वाचन और क्विज प्रतियोगिताओं में भाग लिया और ग्लोवल वारमिंग, फोल मेंल्टिंग, ग्रीन हाउस गैस, अम्ल वर्शा आदि विषयों को प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट विभाग में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें मुख्य वक्ता डा.आकांशा राणा, असि. प्रो. स्कूल ऑफ पैरामेडिकल, फिजियोथैरेपी विभाग ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अपने संबोधान में उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं जैसे ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, प्रदूषण और जैव विविधाता के क्षरण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे कदम जैसे पानी की बचत, बिजली का कम उपयोग, प्लास्टिक का त्याग और अधिाक से अधिाक पेड़ लगाना, बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी इस बदलाव की सबसे बड़ी शक्ति है।

इस मौके पर पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीबीए, बी.कॉम एवं एमबीए के विद्यार्थी शिवम कुमार, इशान खान, जान्हवी, रिया, वरूण त्यागी, आकृति, इशान खान, खुशी, विभूति भटनागर, एलिनो थॉमस, आद्रिका खन्ना, महक परवीन, अनुष्का सिंह आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने 'जल संरक्षण', 'प्लास्टिक मुक्त भारत', 'जलवायु परिवर्तन', 'नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत', 'हरित जीवनशैली' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रचनात्मक और प्रभावशाली पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किए।

## एक नजर

### तहसीलदार को सौंपा मांग पत्र



**चांदपुर।** प्रदेश में जन आंदोलनों के दमन और लांकतात्रिक अधिकरों पर हो रहे हमलों को रोकने की मांग उठाते हुए अखिल भारतीय किसान सभा कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर आवाज उठाते हुए राज्यपाल को सम्बोधित मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा। मांग पत्र में कहा कि उ.प्र. में राजनीतिक दलों, संगठनों द्वारा जनता की जायज मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण आंदोलनों को रोका जा रहा है, मजदूरों पर झूठे मुकदमात दर्ज किए जा रहे है, फर्जी तौर पर मजदूर को जेलों में बंद किया जा रहा है, यह दमनकारी नीति नहीं तो और क्या है। इसे रोका जाए। मांग पत्र में पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन करते हुए कहा गया है कि प्रशासन द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। जिसको रोका जाए। नोएडा और कई अन्य जगहों पर श्रमिकों द्वारा वेतन वृद्धि के लिए किए जा रहे जन आंदोलन, धरना एवं प्रदर्शनों को न रोका जाए और उनकी जायज मांगों को पूर्ण किया जाए। आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए मजदूरों, मजदूर नेताओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा किया जाए। पत्र में कहा गया है कि प्रद. ेश में प्रत्येक जनपद में जन आंदोलन के दौरान गिरफ्तार कर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे निरस्त किए जाए। मांग पत्र देने वालों में कामरेड अमर सिंह, कामरेड बदरूल इस्लाम, का.अमर सिंह, का.कुलदीप सिंह, का.रामौतार सिंह, आदि के नाम व हस्ताक्षर है।

### अल्तमश मलिक ने बाजी मारी



**किरतपुर।** मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस वर्ष लड़कों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। अल्तमश मलिक ने 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मौहम्मद अरमान ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मौहम्मद एहतिशाम ने 80.16 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर मैनेजर मरियम साईम राजा ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का ही यह परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना भी है। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी बराबर महत्व दिया जा रहा है, जिससे छात्र भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। वहीं सोसायटी अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आगे की सफलता की नींव साबित होगी। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ छात्र जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं तथा विद्यालय हर स्तर पर उन्हें बेहतर मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्या फिरदौस जहां ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सतत प्रयासों के कारण ही विद्यालय हर वर्ष बेहतर परिणाम दे रहा है।

### छात्रों से दुर्व्यवहार का मामला गर्माया



**नहटौर।** मीमला मुस्तफाबाद के कंपोजिट विद्यालय के एक शिक्षक सौरभ कुमार पर बच्चों के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगे थे। इस घटना से आक्रोशित होकर अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया था। जब यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तुरंत हस्तक्षेप किया। बीएसए ने बताया कि तीन खंड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय जांच समिति बनाई गई है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय में पिछले 2-3 वर्षों से चल रहे प्रभार के विवाद को सुलझाते हुए, आज विद्यालय का प्रभार वरिष्ठ शिक्षिका दीपा को सौंप दिया गया है। ग्राम प्रधान और अभिभावकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्हें बच्चों की सुरक्षा और बेहतर शिक्षा का आश्वासन दिया गया। अभिभावकों ने कल से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने पर सहमति जताई है। मिड-डे मील की शिकायतों पर सफाई देते हुए अधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधान के सहयोग से भोजन नियमित रूप से बन रहा है। भविष्य में ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए संबंधित ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी को विद्यालय की दैनिक निगरानी करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों का बेहतर लर्निंग आउटकम सुनिश्चित करना है। विद्यालय में पठन-पाठन का अच्छा माहौल बना रहे, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षक सौरभ कुमार ने दुर्व्यवहार के आरोपो को निराधार बताया है। बच्चों के साथ हमेशा उनका व्यवहार स्नेह पूर्ण रहता है।

### लेखपाल से स्पष्टीकरण तलब

**धामपुर।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना के नाम पर कथित रूप से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। एसडीएम स्मृति मिश्रा ने संबंधित लेखपाल से स्पष्टीकरण तलब किया है। धामपुर तहसील में तैनात लेखपाल प्रीति चौहान और उनके भाई पर आरोप है कि उन्होंने गांव में अंबेडकर प्रतिमा लगाने के नाम पर ग्रामीणों से 10 हजार रुपए की रिश्वत ली। इस संबंध में एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। वीडियो सामने आने के बाद एसडीएम स्मृति मिश्रा ने आज आरोपित लेखपाल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम में नायब तहसीलदार अफजलगढ़ तथा धामपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार को शामिल किया गया है। प्रशासन के अनुसार गठित टीम मामले के सभी पहलुओं की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## एक नजर

### बीएससी ( गृह विज्ञान ) में रचना प्रथम



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बीएससी (गृह विज्ञान) पंचम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बीएससी (गृह विज्ञान) पंचम सेमेस्टर की छात्रा रचना रानी ने 8.04 एसजीपीए प्रथम, मिस्बा ने 7.83 एसजीपीए द्वितीय तथा कहकशा ने 7.63 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरंतर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता ज्योति चौहान, प्रीति चौहान, सायमा खानम, मुक्ता चौधरी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नकुल का 10 लाख पैकज पर चयन



**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में बी.टेक के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में प्रोडेस्क आईटी कंपनी ने भाग लिया। कंपनी के एचआर प्रतिनिधि नकुल कुमार उपस्थित रहे। प्लेसमेंट ड्राइव में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें से नौ विद्यार्थियों को उनके कम्युनिकेशन स्किल्स, कोडिंग टेस्ट और ग्रुप डिस्कशन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया। शॉर्टलिस्ट किए गए विद्यार्थियों में से चार विद्यार्थी नकुल त्यागी, मुदित कुमार, खुशी चौहान, अंश अग्रवाल का अंतिम साक्षात्कार के आधार पर सीधे चयन किया गया। इनमें से नकुल त्यागी को फुल स्टेक डेवलपर की पोस्ट के लिए 10 लाख पैकज का ऑफर किया गया। इसके अतिरिक्त, 5 अन्य विद्यार्थी स्नेहा अग्रवाल, रिया सिसोदिया, अभय शर्मा, प्राची राजपूत, शगुन चौधारी को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया गया। कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल, डायरेक्टर फार्मेसी डा. हितेश कुमार, डायरेक्टर इंजीनियरिंग डा. नितिन अग्रवाल, कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष एवं डीन अकेडमिक डा. अजय कुमार, प्लेसमेंट इंचार्ज उज्ज्वल पाठक तथा प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर फिरोज खान ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

### आवारा कुत्ते पकड़कर नसबंदी



**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा नगर में बढ़ते आवारा कुत्तों की समस्या को देखते हुए अभियान चलाया जा रहा है। पालिका ईओ विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डों से 17 आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी एवं एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन के लिए भेजा गया। पालिका ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने तथा रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से पालिका टीम नियमित रूप से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा आगे भी अभियान जारी रहेगा। जिन क्षेत्रों से शिकायतें प्राप्त होंगी, वहां विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी व टीकाकरण कराया जाएगा, ताकि नगर में सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखा जा सके।

### माकपा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**स्योहारा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की स्योहारा शाखा द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर प्रदेश में जन आंदोलनों के दमन तथा लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का गंभीर आरोप लगाया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि प्रदेश में किसान, मजदूर और विभिन्न संगठनों द्वारा अपनी जायज मांगों को लेकर किए जा रहे शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शनों को प्रशासनिक स्तर पर रोका जा रहा है। कई स्थानों पर बिना अनुमति कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। जबकि सत्ता पक्ष से जुड़े आयोजनों को अनुमति प्रदान की जा रही है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मजदूरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे न्यूनतम वेतन, कार्य के निर्धारित घंटे तथा श्रम कानूनों के पालन को लेकर उठ रही आवाजों को दबाया जा रहा है। आंदोलनरत लोगों पर कार्रवाई गिरफ्तारियां और उत्पीड़न की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पार्टी ने मांग की कि जन आंदोलनों और धरना-प्रदर्शनों पर रोक न लगाई जाए। किसानों एवं मजदूरों की जायज मांगों को सुना जाए। गिरफ्तार आंदोलनकारियों को तत्काल रिहा किया जाए। श्रम कानूनों का सख्ती से पालन कराया जाए। पुलिस कार्रवाई एवं उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए तथा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद कर पुराने मीटर पुनः लगाए जाएं। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में कामरेड इसरार, इंद्र कुमार शर्मा, फरीद अहमद, कामरेड तय्यब, दौलत सिंह, राजकुमार, खलील अहमद, अनवर जरीफ, मलिक मतलूब, मुंशी असद, मशकूर अहमद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईटेंशन करंट ने ली युवक की जान, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से युवक की मौत हो गयी। मौत पर लोगों में रोष फैल गया। मौके पर जुटी भीड़ ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जतायी। जबकि परिजनों को मुआवजा व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

असमोली थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खाबरी भोला निवासी ओंकार पुत्र हरकिशोर की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना शाहपुर चमारन चौकी फतुल्लागंज इलाके में हुई, जहां ओंकार किसी कार्य के दौरान अचानक बिजली की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि ओंकार जैसे ही विद्युत लाइन के संपर्क में आया, उसे जोरदार करंट लगा और वह मौके पर ही गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन करंट इतना तेज था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों के अनुसार, हादसे की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दी गई, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि समय पर प्रशासनिक मदद मिलती, तो शायद ओंकार की जान बचाई जा सकती थी। घटना को लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में बिजली लाइनों की स्थिति बेहद

**०ग्रामीणों में फैला रोष, जताई नाराजगी**

**०परिजनों को नौकरी, दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

**०कई बार शिकायत के बाद भी नहीं किया था सुधार**

खराब है और कई बार शिकायत के बावजूद सुधार नहीं किया गया। इसी लापरवाही के चलते आज एक परिवार ने अपना जवान बेटा खो दिया। मौके पर जुटी भीड़ ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और जल्द कार्रवाई की मांग की। परिजन मुआवजे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल गांव में मातम पसरा हुआ है और सभी की आंखें नम हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गर्मी ओर लू से बचाव करना ज़रूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**०जिला प्रशासन की और से जारी की एडवाइज़री**

**०सर पर टोपी व बिन गमछे के निकलने से करें परहेज़**

**०लू के प्रकोप व गर्म हवा से हो सकती है जनहानि**

**सम्भल।** भीषण गर्मी/लू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। दोपहर को सड़कों पर चलना दूभर हो चुका है। इससे मुख्य मार्ग भी सूने-सूने नजर आ रहे हैं। बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप से बचने को जिला प्रशासन की ओर से भी एडवाइजरी जारी की गई है।

मौसम ने करवट ले ली है। जिसके चलते भीषण गर्मी और लू का प्रकोप सर चढ़कर बोलने लगा है। लू का प्रकोप कहीं जनहानि न बन जाये इसे लेकर जिला प्रशासन भी सर्तक हो गया और गर्मी व लू के प्रकोप से बचाव जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने एडवाइजरी जारी की है। उन्होने लू के प्रकोप एवं गर्म हवा से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम को निम्न सावधानियां बरतने की सलाह दी है। जिसके तहत कहा गया है कि 'दोपहर 12 से 3 बजे तक' कड़ी धूप में बाहर न निकलें, 'पानी खूब पियें' जितनी बार हो सके पानी पियें। प्यास न लगे तो भी थोड़ा-थोड़ा पानी लेते रहें। 'हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े' पहनें। बाहर निकलते समय गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा और चप्पल-जूते जरूर इस्तेमाल करें। 'यात्रा में पानी साथ रखें' और बाहर काम करना हो तो गीले कपड़े को चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरुर करें। 'तबियत खराब लगे या चक्कर आएं तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें'। घर पर लस्सी, नमक-चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम पना जैसे पेय पदार्थ लें। 'जानवरों को छाँव में रखें' और उन्हें भी पानी पिलाते रहें। 'घर को ठंडा रखें' रात में खिड़कियाँ खुली रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें।

# नगर पंचायत बबराला में चुने गए सभासदों के बिना हो गई बोर्ड बजट बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला में वित्तीय वर्ष 2026-27 की हुई बजट बोर्ड बैठक को लेकर विवाद गहरा गया है। नौ सभासदों ने डीएम को पत्र भेजकर बिना लिखित सूचना बैठक बुलाने और नियमों के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जबकि चेयरमैन ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है।

बबराला नगर पंचायत में बजट बैठक को लेकर सियासी खींचतान सामने आई है। नौ सभासदों ने जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैसिया को भेजे पत्र में आरोप लगाया कि चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय द्वारा बोर्ड की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन इसकी कोई लिखित सूचना या एजेंडा जारी नहीं किया गया। सभासदों का कहना है कि उन्हें केवल एक दिन पहले चपरासी के माध्यम से मोबाइल फोन पर सूचना दी गई, जो नियमों के खिलाफ है। सभासदों ने बताया कि इतने कम समय की सूचना मिलने के कारण उन्होंने बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई। आरोप है कि उनके अनुपस्थित रहने के बावजूद अध्यक्ष द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि नामित सदस्यों के साथ बैठक कर बजट पारित कर दिया

**०नौ सभासदों ने आरोप लगाकर जिलाधिकारी से की शिकायत**

**०एक दिन पूर्व दी गई सूचना नियम के विरुद्ध**

**०कार्रवाई रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराकर बजट बैठक को वैद्य करने का आरोप**

गया। बताया कि नामित सदस्यों को केवल बैठक में भाग लेने का अधिकार होता है, बजट पास करने का नहीं। सभासदों ने अध्यक्ष पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनसे कार्रवाई रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराकर बजट को वैध दिखाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में रमेश, गिर्राज, गीता देवी, विजय कुमार, मीना गुप्ता, सविता, ममता शर्मा, शरद और ललित कुमार शामिल हैं। वहीं बबराला नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सभासदों को समय से सूचना दी गई थी, लेकिन वे जान-बूझकर बैठक में शामिल नहीं हुए। बताया कि जनवरी में भी बैठक बुलाई गई थी, जिसमें ये सदस्य नहीं पहुंचे थे। आठ अप्रैल को आयोजित बैठक में भी उनकी अनुपस्थिति रही। कहा कि फिर बैठक आयोजित की गई, जिसमें कुल सात सदस्य शामिल हुए। इनमें तीन नामित सदस्य भी थे। कहा कि सभी को सूचना दी गई थी, लेकिन फिर भी संबंधित सभासद नहीं आए।

# क्या करें और क्या नहीं करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** लू और गर्म हवा के थपेड़ों व धूप से बचने को जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न सलाह देने के साथ क्या करना चाहिये और क्या नहीं इसे लेकर भी कुछ एडवाइजरी दी है।

1-धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें।

2-नशीले पदार्थ, शराब, अल्कोहल और बासी भोजन का सेवन न करें।

3-खाना बनाते समय खिड़की-दरवाजे खुले रखें ताकि हवा आती-जाती रहे। 4-खिड़कियों को एल्युमिनियम पन्नी, गत्ते आदि से ढकें ताकि गर्म हवा अंदर न आए।

5- दोपहर में गर्म हवा आने वाली खिड़कियों पर काले पर्दे लगाएँ।

6- 'स्थानीय मौसम पूर्वानुमान' सुनते रहें और तापमान में बदलाव पर धयान दें।

# डीएवी बबराला में विश्व पुस्तक दिवस का प्रेरणादायक आयोजन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**



**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सब कार्य छोड़कर पढ़ो गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र एवं मार्गदर्शक होती हैं, जो उसे जीवन में सही दिशा प्रदान करती हैं तथा उसके व्यक्तित्व का समग्र विकास करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित पठन की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजिका एकता द्विवेदी ने कहा कि पठन केवल ज्ञान प्राप्ति का साधन ही नहीं है, बल्कि यह हमारी कल्पनाशक्ति, विचारशक्ति और अभिव्यक्ति को भी समृद्ध बनाता है। वहीं सह-संयोजिका श्रीमती अन्ना बेटी थामस ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक पुस्तक हमें एक नए संसार की सैर कराती है। इस अवसर पर छात्र अनिष्का सूरज नायर ने पुस्तकों के महत्व पर अपना स्वानुभव साझा करते हुए एक प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया, जिसने सभी को गहराई से प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त, कक्षा 12 की छात्राओं द्वारा एक संवादात्मक प्रस्तुति दी गई, जिसमें पुस्तकों के महत्व को रोचक एवं प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। वहीं कक्षा 10 के छात्र अविनाश ने पुस्तकों से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रस्तुत कर सभी के ज्ञान में वृद्धि की। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता यह रही कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने लगभग 25 मिनट तक अपनी प्रिय पुस्तकों तथा पुस्तकालय की विविध पुस्तकों का शांतिपूर्वक पठन किया। इस गतिविधिने विद्यार्थियों में पठन के प्रति रुचि एवं एकाग्रता को बढ़ावा दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विनय कुमार एवं कंचन जौहरी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विनय कुमार ने कहा कि नियमित पठन से न केवल भाषा पर अधिकार बढ़ता है, बल्कि यह विद्यार्थियों के विचारों को व्यापक बनाकर उनके व्यक्तित्व को भी निखारता है। अंत में, आज का पाठक, कल का नेता संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ

# बाल विवाह रोकने में सराहनीय कार्य पर उपनिरीक्षक बाबूराम सम्मानित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल अपराधों की रोकथाम को लेकर बहजोई स्थित पुलिस लाइन सभागार में एक महत्वपूर्ण मासिक गोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत के निर्देशन में हुई। बैठक में जिले में बाल विवाह की रोकथाम में उल्लेखनीय तत्परता दिखाने वाले उप-निरीक्षक बाबूराम सैनी को सम्मानित किया गया। प्रयत्न संस्था (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन का सहयोगी संगठन, जनपद संभल में बाल विवाह के खिलाफ निरंतर जागरूकता एवं रोकथाम का कार्य कर रही है। प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत को बाबूराम सैनी द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो की जानकारी दी। इसके बाद संस्था की ओर से उप-निरीक्षक बाबूराम सैनी को प्रतीक चिन्ह एवं ट्रफी देकर सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता एवं सदस्य गौरव शर्मा को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# संसद में महत्वपूर्ण बिल का विरोध कर रहे विपक्षी दलों का महिलाओं के साथ अन्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** संसद में महिला आरक्षण बिल पारित न होने से जिम्मेदार ठहराये जा रहे विपक्ष पर भाजपा हमलावर है। भाजपा के महिला जनाक्रोश अभियान को लेकर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति ने भाजपा के एकता विहार कालोनी स्थित जिला कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश में महिलाओं को अधिकार देने, उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बनाने और उनके हितों की रक्षा करने के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर उन्होंने देश की महिलाओं के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि महिला जन आक्रोश अभियान का उद्देश्य जनता के बीच जाकर सच्चाई को उजागर करना और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कहा कि यह अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं से संवाद करेंगे और उन्हें सरकार की योजनाओं व नीतियों की जानकारी देंगे। संसद में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मिलाकर बिल पास कराने को दो तिहाई मतों का ऑकड़ा होने के बावजूद बिल का पास न होना सहयोगी दलों के सांसदों द्वारा विपक्ष में वोट करने के सवाल पर उन्होने कोई खास जवाब नहीं दिया लेकिन बिल के विरोध में सहयोग दलों के सांसदों द्वारा भी वोट करना हो सकता है कहा। होमगार्ड मंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में देश की महिलाएं ऐसे तत्वों को जवाब देंगी जो उनके अधिकारों के रास्ते में बाधा बनते हैं। इस मौके पर मंजू दिलेर, जिला पदाधिकारी योगेंद्र त्यागी, सौरभ गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, मुकुल कुमार रस्तोगी, सोनू चाहल आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी

### गंगा सप्तमी पर राजघाट पर हुआ स्नान व भंडारे

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** गंगाघाट राजघाट पर गंगा सप्तमी पर्व पर भंडारों का आयोजन हुआ। इसके साथ ही मेला लगा। जिसमे महिलाओ व् बच्चों ने खूब खरीददारी की।

स्नान को सुबह से ही चन्दौसी बहजोई डिबाई व अन्य स्थानों से लोग पहुचने लगे थे।अपने वाहनों से लोग परिवार सहित पहुचे।लोगों ने घाट पर बच्चों मुंडन,कनछिद्न भी कराये। पुलिस व्यवस्था को मुस्तैद रखा गया। गंगा जी में नहाते समय को अनहोनी न हो इसके लिए नाव के साथ मल्लाह भी मौजूद रहे। धर्मशालाओं में भीड़ रही। लोगों ने भंडारों का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन लता कुमारी, नवलेश वार्ष्णेय, मनीषा वार्ष्णेय, योगेश वार्ष्णेय, मोहरपाल, महेंद्र पाल, अनुराग वार्ष्णेय, नितिन वार्ष्णेय, आशुतोष वार्ष्णेय, सुरेश गुप्ता, अनिल गुप्ता आदि रहे।



बबराला- गुन्नौर सीएचसी में जन औषधी केन्द्र का फीता काटकर शुभारम्भ करते।

### गुन्नौर में जन औषधी केन्द्र का शुभारम्भ

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन चिकित्साधिकारी डा. राजकिशोर व डा. अजहर अली ने फीता काटकर किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राजकिशोर ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जिसे आम तौर पर जन औषधि केंद्र कहा जाता है, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के हर नागरिक को ब्रांडेड दवाओं की तुलना में बहुत सस्ती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। इस दौरान डा. संदीप यादव, फार्मेसिस्ट दीपक यादव, बीपीएमप आशीष गुप्ता, सुमनलता व स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### नई बस्ती में मेडिकल स्टोर का उदघाटन

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** नई बस्ती लोधी सराय में विशाल मेडिकल स्टोर का विधिवत उद्घाटन करके सस्ती और सुलभ दवाइयां उपलब्ध करने का संकल्प लिया। गया। मेडिकल स्टोर व अस्पताल के स्वामी सुबोध पाल ने फीता काटकर पुष्प वर्षा के बीच धूमधाम से किया। इस अवसर पर सुनील वर्मा, डा. हरपाल सैनी, डा. विजेंद्र सैनी, डा. नीरज कुमार, डोरी लाल, कुंदन सिंह बबलू, हरिओम, दुर्वेश सैनी आदि ने पुष्प वर्षा करके अतिथियों एवं उद्घाटनकर्ताओं का भव्य स्वागत किया। मेडिकल के विशाल सैनी, दुर्वेश सैनी, हरपाल सैनी ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण किया। जबकि हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि नई इससे क्षेत्र को सस्ती और सुलभ दवाइयों का एकमात्र स्थान के रूप में पहचान बनेगी।

### शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज का अच्छा रहा रिजल्ट

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** शांति देवी कन्या इंटर कलेज बबराला का बोर्ड परीक्षा 2026 का हाईस्कूल का परीक्षा फल 84 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा फल 82प्रतिशत रहा। हाई स्कूल की कुमारी रीनू ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व कुमारी पायल ने द्वितीय स्थान तथा कुमारी साक्षी तृतीय स्थान पर रही। इंटरमीडिएट परीक्षा में कुमारी कनिका यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी उत्तीर्ण छात्रओं को प्रबंधक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।समस्त स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षिकाओं के अथक प्रयास के द्वारा ही हमारे विद्यालय का परीक्षाफल कितना अच्छा रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उधर सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में बोर्ड परीक्षा का परिणाम 2025-26 में कुल छात्राएं -177 जिनमें उपस्थिति- 164 जबकि अनुपस्थित- 13 रहीं। प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी ने बताया कि उत्तीर्ण छात्राएं- 154 रहीं। जबकि अनुत्तीर्ण 10 छात्राएं रहीं। विद्यालय की टॉप 03 छात्राएं सृष्टि कश्यप 87.05 प्रतिशत श्रुति 86.34प्रतिशत खुशी वर्मा 84.16 प्रतिशत रहीं।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में किए गए निर्देशित

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में की गयी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उनके अनुपालन के विषय में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के कार्यों के बारे में में जानकारी ली और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया।

# हातिम सराय पीएचसी को राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस प्रमाण पत्र हासिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले के स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ी उपलब्धिा हासिल करते हुए मुरादाबाद मंडल में इतिहास रचा है। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधान केंद्र (एनएचएसआरस) द्वारा किए गए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) मूल्यांकन में यूपीएचसी हातिम सराय ने 89.57 प्रतिशत अंकों के साथ नेशनल क्वालिटी प्रमाण पत्र हासिल किया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर के अनुसार, 12 से 13 फरवरी 2026 को हुए इस कड़े राष्ट्रीय मूल्यांकन में केंद्र ने 12 अलग-अलग पैमानों थिमैटिक एरिया पर खुद को उत्कृष्ट साबित किया है। इंटरनल, स्टेट और नेशनल स्तर की तीन स्तरीय जांच से गुजरने के बाद यह उपलब्धि मिली है। खास बात यह है कि पिछले साल तक पूरे मंडल में कोई भी नगरीय पीएचसी एनक्यूएएस प्रमाणित नहीं था। इफैक्शन कंट्रोल में 97.53 और मरीजों के अधिकारों (पेशेंट राइट्स) के मामले में 94.62 प्रतिशत अंकों के साथ इस पीएचसी ने साबित कर दिया है कि बेहतर विजन और प्रशासनिक तालमेल से सरकारी अस्पतालों की तस्वीर बदली जा सकती है।

## काया कल्प और सुविधाओं से विस्तार

**सम्भल।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का रंग-रोगन और मरम्मत करवाकर पूरी तरह से कायाकल्प किया गया है। फर्श की मरम्मत से लेकर पुताई तक के कामों ने अस्पताल को साफ-सुथरा और मरीजों के बेहद अनुकूल बना दिया है। पहले जहां केवल सामान्य ओपीडी चलती थी, वहीं अब अस्पताल में आपातकालीन (इमरजेंसी) और ड्रेसिंग रूम जैसी नई सुविधाएं जोड़ दी गई हैं। बिजली और पानी की व्यवस्था को भी पूरी तरह से दुरुस्त किया गया है।

## दवाओं का संकट खत्म रोगियों का भरोसा बढ़ा

**सम्भल।** एक समय था जब इस पीएचसी में 195 जरूरी दवाओं के सापेक्ष महज 100 दवाइयां ही उपलब्ध रह पाती थीं, लेकिन अब यहां मरीजों के लिए पूरी 195 दवाइयां मौजूद हैं। दवाओं की भरपूर मात्रा, गुणवत्तापूर्ण इलाज और आईपीडी सेवाओं के चलते मरीजों का भरोसा बढ़ा है। इसका सीधा असर ओपीडी पर दिखा है। पहले जहां रोजाना 70-80 मरीज आते थे, वहीं अब यह संख्या 100 को पार कर गई है। मरीजों की संतुष्टि जानने के लिए प्रतिदिन शिकायत एवं सुझाव पेटिका के जरिए फीडबैक भी लिया जा रहा है।

# परीक्षा की शुचिता को डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



**सम्भल।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर इनरोलमेंट भर्ती परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी व शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण कर व्यवस्थों का जायजा लिया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के तत्वावधान में होमगार्डस के पदों पर इनरोलमेंट-2025 की प्रस्तावित लिखित परीक्षा 25, 26 व 27 अप्रैल 2026 को आयोजित की जानी है। परीक्षा को निष्पक्ष, शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के मददेनजर जिलाधिकारी डा.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय सम्भल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर परीक्षा कक्षों को देखा उन्होंने कहा कि विद्यालय की साफ-सफाई प्राथमिकता पर की जाए और कक्षों में प्रकाश की व्यवस्था पर्याप्त मात्र में रहे। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र पर विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था रहे और उन्होंने कहा कि इंटरनेट की भी व्यवस्था रहे उसको विशेष कर देख ले।जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी इत्यादि की अनुमति नहीं होगी इसको प्रत्येक दशा में ध्यान में रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा होने से पूर्व स्कूल की साफ सफाई को करा लिया जाए। इसके अलावा डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्र पर आवागमन को लेकर भी निर्देशित किया साथ ही स्ट्रांग रूम एवं सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था को प्राथमिकता पर देखकर सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता के घर पुलिस ने नोटिस चस्पा किया

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**०बाउंसर द्वारा रिवाल्वर लहराने पर कसा शिकंजा**

**सम्भल।** भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की मुसीबतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। परिवार पर पुलिस के लगातार कसे जा रहे शिकंजे के बाद अब पुलिस ने लाईसेंसी शस्त्र मामले में सख्त रूख अपनाया है। पुलिस ने रिवाल्वर जमा न करने पर उनके घर पर नोटिस चस्पा किया है।

मौहल्ला कोट पूर्वी निवासी भाजपा नेता समेत उनके भाई व भतीजे पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। अभी यह मामला ठंडा भी नहीं पड़ा है कि पुलिस ने असमोली क्षेत्र में भाजपा नेता के बाउंसर द्वारा उनके लाईसेंसी हथियार को लहराने का वीडियो वायरल होने पर सख्त एक्शन लिया है। जिसे लेकर पूर्व में मामला भी दर्ज किया था। पुलिस ने लाईसेंसी हथियार जमा न करने पर घर पर नोटिस चस्पा किया है। उनके आवास पर चस्पा किए गए नोटिस में पुलिस ने उन्हें लाइसेंसी हथियार और लाइसेंस थाने में जमा करने के लिए 2 दिन का अल्टीमेटम दिया है। पुलिस के अनुसार बार-बार नोटिस के बावजूद जमा नहीं किया गया। जबकि कई बार नोटिस भेजने और मौखिक चेतावनी भी दी जा चुकी है। इसके बाद भी भाजपा नेता द्वारा अपना शस्त्र और लाइसेंस थाने में जमा नहीं करने पर ही यह कार्रवाई की गई। आवास पर नोटिस चस्पा करने के बाद आगे की कार्रवाई के साथ ही शस्त्र और लाईसेंस जमा न करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गयी है।

# राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज का 90.58 प्रतिशत रहा परिणाम

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**०विद्यालय मे रहा खुशी का माहौल**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं का परिणाम घोषित होते ही सफल परीक्षार्थियों के चेहरों पर मुस्कान छा गयी। जबकि स्कूलों और परिवार में जश्न का माहौल रहा।

गुरूवार को घोषित किए गए परिणामों में राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में हाई स्कूल का परीक्षाफल 90.58 प्रतिशत रहा जबकि इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 90.78 प्रतिशत रहा। स्कूल के अनुसार घोषित परिणामों में फौजिया पुत्री रिजवान खां ने 478,79.66 अंको के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि गौरी पुत्री सत्यपाल 4 दूसरे स्थान पर रही। मानसी पुत्री विजेन्द्र सिंह 462, 77 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहीं। प्रियांशी पुत्री राजीव सिंह ने 398,79.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पाया जबकि विशाखा पुत्री दुष्यंत 383, 76.6 प्रतिशत अंको के साथ दूसरे और मुस्कान पुत्री बाबूराम 383,76.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बाजी मारी। इसके अलावा रूही पुत्री हरिओम 372, 74.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहीं।

# फसलों की जानकारी देकर किसानों को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** किसान दिवस पर बैठक का आयोजन कर कृषि विज्ञानिक डा. महावीर सिंह ले समसामयिक फसलों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जनपद में ढेंचा, मूंग, उड़द, सवां आदि की फसलों को खेती में लगाने को चयनित करना है। उन्होने कहा कि इन फसलों को लगाने से भूमि में कार्बोनिक पदार्थों की मात्रा पूर्ण रहती है।मैंथा फसल को लेकर बताया कि मैंथा फसल का आच्छदान मक्का की फसल हेतु स्थानांतरित किया जा रहा है। गन्ने की फसल में खरपतवार की रोकथा को को सैम्प्रा दवाई 36 ग्राम प्रतिएकड़ प्रति 150-175लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करे। साथ ही किसान खेतो में युरिया का अधिक इस्तेमाल करने से होने वाले दुष्प्रभावों से सचेत किया।

**सम्बंध-विच्छेद**

मैने अपने पुत्र सुबहान से उसके समाज विरोधी चाल-चलन व आये दिन लड़ाई-झगड़ों और समाज विरोधी कार्यों से तंग आकर मैने व मेरे परिवार ने अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और सभी तरह के सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। अब सुबहान अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।

**अकीला बेगम पत्नी रज़ा हसन**
नि. 263 तिमरदास सराय तहसील व जिला सम्भल।

# भाई और मां की हत्यारी बेटी को पुलिस ने भेजा जेल, गांव में घटना को लेकर छाया शोक

**कांठ (शाह टाइम्स)।** भैंसली जमालपुर गांव में देर शाम हुई दो हत्याओं को लेकर शोक का माहौल है हालांकि पुलिस ने हत्यारी बेटी को जेल रवाना कर दिया है।

बतादे की 22 अप्रैल की शाम को थाना क्षेत्र के गांव भैंसली जमालपुर निवासी राजीव कुमार पुत्र मदन की बहन अनीता ने सरिया से हमला करके मां मुन्नी देवी एवं भाई अर्जुन की जान ले ली थी इस संबंध में पुलिस ने राजीव की तहरीर पर अनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने अनीता को हिरासत में ले लिया बताया गया कि अनीता दिमागी रूप से बीमार होने के कारण कई दिनों से हमलावर हो रही थी। और



बुधवार की देर शाम को उसने उत्तेजना में भाई और मां की हत्या कर दी। पुलिस ने जांच के उपरांत हत्या में प्रयुक्त किया गया डंडा और लोहे की सरिया को भी बरामद कर लिया पुलिस का कहना था कि पूछताछ में हत्यारा. `पी ने बताया कि उसके भाई-बहन व माता उसको परेशान करते थे और हाथ पैर बांधकर मारपीट करते थे कल भी भाई अर्जुन ने फोन ले लिया था जो बार-बार कहने पर भी नहीं दिया मां ने भी उसे ही डाटा और मारपीट की। भाई अर्जुन चारपाई पर लेटा हुआ था उसने छप्पर में पड़े डंडे से अर्जुन के सिर पर वार कर दिया मां आई तो उसने उसकी आंखों में उंगलियां मार दी और फिर छप्पर पर पड़े सरिया को उठाकर मां के सिर पर भी मार दिया और वहां से निकल गई इस घटना का तो पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्यारिन बेटी को जेल भेज दिया लेकिन गांव में घटी इस घटना से अभी शोक छाया हुआ है।

# सड़क दुर्घटना में घायल बाइक मैकेनिक की उपचार के दौरान मौत, किया अंतिम संस्कार

**कांठ/छजलैट (शाह टाइम्स)** छजलैट निवासी मुकेश प्रजापति पुत्र तेजपाल सिंह 13 अप्रैल की शाम को अपनी दुकान से गोला टी स्टॉल पर किसी काम से जा रहे थे तभी छजलैट तिराहे की और से आ रही मोटर साइकिल न्च 21 ब्ब 6331 ने मुकेश को टक्कर मार दी। और चालक बाईक छोड़कर भाग गया। इस दुर्घटना में मुकेश के सर में गंभीर चोटें आई आनन फानन में परिजन उन्हें छजलैट के निजी अस्पताल ले गए लेकिन चोट गंभीर होने के कारण उन्हें मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई।

मुकेश पिछले 13 अप्रैल से ही अस्पताल में वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे लेकिन कल रात उन्होंने कोठीवाल



डेंटल हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली। मुकेश अपने पीछे छोटे-छोटे तीन बच्चे छोड़ गए है।

## एक नजर

### मुरादाबाद-आगरा हाईवे हादसे में बाइक सवार शिक्षिका घायल

**कुंदरकी।** मुरादाबाद-आगरा हाईवे के जीरो प्वाइंट पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार पिंकी, पत्नी सरोल बाइक से स्कूल जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### माहेश्वरी शिव मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**कांठ( शाह टाइम्स )** माहेश्वरी शिव मंदिर में गुरुवार को विधि विधान से राम दरबार की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह विधिवत पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न हो गया। लोगों ने भगवान श्री राम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया स दोपहर बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया सविद्वान पंडित परशुराम जी, सचिन शर्मा,निखिल शर्मा ने तीन दिवसीय पूजन पूजन एवं हवन का समापन करायास मंत्र उच्चारण के बीच विधिवत श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।

मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कियास इस अवसर पर राकेश माहेश्वरी, मुकेश माहेश्वरी, सुदेश बिश्नोई, संजीव बिश्नोई, सुभाष चंद्र माहेश्वरी, मनीषा माहेश्वरी, प्रीति माहेश्वरी, विजय माहेश्वरी,अजय महेश्वरी, स्वाति माहेश्वरी, सुविधा माहेश्वरी, मोहिनी माहेश्वरी,प्रतीक माहेश्वरी ( मोना ),गौरव माहेश्वरी, मोहित माहेश्वरी,अमित लोहिया, चंद्र मोहन बिश्नोई, अनिल बिश्नोई आदि लोग मौजूद थे स आगंतुकों का आभार राकेश माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

### गांव की और आए हिरण पर कुत्तों का हमला, उपचार दिलाकर जंगल में छोड़ा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मुख्तियारपुर नवादा गांव में एक हिरन अचानक जंगल से आ गया जिस पर कुत्तों ने हमला कर दिया।ग्रामीणों



द्वारा उसे कुत्तो से बचाया गया इसकी सूचना ग्रामीण राजेंद्र ने विकास शर्मा को दी उन्होंने हिरण का प्राथमिक उपचार करा कर वन विभाग को सौंप दिया। वन विभाग द्वारा उसको जंगल में छोड़ दिया गया। बताया गया कि पिछले साल भी मुख्तियारपुर नवादा के पास हिरन पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया था। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे जंगल कटते जा रहे हैं। पानी के लिए बने सरकारी तालाबों पर लोगों ने अवैध कब्जे कर उन्हें बंद कर दिया है। इस कारण वन्य जीवों को पानी न मिलने के कारण प्यास बुझाने बस्तियों में आना पड़ता हैं। जहां उनकी जान को खतरा होता है। उन्होंने प्रशासन से कहा कि जिन लोगों द्वारा तालाबों को पाट कर बंद कर दिया है। ऐसे तालाबों को चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराते हुए उनमें पानी भरवारा जाए।

## चक्कर की मिलक दंपति हत्याकांड मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने दो आरोपियों को मुठभेड़ में दबोचा

**मुरादाबाद।** जनपद में रुपए के लेन-देन को लेकर हुए सनसनीखेज दंपति हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।यह मुठभेड़ थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में समर वैली स्कूल के पास हुई, जहां पुलिस और बदमाशों के बीच आमना-सामना हो गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फरजंद और सुहैल के रूप में हुई है, जो इस दोहरे हत्याकांड में वांछित चल रहे थे।गौरतलब है कि रुपए के विवाद में आरोपियों ने राजा और उसकी पत्नी फराह की उनके घर में घुसकर चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी।

मामले में कुल 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस इससे पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि बाकी की तलाश जारी थी। इसी क्रम में आज पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर घेराबंदी की गई। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों को घायल कर दबोच लिया।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से हथियार भी बरामद किए गए हैं और बाकी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जनगणना के लिए तीसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रारंभ हो रही जनगणना के लिए गुरुवार को तीसरे बैच का प्रशिक्षण नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नगर पंचायत कांठ के अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल के निर्देशन में प्रारंभ किया गयास इस बैच में कांठ नगर पंचायत एवं उमरी कला नगर पंचायत के प्रगणकों को संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है सजिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता प्रवेश कुमार तथा डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ की लेक्चरर जेनू वर्मा के द्वारा प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कियास जनगणना कर्मियों को आवंटित एचएलबी का ले आउट तैयार करने एवं भवन तथा मकान गणना करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया



सभी जनगणना कर्मियों को हेलो एप के माध्यम से गणना के लिए हैंड्स ऑन प्रैक्टिस कराई जा रही है जिससे कार्य को पूर्ण गुणवत्ता से किया जा सके । प्रशिक्षण में तनवीर आलम, अमीर जहां, रिंकू कुमार, अनीस अहमद, जयवीर सिंह, मोहम्मद इरफान, नजम अहमद आदि ने प्रतिभा किया। प्रशिक्षण को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए नितिन कुमार नगर पंचायत कांठ के द्वारा टेक्निकल सपोर्ट प्रदान किया गया स प्रशिक्षण का समापन 25 अप्रैल को होगा।

# माटीकला इकाइयों को मिलेंगी 8 निशुल्क पगमिल मशीन

## कुल्हड़-गिलास बनाने वाले उद्यमियों को प्राथमिकता, 25 मई तक करें आवेदन

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत वित्तपोषित माटीकला इकाइयों को सशक्त करने के लिए शासन ने जनपद मुरादाबाद को 8 पगमिल मशीन निशुल्क वितरण का लक्ष्य दिया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि महाप्रबन्धक उ.प्र. माटीकला बोर्ड, लखनऊ के पत्रांक 558-650 दिनांक 20.04.2026 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अंतर्गत यह लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कौन कर सकता है आवे. दनजनपद मुरादाबाद की ऐसी माटीकला इकाइयां ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं जिन्हें मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-2020 से वर्ष 2025-26 तक वित्तपोषित या स्थापित किया गया है। योजना में उन उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी जो मिट्टी के कुल्हड़ एवं गिलास बनाकर माटीकला उत्पादों को दिन-प्रतिदिन बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही लाभार्थियों में महिला उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि उन्हें उचित प्रति. निधित्व मिल सके। आवेदन की अंतिम तिथि 25 मईयोजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक उद्यमी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की हार्डकॉपी 25 मई 2026 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा करनी होगी।यहां से लें जानकारीविस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9580503151 एवं 8191967279 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम. आई.जी.ए. एम-6 दीन दयालनगर, मुरादाबाद से भी संपर्क कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने पात्र माटीकला इकाई संचालकों से समय से आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## सांसद रुचि वीरा के आवागमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

**सुरजननगर।** मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की माननीय सांसद रुचि वीरा के काफिले के क्षेत्र से गुजरने की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस बल ने मुरादाबाद और बिजनौर की सीमा पर मोर्चा संभाल लिया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार, सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए सुरजननगर चौकी प्रभारी ओमकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अंतरराज्यीय सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। घ्इस अभियान के दौरान सीमा से गुजरने वाले प्रत्येक संदिग्ध वाहन की बारीकी से तलाशी ली गई और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। सुरक्षा घेरे को अभेद्य बनाने के लिए चौकी प्रभारी के साथ भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सांसद के काफिले की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक को रोकना और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना था। पुलिस की इस तत्परता और मुस्तैदी को देखकर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति सकारात्मक संदेश गया है। समाचार लिखे जाने तक चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहा।

## दसवीं कक्षा में 99 प्रतिशत अंक लाने पर चामुंडा कमेटी ने किया गांव की लड़की को सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी सुशील शर्मा की पुत्री अक्षिता शर्मा गजरौला स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई की दसवीं की छात्रा है जिसने जनपद में 99 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान और मंडल में तीसरा स्थान प्राप्त कर गांव का नाम रोशन कर दिया।

आज गांव स्थित माता चामुंडा कमेटी के सदस्यों ने छात्रा को गांव बुलाकर चामुंडा परिसर में ही सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सर्व दलीय गौ रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रिंस शर्मा ग्राम प्रधान राजवीर सैनी जितेंद्र सैनी पुरुषोत्तम सैनी दयानंद जाटव सूरज जाटव संजय सैनी एवं छात्रा के परिवार के लोग मौजूद रहे।



# कुंदरकी विधायक ने यूपीपीसीएल अध्यक्ष से की मुलाकात, रखीं विधानसभा की विद्युत समस्याएं

## 11 ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने व नए सब स्टेशन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मूढ़ापांडे।** कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज शक्ति भवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल से भेंट कर कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को रखा। उन्होंने पूर्व में समाधान हुई अनेक समस्याओं के लिए आभार भी व्यक्त किया।विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने डॉ. आशीष गोयल को अवगत कराया कि क्षेत्र में 11 ट्रांसफार्मरों की क्षमता 25 केवीए से बढ़ाकर 63 केवीए करने की आवश्यकता है। साथ ही दो दर्जन से अधिक गांवों के बीच से गुजर रही 11,000 वोल्ट की विद्युत लाइन को समुचित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। उन्होंने त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलों को संशोधित कर जांच कराने, ग्राम सिरसखेड़ा में 132 केवीए का अतिरिक्त ट्रांसमिशन विद्युत केंद्र स्थापित कराने और 6 स्थानों पर जर्जर तारों को बदलवाने की मांग रखी। इसके अलावा ग्राम नियामतपुर इकरोटिया एवं खरगपुरबाजे में 5



एमवीए का नया विद्युत सब स्टेशन बनवाने की तत्काल आवश्यकता बताई।यूपीपीसीएल अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने विधायक को सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।कुंदरकी विधायक ने बताया कि पूर्व में विधानसभा क्षेत्र में 26 ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि, 10 स्थानों पर जर्जर तार बदलवाने एवं सरकड़ा खास विद्युत केंद्र की क्षमता में वृद्धि की गई है। इस पर उन्होंने ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा एवं यूपीपीसीएल अध्यक्ष का कुंदरकी विधानसभा की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।

# टीएमयू स्टुडेंट्स के स्किल्स डवलपमेंट को एनआईआईटी फाउंडेशन संग एमओयू साइन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी की ओर से स्टुडेंट्स के कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने को एनआईआईटी फाउंडेशन के संग एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति प्रो. वीके जैन की गरिमामयी मौजूदगी में टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, जबकि एनआई आईटी फाउंडेशन की ओर से नेशनल प्रोग्राम हेड श्री अखिलेश शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, एनआईआईटी के रीजनल मैनेजर श्री निलेश खन्ना, कंटी हेड डॉ. चारु कपूर,डॉ. अमित कंसल, डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे। एनआईआईटी फाउंडेशन के नेशनल प्रोग्राम हेड श्री अखिलेश शर्मा ने कहा, आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, व्यावहारिक कौशल और रोजगार योग्यता विकसित करना है।

इस साझेदारी से क्षेत्रीय स्तर पर युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर और आजीविका के साधन उपलब्ध होंगे। इस एमओयू के तहत दोनों संस्थान मिलकर स्टुडेंट्स के लिए साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कम्युनिटी हेल्थ, सोशल अवेयरनेस और फाइनेंशियल अवेयरनेस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएंगे।




**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र राजेन्द्र उर्फ बब्लू व पुत्रवधू श्रीमती दीपा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **रामप्रकाश पुत्र स्व. बांकेलाल निवासी बंगला गांव रामगंगा रोड, कॉमेट हेण्डीक्राफ्टस के सामने पीएस नागफनी मुरादाबाद। मोबाइल नं० 9410280101**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र हिमांशु वर्मा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में हिमांशु वर्मा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नरेन्द्र वर्मा पुत्र स्व. कैलाश वर्मा व श्रीमती ज्ञानवती वर्मा पत्नी नरेन्द्र वर्मा** निवासीगण: झाडखण्डी मंदिर के पास थान नागफनी के पीछे, शहर व जिला मुरादाबाद, मोबाइल नं0 8868038852

**बेदखली सूचना**

मैं अपने पुत्र मुस्तफा पुत्र मुजफ्फर हुसैन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में मुस्तफा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार/कुनबेदार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती मोहम्मदी पत्नी मुजफ्फर हुसैन मोहल्ला मनिहारान भोजपुर, थाना भोजपुर तह० व जिला मुरादाबाद**

# पत्नी की हत्या करने वाले हत्यारोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछ

## पत्नी के जिम जाने से नाराज पति ने की थी पत्नी की हत्या, कटघर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पत्नी के जिम जाने से नाराज पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी, इस मामले में हत्या आरोपी पति को कटघर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।थाना कटघर क्षेत्र में पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का हैंडल भी बरामद कर लिया गया है।पुलिस के अनुसार, दिनांक 22 अप्रैल को कटघर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा अपनी पत्नी की लोहे के हैंडल से वार कर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में मृतका के भाई ने आरोपी पति के खिलाफ तहरीर दी, जिसमें हत्या का आरोप लगाया गया।तहरीर के आधार पर थाना कटघर में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कटघर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए गुरुवार को नामजद आरोपी शोभित गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामशरण गुप्ता, निवासी शिवपुरी टावर वाली गली, डबल फाटक, थाना कटघर, मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का हैंडल भी पुलिस ने बरामद कर लिया।पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोग इस जघन्य अपराध से स्तब्ध हैं।

### वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान को विकास भवन में हेल्पडेस्क स्थापित

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह के निर्देश पर वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों की पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विकास भवन में हेल्पडेस्क स्थापित की गई है। हेल्पडेस्क पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कर्मचारी तैनात रहकर लाभार्थियों की समस्याएं चिन्हित करेंगे और उनका समाधान सुनिश्चित कराएंगे।जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि हेल्पडेस्क पर तैनात कर्मचारी आगंतुक पंजिका में लाभार्थी का नाम, पता, मोबाइल नंबर, पेंशन पंजीकरण संख्या और समस्या का विवरण अंकित कर उसका निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे। दिनवार ड्यूटी तय हेल्पडेस्क पर कर्मचारियों की दिनवार ड्यूटी लगाई गई है। पर्यवेक्षक पंकज कुमार को सोमवार, वरिष्ठ सहायक रोहित कुमार को मंगलवार, पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह को बुधवार, ग्राम विकास अधिकारी प्रीति को बृहस्पतिवार, कनिष्ठ सहायक सुरेश कुमार को शुक्रवार और शनिवार को हेल्पडेस्क पर तैनात रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो में मारी टक्कर, 5 की मौत, चार घायल

## ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद मार्ग पर बुधवार शाम हुआ दर्दनाक हादसा, मृतकों में टैंपों चालक समेत पांच शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वाराा।** मुरादाबाद हाईवे पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने सवारियों से भरे टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार, बुधवार शाम करीब 4.30 बजे एक टेंपो ठाकुरद्वारा कस्बे से सवारियां लेकर मुरादाबाद की तरफ जा रहा था। जैसे ही टेंपो हाईवे पर अस्लेमपुर तिराहे पर पहुंचा,तो विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टेंपो में सीधी और जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । टैंपो को डंपर करीब 200 मीटर घसीटता हुआ ले गए और उसमें सवार लोग सड़क पर बिखर गए। हादसे में टेंपो चालक थाना डिलारी के गांव मासूमपुर निवासी गुलहसन पुत्र सुलेमान और ठाकुरद्वारा नगर के मोहल्ला फतेहउल्लागंज वार्ड 02 निवासी खुशबू पत्नी जीत सिंह यात्री ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान सपा विधायक का काफिला गुजर रहा था। इसपर सपा विधायक नवाब जान खान ने तत्काल पुलिस और एबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और एबुलेंस मौके पर पहुंची।

स्थानीय राहगीरों और पुलिस ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और सभी घायलों को उपचार के लिए सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान घायल कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम निवासी कृपाल सिंह पुत्र झबरा सिंह , सानिया पत्नी कृपाल सिंह व क्षेत्र के गांव फौलादपुर निवासी शाहीन जहां पत्नी अबरार ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। दुर्घटना में घायल हुए चार लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार कुछ घायलों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। कोतवाली पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ तेज रफ्तार एवं लाप. रवाही से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। डंपर को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि फरार चालक की तलाश के लिए पुलिस टीमें संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं। अधिकारियों ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों को हरसंभव सहायता देने का आश्वा. सन दिया है।

# बाइक फिसलने से हादसा दो युवक गंभीर घायल, आरिल नदी के पुल पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र में एक ही सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हादसा बुधवार रात्रि 11 बजे अमरपुरकाशी आरिल नदी के पल पर हुआ जिजमे अंकित (26), पुत्र शंकर लाल, निवासी अकबरपुर चितौली, चंदौसी, अपने साथी बिट्टू, पुत्र सुरेश, के साथ स्प्लेंडर बाइक से शादी समारोह से लौट कर चंदौसी अपने गांव अकबरपुर चितोली जा रहे थे। रास्ते में बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और किसी ने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था।

घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अमरपुरकाशी विनीत कुमार और कॉन्स्टेबल गौरव मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल 108 एम्बुलेंस को बुलवाया, जिसके माध्यम से पायलट हरिओम यादव, ईएमटी प्रमोद व अन्य स्टाफ ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी पहुंचाया।

सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में दोनों के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिनमें बिट्टू की हालत चिंता. जनक बताई जा रही है। बताया गया कि अंकित विवाहित हैं और जूट की बोरियों की मरम्मत का कार्य करते हैं। हादसे की सूचना पर इंस्पेक्टर उदय प्रताप भी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# गन्ने की फसल में अंकुर व चोटी बेधक कीट के प्रभाव पर कृषि विज्ञान केंद्र, द्वारा किसानों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गन्ने की फसल में अंकुर बेधक व चोटी बेधक कीटों का प्रभाव दिखाई पड़ रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के पादप सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने बताया कि अंकुर बेधक और कीट बेधक कीट अप्रैल से जून माह में ज्यादा लगता है। अंकुर बेधक कीट जिसे कंसुआ या सलाई आदि नामों से जाना जाता है। इस कीट की सुंडी अंकुरित गन्ने में कोमल तने में घुसकर कोमल तंतुओं को खाते हुए नीचे की ओर जाती है जिससे बीच की गोफ सूख जाती है जिसे डेड हार्ट या मृतसार भी कहते हैं। यह बीच की गोफ खींचने पर आसानी से बाहर निकल आती है। उसे सूंघने पर सिरके जैसी गंध भी आती है। इसके बचावध् नियंत्रण हेतु प्रभावित पौधों की सुंडी/प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर नष्ट कर देना चाहिए। गर्मी के दिनों में खेत की कम अंतराल पर सिंचाई करने के साथ निराई गुड़ाई की भी सलाह दी जाती है। रासायनिक नियंत्रण द्वारा बुवाई के 40 से 45 दिन बाद प्रति हेक्टेयर की दर से फिप्रोनिल 40: इमिडकलोप्रिड 40: की 500 ग्राम मात्रा अथवा क्लोरेन्टनिलिपप्रोल 8: थायोम थाक्सम 17.5: की 600 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से 800 से 1000 लीटर पानी के साथ मिलकर ड्रेंचिंग करके सिंचाई करने का सुझाव दिया जाता है। वही इसी समय के दौरान चोटी बेधक कीट का भी प्रकोप मिला। इस किट की मादा शलभ सफेद रंग की होती है पीछे नारंगी रोयेंदार संरचना पाई जाती है यह कीट गन्ने की पत्तियों की मध्य सिरा के पास अंडे देते हैं जो




नारंगी रंग के रोए से ढके रहते हैं अंडों से सुंडी निकलकर पत्ती की मध्य सिरा से होती हुई गन्ने के ऊपरी हिस्से पर पहुंच जाती है। तथा अगोले की कोमल अथवा बिना खुली हुई पत्तियों को खाती है जिससे पत्तियों के खुलने पर गोल छर्रे जैसे निशान दिखाई पड़ते हैं तथा अगोले से डेड हार्ट एवं झाड़ीदार संरचना बन जाती है। जिसे बंची टॉप भी कहते हैं। इस कीट की तीसरी पीढ़ी सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती है। जो जून के तीसरे सप्ताह से सक्रिय होती है। इस स्तिथि में अंडों एवं सूडियों को समय के रहते नष्ट करना अति आवश्यक है। अंडों के समूह को नष्ट एवम संक्रमित पौधों की जड़ों को काटकर नष्ट कर देना चाहिए। इस कीट के रासायनिक नियंत्रण हेतु अप्रैल के अंतिम सप्ताह अथवा मई के प्रथम सप्ताह में क्लोरेन्टानिलिप्रोल 18.5 एससी का 375 मिली को 800 से 1000 ली पानी मे घोल बना कर प्रति हेक्टेयर की दर से नेपसेक स्प्रेयर से जड़ों के पास ड्रेंचिंग करने के उपरांत सिंचाई करने का सुझाव दिया जाता है।

जैविक नियंत्रण के द्वारा बेधक कीटों के लिए 25 से 30 मीटर की दूरी पर 25 फेरोमेन ट्रैप प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। इससे नर शलभ आकर्षित होकर इसमें फंसकर मर जाते हैं। 5 से 10 लाइट ट्रैप प्रति हेक्टेयर की दर से कीटों के नियंत्रण के लिए प्रभावी होता है। ट्राइक. ोग्रामा जपोनिकम (अंडपरजीवी) के 1 से 1.5 लाख वयस्क प्रति हेक्टेयर की दर से माह जून से 15 दिन के अंतराल पर गन्ने के पत्ते की निचली सतह पर लगाने की सलाह दी जाती है।

# यूपी बोर्ड रिजल्ट का जश्न, शहर के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही पूरे प्रदेश के साथ-साथ मुरादाबाद जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के सभी विद्यालयों में छात्रों की शानदार सफलता पर जश्न मनाया गया। कहीं मिठाइयां बांटी गईं तो कहीं ढोल-नगाड़ों के साथ छात्रों का स्वागत किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में शहर के बुध बाजार स्थित एसएस इंटर कॉलेज के छात्र रोहित कुमार ने 90.8 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। रोहित कुमार ने जिले की टॉप-10 सूची में भी दसवां स्थान प्राप्त कर अपना और अपने स्कूल का नाम रोशन किया।वहीं हाई स्कूल परीक्षा में साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा तनीषा ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर में पहला स्थान हासिल किया।



तनीषा जिले की टॉप-10 सूची में छठे स्थान पर रहीं, जो उनकी मेहनत और लगन का प्रमाण है।जनपद की टॉप-10 सूची में कुंदरकी, बिलारी और कांठ क्षेत्र के विद्यालयों के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इससे यह साफ है कि शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी लगातार आगे बढ़ रहे हैं।इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम रहा।

# कार्यालय नगर पंचायत उमरी कला, (मुरादाबाद)

पत्रांक- 65/न०पा०उ०क०/2026-27 दिनांक-23.04.2026

**-:विज्ञप्ति/सार्वजनिक नीलामी सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम- उमरी कलां के गाटा संख्या-341/0.032 है० चकरोड़ में खड़े 06 आम के वृक्षों एवं कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंशों से प्राप्त गोवर खाद की नीलामी नगर पंचायत उमरी कलां, मुरादाबाद के कार्यालय कैम्पस में दिनांक 02.05.2028 को कार्यालय परिसर में प्रात: 11.30 बजे की जानी है। अपरिहार्य स्थिति में ठेका न होने पर अगली बोली दिनांक 06.05.2026 एवं 13.05.2026 को बोली जायेगी। इसके सन्दर्भ में विस्तृत नियम व शर्ते नगर पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी हेतु वृक्षों का विवरण निम्नयत् है:-

| क्र.सं0 | विवरण | मूल्यांकन राशि | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 |
| 1 | हर खड़े अयोग्य वृक्ष 06 नग | 22565.00 | 2000.00 |
| 2 | गोवर की खाद बिक्री वित्तीय वर्ष 2026-27 व 2027-28 हेतु (31 मार्च, 2028 तक।) | 68.00 प्रति कुन्तल | 2000.00 |

नीलामी प्रकिया में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को पृथक-पृथक रु०-2000.00 की धरोहर राशि नगर पंचायत उमरी कलां, मुरादाबाद के सिक्योटरी फण्ड के नाम से भारतीय स्टेट बैंक छजलैट में संचालित खाता संख्या: 43676103622 IFSC Code SBIN0011177 में जमा करना अनिवार्य है।

**नीलामी की शर्ते:-**

1. क्रेता को इस कार्यालय में अपना सम्पत्ति चिन्ह पंजीकृत कराना व प्रकाष्ठ के दुलान हेतु निकासी आदेश प्राप्त करना आवश्यक होगा।
2. केता को नियमानुसार राजकीय कर वसूल करके निर्धारित लेखाशीर्षक में जमा किये जायेगा।
3. वृक्ष का पातन अनुमति शुल्क रू०-100/- प्रति वृक्ष जमा किया जायेगा।

**( अरविन्द कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**
पंचायत उमरी कलां
मुरादाबाद।

**( मोहम्मद उसमान अली )**
**अध्यक्ष**
पंचायत उमरी कलां
मुरादाबाद।

# जिला स्तर तक खेलकूद प्रतियोगिता में अपना सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षकों अनुदेशकों को उपजिलाधिकारी द्वारा समारोह पूर्वक सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बृहस्पतिवार को खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस के मार्गदर्शन में विद्यालय से लेकर जिला स्तर तक खेलकूद प्रतियोगिता में अपना सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षकों अनुदेशकों को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह द्वारा समारोह पूर्वक सम्मानित कराया गया। इन शिक्षकों के प्रयास से ही इस बार विकास क्षेत्र ठाकुरद्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता रहा। साथ ही साथ विकास क्षेत्र ठाकुरद्वारा के छात्र/छात्राएं ने मंडल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विभिन्न खेलों में गोल्ड, रजत व कांस्य पदक भी जीते।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी द्वारा जीवन में खेल के महत्व को बताया तथा इस सत्र में अभी से बच्चों को तैयारी कराने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर निम्न शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही। निम्न शिक्षा मित्र,अनुदेशकों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं को गुरूवार को दोपहर दो बजे उपजिलाधिकारी के द्वारा तहसील सभागार में जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण योगदान के लिए देवेश कुमार - कुंदेसरा, नरेंद्र कुमार- मल्हपुरा, नरेंद्र कुमार सहदेव मस्तल्लीपुर, राजपाल सिंह - करनावाला खालसा, सोनिया चौहान अब्दुल्लापुर लेदा, योगराज सिंह सबलपुर, राकेश कुमार ठाकुरद्वारा, .शिप्रा अग्रवाल - मल्हपुरा, शिखा गुप्ता - ठाकुरद्वारा,.रीनू रानी - पृथ्वीपुर गांवड़ी, .रितु - पसियापुरा, विपिन कुमार - पसियापुरा, राजूलाल, सपना चौहान - कालाझंडा, आशीष कुमार - कालाझंडा, सोनी - रामपुर बलभद्र, दमयंती निखरे - रामपुर बलभद्र, भीम सिंह - रामपुर बलभद्र, नन्हें सिंह - पीलखपुर गुमानी, सतीश कुमार - प्रतापपुर गड्वाला, अरविंद कुमार - प्रतापपुर गड्वाला, महेंद्र सिंह - प्रतापपुर गड्वाला, मनोज कुमार यादव - प्रतापपुर गड्वाला, शुभम शर्मा - मानपुर दत्तराम, नरेंद्र कुमार - टांडा आलम, मनोज कुमार - रामपुर घोघर, कुलदीप कुमार - बथुआ खेड़ा, बब्बू कुमार - लालापुर पीपलसाना, शमशेर सिंह - रामपुर घोघर, ज्ञानेंद्र कुमार - बहादुरनगर, नरेश कुमार - राजूपुर मिलक, विवेक कुमार - बोवदवाला,त्रिवेंद कुमार - रामपुर बलभद्र, दिनेश कुमार मौर्य - मोहिउद्दीनपुर, प्रदीप कुमार - बलिया, निकेश कुमार - राजूपुर कलां, हरवीर सिंह एआरपी, पीयूष प्रशांत कालाझंडा सम्मानित किया गया।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जायंट्स ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर



**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड व वूमेन एरा द्वारा बुधवार को बी.एस हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन कैंप शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ0 सुधा चौधरी के स्वागत भाषण से शुरू हुई जिसमें उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के लोगों में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों की सहायता करना है।

तत्पश्चात चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के लाभों के बारे में बताया और यह भी समझाया कि रक्तदान करना एक महान कार्य है जिससे अनेक जीवन बचाएं जा सकते हैं। इस दौरान सुरभि अग्रवाल, सुमेघा अग्रवाल, लोकेश भारतीय, अमित शर्मा, विजय शर्मा, पूजा डूडेजा, अविनाश, सौरव अग्रवाल, सोनी बंसल व पल्लवी भारद्वाज ने रक्तदान किया। साथ ही रक्तदान करने के इच्छुक सभी नागरिकों का पंजीकरण करवाया गया। इस अवसर पर डॉ सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, कृष्ण अवतार गुप्ता, पदमा भार्गव, अनु रस्तोगी, सुभाष रूस्तगी, शुभा अग्रवाल, शुभा कागजी, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजलि, वंदना गुप्ता, प्राची, शिवानी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, पल्लवी भारद्वाज, सुमेघा, मीनू आहूजा आदि मौजूद रहे।

## अधिशासी अधिकारी के कड़े रुख से सुधरी सड़कों की गुणवत्ता, लोगों ने की सराहना

**चन्दौसी।** नगरपालिका द्वारा निविदा के तहत शहर की सात सड़कों का निर्माण प्रस्तावित था, ताकि नगरवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके। इनमें सबसे पुरानी लक्ष्मणगंज बारिशनगर की सड़क करीब 15 वर्ष बाद बनाई जानी थी, जबकि एक अन्य सड़क सीतारोड स्थित गुलडहरा रोड की थी। लक्ष्मणगंज की सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर मोहल्ले के लोगों ने शिकायत की। मौके पर पहुंचे चेयरमैन पति अखिलेश खिलाड़ी ने भी सड़क को मानक के अनुरूप न पाकर नाराजगी जताई और अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम से शिकायत की। अधिशासी अधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मानक के अनुसार कार्य न होने पर भुगतान रोक दिया जाएगा और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद ठेकेदार ने लक्ष्मणगंज में थ्री-लेयर हॉट मिक्स सड़क और गुलडहरा रोड पर भी गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया, जिसकी लोग सराहना कर रहे हैं।

# भाई आईपीएल हीरो बना, उम्मीद है गांव में सड़क बनेगी

### गुजरात टाइटंस के स्पीड़ स्टार अशोक शर्मा ने पिता को गिफ्ट की स्कूटी




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल के इस सीजन में गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे तेज गेंदबाज अशोक शर्मा सुर्खियों में हैं। वजह है- रफ्तार। अशोक नियमित तौर पर 150 किलोमीटर प्रति घंटा से भी ज्यादा तेज गेंदें फेंक रहे हैं। अशोक की इस कामयाबी ने उनके परिवार के लोगों को आस-पास के इलाके में मशहूर कर दिया है।अशोक के बड़े भाई अक्षय बताते हैं- भाई ने गांव का नाम रोशन कर दिया है।

जहां भी जाता हूं लोग रोक कर अशोक के बारे में पूछते हैं। उम्मीद है कि अशोक की सफलता का फायदा अब हमारे गांव को भी मिलेगा। हमारा गांव जयपुर से महज 35 किलोमीटर दूर है लेकिन हाईवे तक जाने के लिए अच्छी सड़क नहीं है। उम्मीद है यह सड़क जल्द बनेगी और गांव वालों की जिंदगी की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। गांव बुलाने में झिझक, पर जड़ों से गहरा लगाव। अक्षय ने कहा- हमें लोगों को यहां बुलाने में शर्म आती है, क्योंकि यहां कोई ढंग का रास्ता ही नहीं है।' दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से उतरने के बाद गांव तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। इन मुश्किलों के बावजूद, शर्मा परिवार को अपनी जड़ों और गांव से बेहद प्यार है। अक्षय बताते हैं कि करोड़ों रुपए की लीग का हिस्सा बनने के बाद भी अशोक सादगी पसंद करते हैं। वह अक्सर कहते हैं, 'कुछ भी हो जाए, अपना गांव नहीं छोड़ेंगे।' वे सुबह 5 बजे उठते हैं, मैदान पर दौड़ने जाते हैं, ट्रेनिंग करते हैं और घर का बना सादा खाना और छाछ उनकी डाइट का मुख्य हिस्सा है। अशोक के पिता नाथूलाल शर्मा आज भी खेतों में काम करते हैं। वे फटे हुए कपड़ों और मिटी से सने पैंट में ही अपने छोटे बेटे द्वारा गिफ्ट किए गए इलेक्ट्रिक स्कूटर से खेत से लौटते हैं।

अशोक की मां लाली देवी मुस्कुराकर बताती हैं कि अशोक बचपन में बहुत शरारती था। वह घर का खूब सामान तोड़ता था, जिसकी वजह से अक्सर बड़े भाई अक्षय को मार खानी पड़ती थी। परिवार के सबसे चहेते अशोक ने पिछले साल केकेआर टीम में रहते हुए अपने जन्मदिन पर जिद करके 'थार' गाड़ी मांगी थी। अब यह एसयूवी गांव के बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र है और गांव के रास्तों को देखते हुए यह एक सही चुनाव भी साबित हुई है।

तेज गेंदबाजी का शौक दोनों भाइयों को बचपन से था। अक्षय बताते हैं कि उन्हें अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को डराने में मजा आता था। इस जुनून के पीछे उनके चाचा रामदयाल शर्मा की प्रेरणा है, जो अपने समय में गांव के खूंखार तेज गेंदबाज माने जाते थे और एमएस धोनी की तरह लंबे बाल रखते थे। पिछले साल गुजरात टाइटंस ने अशोक को 90 लाख रुपए में खरीदा और इस साल उन्होंने अपना डेब्यू किया। परिवार उन्हें पहली बार लाइव खेलते देखने के लिए 450 किलोमीटर दूर चंडीगढ़ गया। इसके बाद अहमदाबाद में अगले मैच के लिए अशोक ने परिवार को बुलाया, तो उन्होंने फ्लाइट की जगह जयपुर से 10 घंटे की ट्रेन यात्रा चुनी। जब अशोक के पिता नाथूलाल से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी फ्लाइट में सफर किया है, तो उन्होंने धीरे से सिर हिलाते हुए कहा, 'नहीं।' इस पर बड़े भाई अक्षय ने चुटकी लेते हुए कहा कि पापा को प्लेन में बैठने से डर लगता है। पास ही चुपचाप बैठीं मां लाली देवी ने बातचीत में शामिल होते हुए बड़े भरोसे के साथ कहा कि एक दिन हम प्लेन में जरूर जाएंगे। वहीं, भाई अक्षय को उम्मीद है कि अशोक की इस शानदार सफलता की चमक से शायद अब रामपुरा गांव के नसीब में एक पक्की सड़क जरूर आ जाएगी।

# तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी पर टूटा दुखों का पहाड़, मां का हुआ निधन

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुकेश की मां का निधन हो गया है।

सीएसके ने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर गुरुवार को मुकेश चौधरी की मां के निधन की जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चौधरी की मां प्रेम देवी लगभग एक साल से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। उनका इलाज मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चौधरी फिलहाल सीएसके टीम के साथ नहीं हैं और गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में उनके खेलने की संभावना नहीं है। सीएसके ने पोस्ट किया, सीएसके परिवार मुकेश चौधरी की मां के निधन पर दुख जता रहा है। हम मुकेश और उनके परिवार के साथ हैं। इस बेहद मुश्किल समय में उन्हें अपनी दुआओं में रखते हैं। मुकेश चौधरी 2022 से ही सीएसके के साथ रहे हैं।

2022 में उनका आईपीएल डेब्यू हुआ था। उस सीजन 13 मैचों में 16 विकेट लेकर उन्होंने सुर्खियां बटोरी थीं। उस सीजन के बाद से इंजरी और दूसरे खिलाड़ियों की उपलब्धता की वजह से उन्हें ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला है। 2022 के बाद वह केवल चार मैच खेल पाए हैं। आईपीएल 2026 में चौधरी सिर्फ एक मैच खेल पाए हैं जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए हैं। सीएसके खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही है। तेज गेंदबाज खलील अहमद चोट की वजह से सीजन से बाहर हो चुके हैं।

# 19 साल के जोडर की रैंकिंग में टॉप-50 में एंट्री



**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेनिश टेनिस की दुनिया में वर्तमान में कार्लोस अल्कारेज का दबदबा है, लेकिन अब 19 वर्षीय राफेल जोडर कमाचो एक नई सनसनी बनकर उभरे हैं। स्पेनिश होने और 'राफेल' नाम होने के कारण उनकी तुलना दिग्गज राफेल नडाल से होना स्वाभाविक है, लेकिन जोडर ने बड़ी सादगी से इस समानता को स्पष्ट किया है।

जोडर ने बताया, 'नडाल मेरे आदर्श हैं, लेकिन मेरा नाम उनके नाम पर नहीं रखा गया है। मेरे पिता, दादा और परदादा, तीनों का नाम राफेल था।' यह नाम उनकी पारिवारिक परंपरा का हिस्सा है, लेकिन कोर्ट पर उनके प्रदर्शन ने नडाल जैसे सुनहरे भविष्य की उम्मीदें जगा दी हैं। राफेल जोडर की यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं है।

एक साल पहले जोडर रैंकिंग में शीर्ष 600 से भी बाहर थे। मार्च 2024 में उन्होंने पहली बार शीर्ष-100 में प्रवेश किया। अब वे सीधे 42वें नंबर पर पहुंच गए हैं। मैड्रिड ओपन में डेब्यू से ठीक पहले शीर्ष-50 में जगह बनाना उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इस महीने मोरक्को में अपना पहला टूर-लेवल खिताब जीतने के बाद, उन्होंने बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।

### ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट मुकाबले पोमोना में खेले जाएंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** साल 2028 में होने वाले लास एंजिल्स ओलिंपिक के लिए क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। कैलिफोर्निया के पोमोना में बुधवार को हुए भूमि पूजन के साथ ही क्रिकेट की 128 साल बाद ओलिंपिक में वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सभी मुकाबले लास एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना स्थित फेयरग्राउंड्स मैदान पर खेले जाएंगे। ओलिंपिक में क्रिकेट मैच 12 जुलाई से 29 जुलाई 2028 तक आयोजित होंगे। साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। इसके बाद क्रिकेट को ओलंपिक्स में नहीं लिया गया। पेरिस ओलंपिक्स के क्रिकेट इवेंट में सिर्फ दो टीमों इंग्लैंड और फ्रांस ने हिस्सा लिया था।

# राजस्थान के नांद्रे बर्गर पर जुर्माना




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 32वें मुकाबले में राजस्थान रायल्स (आरआर) के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में उनके व्यवहार पर मैच रेफरी ने 10: मैच फीस का जुर्माना लगाया है।

साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पाइंट जोड़ा गया है। हालांकि किस खिलाड़ी के साथ गलत व्यवहार हुआ, इसका बीसीसीआई ने उल्लेख नहीं किया है। माना जा रहा है कि मिचेल मार्श को आउट किया तब शायद उन्होंने मार्श को आउट करने के बाद कुछ बोला या इशारा किया। जिसे फील्ड अंपायरों ने गलत माना। साउथ अफ्रीकी गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 अपराध का दोषी माना गया है। उन पर आर्टिकल 2.5 के तहत कार्रवाई की गई है। यह आर्टिकल ऐसे मामलों में लागू होता है, जब खिलाड़ी मैदान पर भाषा, एक्शन या इशारों से दूसरे खिलाड़ी का अपमान करे या उसे उकसाए। सुनवाई में नांद्रे बर्गर ने गलती स्वीकार की और सजा मंजूर की। आईपीएल नियमों के अनुसार, लेवल-1 मामलों में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है और अपील का अधिकार नहीं होता। नांद्रे बर्गर ने इस मैच में 4 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने पहले कप्तान ऋषभ पंत को आउट किया और फिर मिचेल मार्श को आउट किया। इस मैच में मार्श ने उनके ओवर में चौके-छक्के लगाए। आउट होने से पहले भी मार्श ने छक्का जड़ा। मार्श को आउट करने के बाद बर्गर अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए और उन्हें कुछ बोल दिया। राजस्थान रायल्स की इस सीजन पांचवीं जीत है। बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हराया।

इकाना स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 18 ओवर में 119 रन बनाकर आलआउट हो गई। मिचेल मार्श ने 55 रन की फिफ्टी लगाई, लेकिन बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। कप्तान ऋषभ पंत, आयुष बडोनी और ऐडन मार्करम खाता नहीं खोल सके। गेंदबाजी में राजस्थान से जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा ने आलराउंड प्रदर्शन में नाबाद 43 रन बनाए और निकोलस पूरन का विकेट लिया।

# वैभव के सबसे तेज 500 रन, IPL के 32 वें मैच में रचा इतिहास



## जडेजा 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच, जोफ्रा राजस्थान के हाईएस्ट विकेट टेकर

**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 आईपीएल रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर राजस्थान के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं।

वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में पहली ही गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके। रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड अपने नाम किया। खास बात यह है कि 75 मैचों के बाद पहली बार उन्होंने **CSK** के अलावा किसी दूसरी टीम के लिए यह अवार्ड जीता। इससे पहले उनके 16 पीओटीएम अवार्ड चेन्नई के लिए आए थे। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे सिर्फ रोहित शर्मा (21), विराट कोहली (19) और एमएस धोनी (18) हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने होम ग्राउंड पर लगातार 7वीं हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में घर पर सबसे ज्यादा लगातार हार के रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जहां दिल्ली (9 हार) और डेक्कन चार्जर्स (8 हार) जैसे टीम्स इससे ऊपर हैं। जोफ्रा आर्चर अब राजस्थान रायल्स के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनके नाम 68 विकेट हो गए हैं। उन्होंने युजवेंद्र चहल (66) और सिद्धार्थ त्रिवेदी (65) को पीछे छोड़ दिया।

मोहम्मद शमी के दूसरे ओवर में लगातार एक्शन देखने को मिला, लेकिन सबसे बड़ा मोमेंट रहा ऋषभ पंत का कमाल का कैच। तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर शमी ने तेज बाउंसर डाली, जिस पर यशस्वी जायसवाल ने हुक शाट खेलने की कोशिश की। गेंद ग्लव लगकर विकेट के पीछे ऊंची गई, जहां पंत ने हवा में उछलते हुए एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया। उनकी टाइमिंग और फुर्ती ने सभी को हैरान कर दिया। इसके बाद अगली ही गेंद पर शमी ने धरुव जुरेल को भी आउट कर दिया।

मोहसिन खान ने अपने पहले ही ओवर में विकेट-मेडेन ओवर डाला। चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी बड़ा शाट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। ऑफ स्टंप पर लेंथ बाल पर उन्होंने लेग साइड में बड़ा शाट खेलने की कोशिश की।, लेकिन संतुलन खो बैठे और गेंद ठीक से टाइम नहीं कर पाए।

## मैच से पहले कार्टून देखते हैं वैभव सूर्यवंशी

**पटना, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी हर बार मैच खेलने से पहले कार्टून देखते हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया है। बुधवार को राजस्थान रायल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच मुकाबला खेला गया था,

जिसमें वैभव की टीम त्त ने जीत हासिल की। इस दौरान जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने भोजपुरी में जवाब देते हुए कहा कि, श्सबके प्लान ईहे बा कि अगला मैच में अच्छा करे के बा, जीत के 2 पाइंट ली, प्लेऑफ के तरफ बढ़ी। वैभव ने इस मैच में रिकॉर्ड भी बनाए हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। मैच के बाद जब उनसे भोजपुरी में सवाल किया गया कि जिस उम्र में सब कार्टून देखते हैं, उस उम्र में आप गेंदबाज के गेंद को कार्टून बनाते हैं। आपके दिमाग में क्या चलते रहता है? इस पर वैभव ने जवाब दिया कि, 'मेरे दिमाग में कुछ नहीं चलता है। आज भी मैं हर दिन मैच से पहले कार्टून देखता हूं, क्योंकि मेरी आदत है देखने की। मगर फोकस गेम पर है।' वैभवन ने बताया कि, 'अगले मैच में हमारा यही प्लान है कि अच्छा करना है। जीत का 2 पाइंट लेना है और आगे प्लेऑफ की तरफ बढ़ना है।' लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में बांग्लादेशी खिलाड़ियों का जलवा

### तंजीद हसन 14 पायदान चढ़कर 40वें नम्बर पर पहुंचे, बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय




**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की ताजा वनडे और टी-20 प्लेयर रैंकिंग जारी हुई। न्यूजीलैंड के खिलाफ मीरपुर में मिली 6 विकेट की जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने लंबी छलांग लगाई है। वहीं, बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय शामिल हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

इस जीत में तंजीद हसन ने 76 रनों की अहम पारी खेली, जिससे उन्हें वनडे बैटिंग रैंकिंग में 14 पायदान का फायदा हुआ और वे 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, तौहीद हृदोय 30 रन की नाबाद पारी के दम पर 5 स्पाट ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर आ गए हैं। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में बांग्लादेश के स्पिनर रिशाद हुसैन और पेसर नाहिद राणा को बड़ा फायदा हुआ है। मीरपुर वनडे में दोनों ने मिलकर 6 विकेट झटके थे। रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़कर 58वें और नाहिद राणा 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम ने साल 2024 के अंत के बाद पहली बार वनडे मैच खेला और दो मैचों में 4 विकेट लेकर 39वें स्थान के साथ रैंकिंग में वापसी की है। न्यूजीलैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेरिल मिचेल बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। इसके बावजूद वे वनडे बैटिंग रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। फिलहाल वनडे चार्ट्स में उनका दबदबा कायम है। स्काटलैंड के नामीबिया दौरे के बाद टी-20 रैंकिंग में भी बदलाव हुए हैं। स्काटलैंड ने यह सीरीज 2-1 से जीती। सीरीज के आखिरी मैच में शतक लगाने वाले ओपनर जार्ज मुन्से 7 पायदान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, गेंदबाज मार्क वाट ने दो मैचों में 3 विकेट लेकर 10 पायदान की छलांग लगाई और अब वे 47वें नंबर पर हैं। नामीबिया के कप्तान जेरार्ड इरास्मस ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने सीरीज की 3 पारियों में 145 रन बनाए, जिससे वे बैटिंग रैंकिंग में 24 पायदान चढ़कर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा आलराउंडर रैंकिंग में वे 5 पायदान ऊपर उठकर अब दुनिया के 10वें नंबर के आलराउंडर बन गए हैं।

# साउथ अफ्रीका ने भारत से टी-20 सीरीज जीती

### अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम ने भारत को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है। तीसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराकर 3-0 की अजेय बढ़त बनाई। टीम ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज (193 रन) किया। कप्तान लारा वोल्वार्ट ने 47 गेंदों में शतक जड़ा, जो उनके करियर की सबसे तेज संचुरी है।

साउथ अफ्रीका की जीत में लारा वोल्वार्ट और सुने लुस की 183 रनों की साझेदारी अहम रही। वोल्वार्ट ने 115 रन बनाए, जबकि सुने लुस ने 42 गेंदों पर 64 रन बनाकर साथ दिया। टीम ने 193 रनों का लक्ष्य 16.3 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने बनाया था अपना हाईएस्ट स्कोर, फिर भी हार मिली, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 192/9 का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। शेफाली वर्मा ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी आउट होने से पारी लड़खड़ा गई थी। मंधाना 34 और जेमिमा शून्य पर आउट हुईं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला।

शेफाली ने 46 गेंदों में 64 रन बना कर टीम को अच्छी शुरआत दी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी-20 अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए। आखिरी ओवर में उन्होंने तुमी सेखुखुने की गेंदों पर दो छक्के लगाए। उन्होंने ऋचा घोष के साथ 26 गेंदों में 51 रनों की पार्टनरशिप की, जिससे भारत 190 के पार पहुंच सका। 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते समय वोल्वार्ट को भारतीय फील्डर्स ने दो मौके दिए।

31 रन पर स्मृति मंधाना ने उनका कैच छोड़ा। 85 रन पर कप्तान हरमनप्रीत कौर से भी कैच छूट गया। वोल्वार्ट ने इसका फायदा उठाते हुए 84 रन लेग साइड पर बनाए, जिसमें उनके सभी छक्के शामिल थे। मैच के दौरान अरुंधति रेड्डी चोटिल होकर मैदान से बाहर चली गईं। उन्हें साइड स्ट्रेन (कमर के पास खिंचाव) हुआ। 10वें ओवर में दो गेंदें फेंकने के बाद उन्हें मेडिकल मदद लेनी पड़ी। उन्होंने ओवर पूरा किया, लेकिन बाद में फील्डिंग के लिए नहीं आईं। उनकी जगह उमा छेत्री और बाद में अनुष्का शर्मा ने फील्डिंग की।

# चक्कर की मिलक दंपति हत्याकांड में पुलिस का एक्शन हुआ तेज

## फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र चक्कर की मिलक इलाके में हुए चर्चित दंपति हत्याकांड के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने फरार चल रहे आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है, जिससे उनकी जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। पुलिस के अनुसार, इस सनसनीखेज हत्याकांड में मुख्य आरोपी फहीम को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं, एक अन्य आरोपी अनस को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बावजूद मामले से जुड़े अन्य आरोपीख़ आरिफ, उसका पिता और दो अन्य साथी घटना के बाद से लगातार फरार हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहे हैं।एसएसपी सतपाल अंतिल ने



बताया कि फरार आरोपियों की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं और आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने के लिए तकनीकी मदद भी ली जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है।अधिकारियों ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को आरोपियों के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करे। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।इस मामले को लेकर क्षेत्र में अभी भी तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं परिजनों और स्थानीय लोगों की मांग है कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# घर में घुसकर हमला करने के आरोपी का पुलिस ने किया चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में 15 अप्रैल की रात को पवन पुत्र धर्मपाल सहित चार लोगों ने गांव के राजीव चौहान पुत्र जयवीर के घर पर हमला करके उसे व उसकी मां को घायल कर दिया था जिसमें राजीव की मां के काफी चोट आई राजीव थाने पहुंचा और उसने तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जिसमें आज पवन पुत्र धर्मपाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है।

# कटघर थाना क्षेत्र में खड़ी कार में लगी आग, क्षेत्र के लोगों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कटघर थाना क्षेत्र इंदिरा कॉलोनी स्थित गुलाब बाड़ी इलाके में गुरुवार तड़के एक खड़ी कार में अचानक



आग लगने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब 5 बजे हुई इस घटना में देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जलकर खाक हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले कार से हल्का धुआं उठता नजर आया, जिसके बाद अचानक तेज लपटें निकलने लगीं। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास मौजूद लोग घबरा गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।कार मालिक आलम पुत्र मोहम्मद नवी ने बताया कि उन्होंने यह वाहन हाल ही में खरीदा था। अचानक आग लगने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि कार खड़ी थी और पहले कभी कोई बड़ी तकनीकी दिक्कत सामने नहीं आई थी।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि घटना के समय कार के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

# अचानक तबीयत बिगड़ने से शिक्षिका की मौत

## मूल रूप से गाजियाबाद की रहने वाली थी परिषदीय शिक्षिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कहते हैं कि ईश्वर की मर्जी के आगे किसी का वश नहीं चलता और कब क्या हो जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। बीते कुछ दिनों से विकासखंड बनियाखेड़ा क्षेत्र में लगातार हो रही अप्रत्याशित घटनाओं ने लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया है। अचानक हो रही मौतों ने क्षेत्रवासियों को झकझोर दिया है, क्योंकि जिन लोगों की जान गई, वे अपने भविष्य को लेकर सजग और जीवन में आगे बढ़ने की दिशा में प्रयासरत थे।

इसी क्रम में गुरुवार सुबह एक और दु:खद घटना सामने आई, जब परिषदीय विद्यालय में कार्यरत एक शिक्षिका की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। शिक्षिका अर्चना पत्नी





महावीर सिंह, मूल रूप से गाजियाबाद की रहने वाली थीं। उनकी नियुक्ति वर्ष 2020 में सहायक अध्यापिका के रूप में हुई थी और वह विकासखंड बनियाखेड़ा के काजीवाला प्राथमिक विद्यालय में तैनात थीं। अर्चना चन्दौसी के विकासनगर क्षेत्र में किराये के मकान में अकेले रहकर नौकरी कर रही थीं, जबकि उनके पति गाजियाबाद में एक निजी बैंक में कार्यरत हैं। उनका एक बेटा और एक बेटी है, जो अपने पिता के साथ रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। गुरुवार को अर्चना रोज की तरह वैन से विद्यालय जाने के लिए निकली थीं। जैसे ही वैन तहसील चौराहे के पास पहुंची, अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। स्थिति को देखते हुए वैन चालक और साथ में मौजूद शिक्षकों ने उन्हें तुरंत बीएस हॉस्पिटल और फिर पार्थ हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वैन चालक पहले उनके शव को उनके किराये के मकान पर लेकर गया और फिर बीआरसी केंद्र पहुंचाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा और खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब 12 बजे शिक्षिका के परिजन और पति भी वहां पहुंच गए। परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया और शव को अपने साथ गाजियाबाद ले गए। पति के अनुसार, अर्चना के सिर में ट्यूमर था, जिसका कुछ समय पहले ऑपरेशन हुआ था और उनका इलाज जारी था। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और लोग स्तब्ध हैं।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, चन्दौसी के विद्यार्थियों ने किया जिले में नाम रोशन

**चन्दौसी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद् प्रयागराज द्वारा वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम गुरुवार शाम 04 बजे घोषित किया गया। जनपद संभल में इस वर्ष कुल 27,787 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 23,718 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त



गौरव



नितेश।



अपूर्वा

की। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों और उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। चन्दौसी के राज. श कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपना स्थान बनाया। हाईस्कूल वर्ग में छात्र नितेश कुमार पुत्र महेशचंद्र, निवासी गुमथल ने 600 में से 574 अंक प्राप्त कर जनपद संभल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं असालतपुर जारई निवासी गौरव पुत्र दलवीर सिंह ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गौरव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिवार को दिया तथा भविष्य में इंजी. नियर बनकर देश की सेवा करने की इच्छा जताई। वहीं नगर के हनुमानगढ़ी स्थित जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर कॉलेज की इंटरमीडिएट की छात्रा अपूर्वा पुत्री श्रीनिवास यादव नि0 इंद्रा कॉलोनी ने 92.80 प्रतिशत अंक लाकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राजेश कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज के छात्र विशाल पुत्र बलवीर निवासी चन्दौसी ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में छठा स्थान हासिल किया। विद्यालय में छात्रों की इस उपलब्धि पर शिक्षकों और प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया। परिणाम आने के बाद विद्यालय परिसर में मिठाइयां बांटी गई और छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। सफल विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी और उन्होंने अपनी मेहनत को सफलता में बदलकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

# गंगा सप्तमी पर भजन-कीर्तन व दीपदान महिलाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित श्रीगीता सत्संग भवन में श्रीगीता सत्संग महिला मंडल के द्वारा गुरुवार को गंगा सप्तमी के दिन भजन कीर्तन करके एवं दीपदान करके गंगा सप्तमी का दिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रुप के अधिकांश सदस्यो ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

संयोजिका इंदु अग्रवाल ने बताया कि गंगा सप्तमी मां गंगा का पुन: जन्म या पृथ्वी पर पुन अवतरण का पावन दिन है पौराणिक कथा के अनुसार राजा सगर के पुत्रों के उद्धार के लिए जब गंगा जी स्वर्ग से पृथ्वी पर आ रही थी तो उनका वेग कितना तीव्र था कि उन्होंने ऋषि जहनु के आश्रम को तहस-नहस कर दिया ऋषि जहनु ने गंगा जी को क्रोध में पी लिया था लेकिन भगीरथ की



प्रार्थना पर वैशाख शुक्ल सप्तमी को उन्होंने गंगा जी को अपने कान से मुक्त किया जिससे गंगा जी को जाह्नवी नाम भी मिला। अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया कि गंगा सप्तमी का पर्व बेहद पवित्र माना जाता है इस दिन मां गंगा का धरती पर पुन अवतरण हुआ इसलिए इसका धार्मिक महत्व बहुत खास होता है इस अवसर पर गंगा स्नान, पूजा और दान करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और पूनय की प्राप्ति होती है।

वित्त मंत्री रानी अग्रवाल ने विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया उन्होंने कहा की वर्तमान समय में प्रदूषण जंगलों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं जिससे पृथ्वी का संत. ुलन बिगड़ रहा है इसलिए हम लोगों को चाहिए कि हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाए हमें प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल, अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष मीरा अग्रवाल, रानी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, अलका अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रीता, रूपाली, पूनम, बीना, चंचल, मंजू, बीनू, रेखा, कल्पना, नीलम, प्रतिभा, माया, कविता, सुनीता, शशि अंजू आदि उपस्थित रही।

## कांठ में रहबर-ए-आम मुस्लिम इंटर कॉलेज का शानदार परीक्षा परिणाम, 100% सफलता

**कांठ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (UPMSP) द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में नगर स्थित रहबर.ए.आम मुस्लिम इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है कक्षा 10वीं के परिणाम में छात्रा इकरा ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया इसके अलावा शुमायला ने 89 प्रतिशत तथा इरम ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता दर्ज की। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला तथा छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

# आकाश इंस्टिट्यूट का शानदार प्रदर्शन

## 2 छात्रों ने पाई सफलता, मयंक सिंह 98.04 परसेंटाइल के साथ बने टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आकाश एजुक. ेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL), मुरादाबाद के छात्रों ने JEE Main 2026 में सराहनीय प्रदर्शन कर अपनी मजबूत तैयारी और शैक्षणिक निरंतरता को साबित किया है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा 20 अप्रैल 2026 को जारी परिणामों के अनुसार, आकाश इंस्टिट्यूट मुरादाबाद के 2 छात्रों ने JEE Main 2026 (सेशन 2) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मयंक सिंह ने 98.04 परसेंटाइल और ऑल इंडिया रैंक (AIR) 31,294 प्राप्त कर मुरादाबाद में टॉप किया।इस सफलता पर ।म्ै्ल के रीजनल डायरेक्टर डी. के. मिश्रा ने कहा, ष्देशभर में हमारे छात्रों का प्रदर्शन उनकी मेहनत, अनुशासन और आकाश के मजबूत लर्निंग सिस्टम को दर्शाता है। संरचित शैक्षणिक कार्यक्रमों और विशेषज्ञ मार्गदर्शन



के साथ उनके निरंतर प्रयासों ने उन्हें उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने में मदद की है। हम सभी छात्रों को बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय नियमित अभ्यास, कड़ी ट्रेनिंग, समय-समय पर मार्गदर्शन और निरंतर मूल्यांकन को दिया।

उन्होंने बताया कि सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम, अनुभवी शिक्षकों और नियमित मॉक टेस्ट से उन्हें कमजोरियों को समय रहते पहचानने और लगातार सुधार करने में मदद मिली।गौरतलब है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित JEE Main परीक्षा देश के प्रमुख तकनीकी संस्थानों जैसे NITs, IIITs और अन्य केंद्रीय वित्त पोषित संस्थानों में प्रवेश का माध्यम है। साथ ही यह JEE Advanced के लिए भी योग्यता प्रदान करती है, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) में प्रवेश की परीक्षा है।

# पृथ्वी दिवस पर डीपीएस स्कूल में लिया धरती को बचाने का संकल्प

**कांठ( शाह टाइम्स )** दिल्ली पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेष प्रार्थना सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों ने लघु नाटिका गायन पोस्टर मेकिंग स्लोगन लेखन वाद विवाद प्रतियोगिता एवं पौधारोपण आदि पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पृथ्वी केवल हमारी जरूरत पूरी करने का साधन नही है बल्कि यह हमारा घर है प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण बिजली संरक्षण बृक्षों का संवर्धन एवं जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने धरा बचाओ जीवन बचाओ के माध्यम से विद्यार्थियों और स्टाफ के लोगों को पर्यावरण संरक्षण और इसे हरा भरा रखने की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रबंधक संदीप कुमार जैन निदेशक नितिन जैन प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार कमलेश पन्त इस्वा खान रंजन सिंह पूजा शुक्ला पारुल घटक काजल सैनी आदि शिक्षक मौजूद रहे।






# दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में कांठ के 10 बच्चों ने बनाई टॉप 10 में जगह

**कांठ( शाह टाइम्स )** हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा फल गुरुवार की शाम को घोषित किया गयास जिसमे महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने जनपद की टॉप 10 सूची में हाई स्कूल में 5, एवं इंटरमीडिएट में 4 छात्राओं ने अपना स्थान प्राप्त किया हैस जबकि केसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज के अभिषेक ने पहला स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल कर ली हैं। प्रधानाचार्य मदन सिंह के मुता. बिक कनक सिंह ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त किया समहर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा फल 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने वाले मेधावी हाई स्कूल के टॉपर्स कनक सिंह 96.17% प्रदेश रैंक 10,जिला रैंक 02 अमृता सिंह 95.50% जिला रैंक 04,अरीबा 94.50% जिला रैंक 09,शुमैला परवीन 94.50%जिला रैंक 09, -इशिका 94.17%जिला रैंक 10,इंटरमीडिएट के टॉपर बुशरा 91.40% जिला रैंक 07, आर्या कुश चौहान 91.20% जिला रैंक 08,परिधि 91% जिला रैंक 09,रितिका चौहान 90.80%जिला रैंक 10, विद्यालय की सफलता पर प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, अध्यक्ष अजय बिश्नोई आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।





Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# हिंसा के साथ मतदान

पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान हो गया, जो 152 सीट पर हुआ। इसके साथ ही तमिलनाडु का चुनाव भी संपन्न हो गया। नतीजे 4 मई को आने हैं। जिस तरह के समाचार आ रहे हैं, वह यह तो बताते हैं कि अब अपने मतदाधिकारों को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। आंकड़े भी इस बात की गवाही दे रहे हैं। पश्चिमी बंगाल से 92 प्रतिशत मतदान होने की खबर आ रही है, तो वहीं तमिलनाडु राज्य से भी अब तक जो रुझान आया है वह 84 प्रतिशत से अधिक का ही है। सही आंकड़े तभी सामने आएंगे, जब चुनाव आयोग अपनी तरफ से अधिकृत जानकारी देगा, लेकिन जाहिर है प्रतिशत में ज्यादा अंतर नहीं आएगा, लेकिन यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है कि अब अपने मताधिकार के प्रति लोग जागरूक हुए हैं और उसकी प्रशंसा स्वयं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भी की है और कहा है कि लोगों ने जिस तरह बढ़-चढ़कर अपने मतदान का प्रयोग किया, वह बधाई के पात्र हैं, लेकिन साथ-साथ एक दुखद खबर भी है, जिस तरह की हिंसा की खबरें तमिलनाडु से प्राप्त हो रही हैं वह हमें सोचने पर विवश करती है। हालांकि यह तर्क दिया जा रहा है कि चुनाव में हिंसा होती है और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य तो चुनावी हिंसा के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। पहले चरण का विधानसभा सीटों के लिए चुनाव भी अछूता नहीं रहा और कई जगहों से हिंसा की खबरें आ रही हैं, पार्टी के उम्मीदवार तक को पीटा गया है। यह लक्षण सुखद नहीं हैं। इस पर चुनाव आयुक्त को सोचना होगा कि हिंसारहित चुनाव कैसे कराए जाएं। यूं तो किसी भी राज्य में चुनाव होना एक सामान्य प्रक्रिया है और वह बिना किसी विशेष हंगामे के हो भी जाते हैं, लेकिन कुछ राज्य राजनीतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन जाते हैं और उन्हीं के हिसाब से चर्चा भी होती है। कहने को तो चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं, केरल, पुड्डुचेरी और असम में चुनाव हो चुके हैं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में पहले चरण का चुनाव हो गया है, यहां यह भी बता दें कि तमिलनाडु का चुनाव एक ही चरण में होना है, पश्चिमी बंगाल ही वह राज्य है जिसका चुनाव दो चरणों में होना है, नतीजे जरूर सभी के एक तारीख 4 मई को आएंगे। अब यह कहना तो मुश्किल है कि यह जो वोट प्रतिशत पड़ा है, यह किसके पक्ष में जाएगा, सत्तारूढ़ या विपक्ष के लिए, लेकिन यहां यह कहना जरूरी है कि पश्चिम बंगाल वह राज्य है जहां सत्ता पक्ष व विपक्ष अपनी पूरी शक्ति के साथ चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। प्रधानमंत्री सहित तमाम भाजपा का लाव-लश्कर पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए है। गुरुवार को भी प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में रोड शो किया है। इसलिए चकाचौंध में यह कहना मुश्किल है कि बाजी किसके हाथ लगेगी।

## चौथी बार सरकार बनने का रास्ता साफ



पश्चिम बंगाल में भारी मतदान सत्ता बदलने के लिए नहीं, बल्कि टीएमसी सरकार के भारी समर्थन और भाजपा के कड़े विरोध में हुआ है, मतदान का बढ़ता हुआ प्रतिशत सीधे तौर पर सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में गया है, पहले चरण में जिन 152 सीटों पर चुनाव हुए हैं, उनमें से टीएमसी कम से कम 125 सीटें जीतने जा रही है और यह आंकड़ा 134 तक भी जा सकता है, बंगाल की जनता ने पहले ही चरण में भाजपा की कमर तोड़ दी है और टीएमसी की लगातार चौथी बार सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। नंदीग्राम जैसी हाई-प्रोफाइल सीट पर भी टीएमसी ने की बड़ी जीत होगी, ज्यादा वोटिंग का मतलब हमेशा सरकार बदलना नहीं होता है, टीएमसी नेताओं का सबसे ज्यादा जोर इस बात पर रहा है कि राज्य की महिलाओं ने भारी संख्या में घर से बाहर निकलकर वोट डालें, महिलाओं का यह भारी मतदान ममता बनर्जी पर उनके भरोसे और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा असर है।

**-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल**

# सीबीआई अधिकारियों को सजा संस्थागत भ्रष्टाचार पर सवाल





**रजनीश कपूर**

दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में गत 18 अप्रैल को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया। न्यायमूर्ति शशांक नंदन भट्ट ने सीबीआई के वर्तमान संयुक्त निदेशक रमनीश और सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त वीके पांडे को धारा 323, 427, 448 तथा 34 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया। यह घटना वर्ष 2000 की है, जब रमनीश सीबीआई में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस के पद पर थे। यह फैसला सीबीआई की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाता है। सीबीआई खुद को देश की प्रमुख जांच एजेंसी बताती है, जो भ्रष्टाचार और दुरुपयोग के खिलाफ लड़ती है, लेकिन जब उसके अपने वरिष्ठ अधिकारी ही 'मालाफाइड रेड', मारपीट और साजिश में शामिल हों, तो सवाल उठता है कि तब सीबीआई अपने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती?

शिकायतकर्ता अशोक कुमार अग्रवाल, 1985 बैच के आईआरएस अधिकारी, उस समय दिल्ली जोन में डिप्टी डायरेक्टर (इनफोर्समेंट) थे। अदालत ने पाया कि 19 अक्टूबर 2000 को सीबीआई टीम द्वारा उनके घर पर की गई प्रातः कालीन रेड और गिरफ्तारी पूरी तरह 'मालाफाइड' (दुराभिसंधि से) थी। इसका एकमात्र उद्देश्य सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (सीएटी) के 28 सितंबर 2000 के आदेश को निष्प्रभावी बनाना था, जिसमें अग्रवाल के निलंबन की समीक्षा चार सप्ताह में करने का निर्देश दिया गया था।

अदालत ने माना कि रेड और गिरफ्तारी कानून द्वारा प्रदत्त शक्तियों का घोर उल्लंघन थी। आरोपी अधिकारियों के कार्य 'आधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन' की परिभाषा में नहीं आते, इसलिए उन्हें धारा 197 सीआरपीसी या दिल्ली पुलिस एक्ट की धारा 140 के संरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में साजिश भी स्थापित की, क्योंकि कानून के मुताबिक तत्कालीन डीएसपी रमनीश को केस दर्ज करने का अधिकार ही नहीं था। अदालत ने कहा कि आरोपियों की पूरी कार्रवाई कानून का उल्लंघन थी और सीएटी के आदेश के तहत शिकायतकर्ता को वंचित करने का जानबूझकर प्रयास था। सबूत बियॉन्ड रीजनेबल डाउट के स्तर पर शिकायतकर्ता के पक्ष में थे। विभागीय जांच में यह भी देखना होगा कि डीएसपी रमनीश किसके इशारे पर ऐसा कर रहे थे? दिल्ली हाईकोर्ट ने 2016 में और सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में पहले ही धारा 197 सीआरपीसी के तहत संरक्षण को अस्वीकार कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि की कि 'मालाफाइड' इरादे से किए गए कार्य आधिकारिक कर्तव्य नहीं माने जा सकते। रमनीश आज भी सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर हैं। दोषसिद्धि के बाद भी क्या विभागीय कार्रवाई हुई? क्या सस्पेंशन या बर्खास्तगी का प्रस्ताव है? अतीत में कई मामलों में सीबीआई अधिकारियों पर भ्रष्टाचार, फर्जी मुठभेड़, सबूत गढ़ने या राजनीतिक दबाव के आरोप लगे, लेकिन आंतरिक कार्रवाई अक्सर कमजोर या लंबित रहती है। क्या यह संस्थागत संरक्षण का मामला नहीं है? क्या सीबीआई में 'अपने लोगों' को बचाने की संस्कृति है, जो उसकी निष्पक्षता को कमजोर करती है? अगर एजेंसी खुद कानून तोड़ती है तो आम नागरिक उस पर भरोसा कैसे करे? यह घटना 2000 की है, लेकिन आज भी रमनीश जैसे अधिकारी उच्च पद पर हैं, जो कि चिंताजनक है।

यहां आर्टिकल 311 और रूल 19 का उल्लेख जरूरी है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 311 सरकारी कर्मचारियों (सिविल सेवा में नियुक्त व्यक्तियों) की रक्षा करता है। यह कहता है कि किसी कर्मचारी को बिना जांच के, बर्खास्तगी, हटाया जाना या रैंक में कमी नहीं की जा सकती। ऐसे में आरोपी को उस पर लगे आरोप बताए जाएं और सुनवाई का अवसर दिया जाए। लेकिन दूसरे प्रावधान (दूसरा प्रोविजो) में अपवाद हैं। खंड a स्पष्ट है, अगर कर्मचारी का आचरण आपराधिक मुकदमे में दोषसिद्धि का आधार बना है, तो पूर्ण जांच की जरूरत नहीं। दोषसिद्धि के आधार पर सीधे बर्खास्तगी या अन्य सजा दी जा सकती है। सीसीएस (सीसीए) रूल्स 1965 के रूल 19(i) इसी सिद्धांत पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि आपराधिक दोषसिद्धि वाले आचरण के आधार पर दंड लगाने के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। दोषसिद्धि के बाद विभागीय अधिकारी शो-कॉज नोटिस जारी कर कर्मचारी को सजा के प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखने का अवसर देता है, लेकिन पूर्ण अनुशासनिक जांच की जरूरत नहीं पड़ती।

रूल 19 का उद्देश्य है कि दोषसिद्धि के बाद अनावश्यक देरी न हो और दोषी को सेवा में बनाए रखने का जोखिम न लिया जाए। अदालत की दोषसिद्धि को विभागीय रूप से स्वीकार किया जाता है, हालांकि कर्मचारी अपील में राहत मांग सकता है, लेकिन अपील या सजा पर स्टे होने से दोषसिद्धि स्वतः रद्द नहीं होती। इस मामले में रमनीश और पांडे की दोषसिद्धि के बाद सीबीआई और संबंधित विभाग को अनुच्छेद 311(2) के प्रोविजो a और रूल 19 के तहत त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

अगर ऐसा नहीं होता तो यह सवाल और मजबूत हो जाएगा कि सीबीआई अपने अधिका. रियों के खिलाफ क्यों नरम रवैया अपनाती है? कानून के जानकार इस फैसले को न्याय की जीत मानते है, लेकिन फैसला आने में बहुत देरी हुई। 26 साल बाद न्याय मिला। यह दर्शाता है कि शक्तिशाली लोगों के खिलाफ लड़ाई कितनी लंबी और कठिन हो सकती है। सीबीआई को आत्मचिंतन करना चाहिए। अपनी छवि सुधारने के लिए उसे आंतरिक जवाबदेही मजबूत करनी होगी। भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी अगर खुद भ्रष्टाचार या दुरूपयोग से मुक्त नहीं होती, तो लो. कतंत्र में उस पर जानता का विश्वास घटता है। अशोक कुमार अग्रवाल जैसे निडर लोगों की हिम्मत सराहनीय है। ऐसे लोग दबाव, धमकियों और लंबी कानूनी लड़ाई के बावजूद न्याय की राह नहीं छोड़ते। यह मामला याद दिलाता है कि कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए । चाहे आरोपी कोई भी हो। सीबीआई जैसे संस्थानों को इस सबक को गंभीरता से लेना चाहिए, वरना 'सीबीआई बनाम सीबीआई' जैसी स्थितियां बार-बार उभरेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्यों भारत के भविष्य का नेतृत्व महिलाओं को करना चाहिए

**भारत भर में लाखों महिलाओं के लिए, सार्वजनिक जीवन में भागीदारी अभी भी सुरक्षा, भेदभाव और असमान पहुंच की चिंताओं से प्रभावित है। चाहे खेल हो, शिक्षा हो या कार्यस्थल, ये समस्याएं हमारे समाज में गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं। संसद में अधिक महिलाओं का मतलब है कि कानून और नीतियां महज समझ से नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन की हकीकत से आकार लेती हैं। प्रवर्तन के लिए मजबूत वकालत, सहायता प्रणालियों के लिए संसाधनों का बेहतर आवंटन और एक न्याय ढांचा, जो उत्तरदाई और सुलभ हो।**



**पी.टी. ऊषा**

मैंने अपना पूरा जीवन भागदौड़ में ही बिताया है, पहले केरल की कच्ची सड़कों पर, फिर वैश्विक मंचों पर और अब सार्वजनिक जीवन के गलियारों में। हर कदम पर मुझे कई मुश्किलो का सामना करना पड़ा है, कुछ प्रत्यक्ष और कुछ अनकही बाधाओं का भी, जिन्होंने महिलाओं को यह बताया कि उनका यहां कोई स्थान नहीं है। मैंने यह भी देखा है कि जब ए बाधाएं टूटने लगती हैं तो क्या होता है। अवसर परिणामों को बदल देता है और इससे भी जरूरी बात यह है कि यह लोगों की सोच को बदल देता है।

यही कारण है कि संविधान (एक सौ अटठाइसवां संशोधन) विधेयक, 2023 नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधाई उपलब्धि नहीं है। यह एक लंबे समय से प्रतीक्षित संरचनात्मक सुधार है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना न तो कोई रियायत है और न ही दिखावा। यह अधिक प्रतिनिधि और प्रभावी लोकतंत्र की दिशा में एक जरूरी कदम है।

### खेलों ने हमें क्या सिखाया है

जब मैंने 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में हिस्सा लिया और कुछ ही सेकंड के अंतर से पदक से चूक गई, तब बहुत कम भारतीय लड़कियां थीं, जो वैश्विक मंच पर खुद को देख पाती थीं। लेकिन पिछले कई दशकों में यह स्थिति बदली है। प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे और पहचान तक पहुंच में सुधार के साथ, भारतीय महिलाएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता हासिल करने लगीं है। पीवी सिंधु, मीराबाई चानू, विनेश फोगाट और मैरी कॉम जैसी एथलीटें अकेले नहीं उभरीं। वे एक ऐसी व्यवस्था का परिणाम हैं, जिसने धीरे-धीरे ही सही, पहुंच को व्यापक बनाना शुरू किया। प्रतिनिधित्व आकांक्षाएं पैदा करता है और आकांक्षा, जब समर्थित होती है, तो उपलब्धि दिलाती है। सबक साफ है। जब महिलाओं को स्थान दिया जाता है, तो वे व्यवस्था में केवल भाग नहीं लेतीं, वे शानदार प्रदर्शन भी कर दिखाती हैं।

### हर भारतीय के लिए बेहतर शासन

भारत में जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व का प्रभाव पहले ही देखा जा चुका है। 73वें संवैधानिक संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किए जाने के बाद से, विभिन्न राज्यों में किए गए कई अध्ययनों से पता चला है कि महिला प्रतिनिधियों के नेतृत्व वाले क्षेत्रों में पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार हुआ है।

यह महज महिलाओं के मुद्दे नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय प्राथमिकताएं हैं। महिला नेता अक्सर सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, सुचारू रूप से चलने वाले स्कूल, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी शासन से जुड़ी उन रोजमर्रा की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो परिवारों और समुदायों को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। इस प्रतिनिधित्व को राज्य विधानसभाओं और संसद तक विस्तारित करना केवल निष्पक्षता की बात नहीं है। यह शासन की गुणवत्ता में सुधार से जुड़ा है।

### प्रतिनिधित्व का आर्थिक महत्व

भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी विश्व में सबसे कम है, जो लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है। यह केवल एक सामाजिक चिंता नहीं, बल्कि एक आर्थिक समस्या भी है। विधानसभाओं में महिलाओं का अधिक प्रतिनिधित्व उन नीतियों को प्राथमिकता देने में मदद कर सकता है, जो इस अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करती हैं, जैसे किफायती बाल देखभाल, सुरक्षित कार्यस्थल, ऋण तक पहुंच और महिला उद्यमियों के लिए समर्थन। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने से भारत की जीडीपी में 700 बिलियन डॉलर तक की वृद्धि हो सकती है। अधिक समावेशी संसद न केवल एक लोकतांत्रिक आवश्यकता है, बल्कि एक आर्थिक अनिवार्यता भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या मछली और झलमुड़े की राजनीति से समाज का भला होगा





**रोहित कौशिक**

पश्चिम बंगाल में एक तरफ अनुराग ठाकुर द्वारा मंगलवार को मछली खाने का वीडियो वायरल हो गया तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के झारग्राम में एक दुकान से झालमुड़ी खरीदने का वीडियो भी वायरल हो गया। इस समय देश की राजनीति इन दोनों घटनाओं के इर्द-गिर्द घूम रही है। सोशल मीडिया पर इन दोनों घटनाओं पर लोग तरह तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। इलेक्टानिक चौनलों का एक वर्ग तो झालपुड़ी पत्रकारिता में ही लगा हुआ है और मोदी जी की झालपुड़ी खरीदने वाली घटना को नमक-मिर्च लगाकर बेचा रहा है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान तरह-तरह की तस्वीरें और घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रचार के लिए कोलकाता पहुंचे भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का एक वीडियो वारयल हो रहा है। इस वीडियो में अनुराग ठाकुर मछली खाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अनुराग ठाकुर के माथे पर तिलक लगा है। गले में भगवा पटका है और वे मछली खा रहे हैं। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि सनातन धर्म और संस्कृति की बात करने वाली भाजपा के सांसद मंगलवार को मछली खा रहे हैं। अक्सर सनातन धर्म को मानने लोग मांस, मदिरा और प्याज का सेवन नहीं करते हैं। दरअसल यदि अनुराग ठाकुर की जगह अखिलेश यादव या राहुल गांधी मंगलवार को मछली खा रहे होते तो भाजपा वाले धर्म और संस्कृति की दुहाई देकर अखिलेश यादव और राहुल गांधी को सनातन धर्म विरोधी साबित कर देते। इस घटना पर अखिलेश यादव ने लिखा कि कथनी और करनी के बीच के अंतर ने भाजपा समर्थकों की पोल खोल दी है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने अनुराग ठाकुर का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि मंगलवार को माथे पर तिलक लगाकार मांसाहारी भोजन, वोट पाने के लिए हुनमान जी का अपमान करने को भी तैयार। दरअसल एक स्वस्थ लोकतंत्र में हर इंसान को यह स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह क्या खाए या क्या न खाए। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर पर सवाल इसलिए उठ रहा कि धर्म और संस्कृति की बात करने वाली भाजपा के कुछ लोग मांस-मछली खाने से रोकते हैं और मारपीट करते हैं। ऐसे लोग कई जगह मंगलवार को चिकन-मछली की दुकान भी बंद करा देते हैं। दरअसल जब कोई दूसरा इस तरह का काम करता है तो हिन्दू भावनाएं आहत हो जाती हैं लेकिन अब अनुराग ठाकुर मंगलवार को तिलक लगाकर मछली खाते हैं तो हिन्दू भावनाएं आहत नहीं होती हैं। दूसरों के साथ धर्म संस्कृति के नाम पर मारपीट की जाती है लेकिन जब भाजपा के कुछ लोग धर्म और संस्कृति को दरकिनार कर देते हैं तो वे तब भी संस्कारी बने रहते हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान मांस-मछली की दुकानें बंद कराने वाले हिन्दू संगठन और भाजपा को मानने वाले कुछ लोग अनुराग ठाकुर के मंगलवार को तिलक लगाकर मछली खाने वाली घटना पर चुप्पी साध लेते हैं। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के झारग्राम में प्रधानमंत्री जी द्वारा झालपुड़ी खरीदने की घटना पर भी विवाद हो गया। विपक्षी दल यह आरोप लगा रहे हैं कि प्रधानमंत्री जी द्वारा झालपुड़ी खरीदने की घटना स्वाभाविक नहीं थी। इस घटना को इस तरह प्रदर्शित किया गया कि जैसे प्रधानमंत्री जी स्वाभाविक रूप से आम दुकानदार से मिलकर दस रुपये में खाने की सामग्री खरीद रहे हैं। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि यह पहले से तय कार्यक्रम के तहत ही हो पाया। क्योंकि झालमुड़ी की दुकान में कैमरे लगे थे। यानी यह सारी कवायद प्रधानमंत्री जी का एक चुनावी हथकडा था। रही सही कसर कुछ इलेक्टानिक चैनलों ने पूरी कर दी। कुछ इलेक्टानिक चौनलों ने प्रधानमंत्री के झालमुड़ी खरीदने को ऐसे प्रदर्शित किया कि जैसे आज तक किसी प्रधानमंत्री ने इतनी मानवता और इंसानियत का काम नहीं किया। झालमुड़ी पत्रकारिता ने भी पत्रकारिता की नैतिकता पर कई सवाल उठा दिए। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि झालग्राम में झालमुड़ी खाने के लिए समय बढ़ाने के कारण सुरक्षा कारणों से हेमंत सोरेन की लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली जिसके कारण रैली रद्द करन पड़ी। दरअसल चुनावी हथकंडा अपनाना बुरी बात नहीं है। चुनाव है तो चुनावी हथकंडे अपनाए भी जाएंगे। अक्सर सभी राजनेता चुनावी हथकंडे अपनाते ही है। लेकिन चुनावी हथकंडे अपनाते समय स्वयं को ईमानदार दिखाने की कोशिश कई सवाल खड़े करती है। इसलिए एक तरफ अनुराग ठाकुर का मंगलवार के दिन मछली खाना तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री जी का झालपूड़ी खरीदना विवाद का विषय बन गया। राजनीति में ऐसे विवाद अक्सर होते रहते हैं। लेकिन इस दौर में विवादों को राजनीति का मूल मंत्र बना दिया गया है। इस दौर की रजनीति में जिस तरह से खोखला आदर्शवाद पनप रहा है वह कई सवाल खड़े कर रहा है। राजनीति में स्वयं को ईमानदार और दूसरों को पापी साबित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह प्रवृत्ति राजनीति के मूल चरित्र को कठघरे में खड़ा कर रही है। राजनीति में मुद्दों पर बात होनी चाहिए, लेकिन इस दौर में मुद्दों पर बात कम हो गई है और व्यक्तिगत बातों पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस सारी प्रक्रिया में सबसे दुखद यह है कि धीरे-धीरे राजनीति में नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। राजनीति में नफरत की यह भावना स्वयं नहीं बढ़ी है बल्कि जानबूझकर पैदा की गई है। साम्प्रदायिक राजनीति को ही असली राजनीति समझ लिया गया है। यही कारण है कि धर्म के नाम पर राजनीति में इंसा. नियत खत्म हो जा रही है। राजनीति के इस नकारात्मक भाव के लिए आम जनता में भी कोई हलचल या गुस्सा नहीं है। आम जनता से ही इसे ही अपनी नियति समझ लिया है। बल्कि कई बार तो आम जनता राजनीति की बदलती धारा में स्वयं ही शामिल हो जाती है। आम जनता को भी हिन्दू-मुस्लिम की राजनीति भाने लगती है। यही कारण है कि इस दौर में मूल समस्याओं के लिए होने वाले आन्दोलन कमजोर हो गए हैं। कुछ कुटिल राजनेता और समाज के कुछ ठेकेदार मिलकर एक ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों और धर्मों के लोगो के बीच आपसी विश्वास कम हुआ है। सवाल यह है कि राजनीति की यह बदलती प्रवृत्ति क्या भविष्य में हमें अंधकार की तरफ धकेल रही है ? ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गंभीरता के साथ चिंतन का समय अब आ गया है। राजनीति से समाज में कुछ सकारात्मक बदलाव होने चाहिए लेकिन दुखद यह है इस दौर की राजनीति से समाज में सकारात्मक बदलाव नहीं हो पा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



तमिलनाडु। विधानसभा चुनाव में अपना वोट डालने के लिए चेन्नई के मतदान केंद्र पर पहुंचे अभिनेता रजनीकांत।

## होर्मुज में विदेशी जहाजों पर सवार भारतीय नागरिक सुरक्षितः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया के होर्मुज जलडमरूमध्य में जिन दो विदेशी जहाजों पर हमला किया गया है उन पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। दूसरी ओर रसोई गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ देश भर में अभियान जारी है और अब तक 1.5 लाख से अधिक छापे मारे गये हैं और 66000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी स्थिति की जानकारी देने के लिए गुरुवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण देश में कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित है।

## राजनाथ सिंह ने पनडुब्बी बनाने वाले संयंत्र का दौरा किया

**बर्लिन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक दौरे के दौरान जर्मनी के कील शहर में टीकेएमएस के पनडुब्बी बनाने वाले संयंत्र का दौरा किया। वहां उन्हें नौसेना की आधुनिक तकनीकों और क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरे में उनके साथ जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस भी मौजूद थे। यह सुविधा आधुनिक और उन्नत पनडुब्बियां बनाने के लिए जानी जाती है। रक्षा मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इस दौरे को काफी जानकारी देने वालाश बताया। उन्होंने कहा कि यहां दिखाई गई तकनीक और संचालन क्षमता काफी प्रभावशाली है। उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरे से उन्हें आधुनिक पनडुब्बी निर्माण और समुद्री क्षेत्र में हो रहे नए विकास को करीब से समझने का मौका मिला, जो आज के समय में वैश्विक सुरक्षा के लिए बहुत अहम है।

# दोस्तों को गिफ्ट-दुश्मनों को मिलेगी सजा

## ट्रम्प का नहीं दिया था साथ, व्हाइट हाउस बना रहा नाटो देशों की सूची

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने नाटो (नाटो) देशों की एक खास सूची तैयार की है। इस सूची को शरारती और अच्छे सहयोगियों का नाम दिया गया है। कथित तौर पर इस सूची के जरिए उन देशों की पहचान की गई है जिन्होंने ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका का साथ दिया है।

इसे एक ऐसे कदम के तौर पर देखा जा रहा है, जिसका मकसद, अमेरिका के साथ खड़े देशों को इनाम मिलेगा और पीछे हट गए देशों को सजा भुगतनी पड़ सकती है। बताया जा रहा यह सूची नाटो के महासचिव मार्क रुटे की इसी महीने हुई वाशिंगटन यात्रा से पहले तैयार की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस विचार की शुरुआत दिसम्बर में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने की थी। उन्होंने एक रक्षा मंच पर कहा था कि जो देश आदर्श सहयोगी की तरह व्यवहार करेंगे, अमेरिका उन्हें विशेष सुविधाएं देगा। वहीं, जो देश अपनी सामूहिक रक्षा की जिम्मेदारी पूरी नहीं करेंगे, उन्हें इसके गंभीर नतीजे झेलने होंगे। अमेरिका इस सूची के हिसाब से नाटों के कुछ सदस्यों देशों को सजा देने के लिए कदम उठा सकता है। इसमें उन



■ अमेरिका इस सूची के हिसाब से नाटों के कुछ सदस्यों देशों को दंड देने के मूड में

देशों से अमेरिकी सैनिकों को हटाकर दूसरी जगह तैनात करना या उन्हें आधुनिक अमेरिकी सैन्य तकनीक बेचने पर रोक लगाना शामिल हो सकता है। हालांकि, कुछ जानकारों का मानना है कि सैनिकों को हटाना खुद अमेरिका के लिए भी नुकसानदेह हो सकता है। उनका कहना है कि अमेरिका के पास सहयोगियों को सजा देने के लिए कोई ठोस योजना नहीं दिखती। व्हाइट हाउस ने अभी तक आधिकारिक तौर पर इस सूची के बारे में कुछ नहीं कहा है। लेकिन माना जा रहा है कि पोलैंड और रोमानिया जैसे देशों को अच्छे देशों की श्रेणी में रखा जाएगा। पोलैंड अपनी रक्षा पर बहुत ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है, जिसकी अमेरिका ने तारीफ की है। वहीं, रोमानिया ने ईरान युद्ध से जुड़े ऑपरेशनों के लिए अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। इसके उलट, नाटो के ज्यादातर देशों ने खाड़ी के युद्ध में शामिल होने से साफ मना कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात से काफी नाराज हैं। ट्रम्प ने हाल ही में एरिजोना में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि नाटो देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खुलवाने में बहुत देर से मदद की पेशकश की। उन्होंने कहा, मैंने उनसे कह दिया कि मुझे दो महीने पहले आपकी मदद चाहिए थी, अब मुझे आपकी मदद की कोई जरूरत नहीं है। जब हमें आपकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब आप बिल्कुल बेकार साबित हुए। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि अमेरिका को कभी उनकी जरूरत नहीं थी, बल्कि उन्हें अमेरिका की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका को आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भी अपनी भड़ास निकाली।

## अमेरिका में केमिकल लीक होने से दो की मौत, 19 बीमार

**वर्जीनिया।** अमेरिका के वेस्ट वर्जीनिया में एक केमिकल प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक फैक्ट्री में जहरीली गैस के लीक होने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग बीमार हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा इंस्टीटयूट इलाके में स्थित कैटेलिस्ट रिफाइनर्स नाम के प्लांट में हुआ। बताया जा रहा है कि जब कर्मचारी फैक्ट्री के एक हिस्से को बंद करने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक केमिकल रिएक्शन हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, नाइट्रिक एसिड और किसी अन्य पदार्थ के बीच तेज प्रतिक्रिया हुई, जिससे जहरीली गैस निकलने लगी। इस घटना में राहत और बचाव के लिए पहुंचे एम्बुलेंस कर्मी भी प्रभावित हुए, जिनमें सात लोग शामिल हैं। कई घायलों को निजी गाड़ियों से अस्पताल ले जाया गया, यहां तक कि एक व्यक्ति को कचरा ढोने वाली गाड़ी से अस्पताल पहुंचाना पड़ा। इस हादसे के बाद आसपास के इलाके में कुछ घंटों के लिए लोगों को घरों में ही रहने का आदेश दिया गया। बाद में हालात सामान्य होने पर यह आदेश हटा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी मौतें और घायल लोग फैक्ट्री परिसर के अंदर ही थे।

# फारस की खाड़ी-होर्मुज में तेल रिसाव का खतरा

## कई बड़े तिल रिसाव अंतरिक्ष से दिखाई दिए, उपग्रह तस्वीरों में लावान द्वीप से कुवैत तट तक असर दिखा




■ एक सैटेलाइट तस्वीर में ईरान के केश्म द्वीप के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में पांच मील से अधिक क्षेत्र में फैला तेल देखा गया
■ शिदवर द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित एक कोरल द्वीप है

**दुबई।** अमेरिका और ईरान से जुड़े सैन्य हमलों के बाद फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में कई बड़े तेल रिसाव अंतरिक्ष से दिखाई दिए हैं। उपग्रह तस्वीरों में ईरान के केश्म द्वीप, लावान द्वीप और कुवैत तट के पास समुद्र में फैला तेल साफ नजर आ रहा है।

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति पर जल्द नियंत्रण नहीं पाया गया तो यह क्षेत्र समुद्री जैव विविधता, तटीय आबादी और पेयजल आपूर्ति के लिए बड़े पर्यावरणीय संकट में बदल सकता है। सीएनएन के अनुसार उपग्रह चित्रों ने न केवल तेल सुविधाओं और जहाजों पर हमलों से हुई क्षति को उजागर किया है बल्कि फारस की खाड़ी के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र पर मंडरा रहे खतरे को भी सामने रखा है। इस क्षेत्र में फैला तेल तटीय समुदायों की आजीविका, मछली पालन, समुद्री जीवों और समुद्री जल को मीठा बनाने वाले संयंत्रों तक को प्रभावित कर सकता है। एक सैटेलाइट तस्वीर में ईरान के केश्म द्वीप के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में पांच मील से अधिक क्षेत्र में फैला तेल देखा गया। शिदवर द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित एक कोरल द्वीप है। यह कछुओं, समुद्री पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए महत्वपूर्ण आवास माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेल रिसाव ऐसे क्षेत्रों में पहुंचने पर समुद्री जीवों के प्रजनन, भोजन श्रृंखला और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर दीर्घकालिक असर डाल सकता है। छह अप्रैल को कुछ उपग्रह तस्वीरों में कुवैत के तट के पास भी तेल फैला दिखाई दिया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने कहा था कि उसने उसी दिन खाड़ी देशों की ईंधन और पेट्रोकेमिकल सुविधाओं को निशाना बनाया। डच शांति संगठन पैक्स के परियोजना प्रमुख विम ज्वाइनेनबर्ग ने चेतावनी दी कि इन तेल रिसावों का असर लाखों लोगों पर पड़ सकता है, खासकर ईरान के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों पर। मछलियों के प्रदूषित होने से मछुआरों की आय और खाद्य सुरक्षा दोनों प्रभावित हो सकती हैं। यह तेल समुद्री कछुओं, डाल्फिन और व्हेल जैसे जीवों के लिए भी गंभीर खतरा है। ये जीव या तो तेल निगल सकते हैं या उसमें फंस सकते हैं। इसके अलावा समुद्री जल को साफ कर पीने योग्य बनाने वाले डिसैलिनेशन प्लांट्स भी प्रभावित हो सकते हैं।

## अमेरिका ने रूसी तेल खरीद पर छूट बढ़ाई, 10 से अधिक देशों को राहत



**वाशिंगटन।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि उन्होंने रूसी तेल की बिक्री की अनुमति देने वाली प्रतिबंध छूट को आगे बढ़ाया है। यह फैसला दुनिया के 10 से अधिक 'सबसे कमजोर और सबसे गरीब' देशों के ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए लिया गया। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध पिछले हफ्ते अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठक के दौरान सामने आया था। बेसेंट ने सीनेट की विनियोग समिति के सामने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि पहले उनका विचार था कि यह छूट आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। लेकिन बाद में ऊर्जा संकट से जूझ रहे 10 से अधिक देशों ने अमेरिका से इसे बढ़ाने की अपील की। इसके बाद केवल 30 दिनों के लिए प्रतिबंधों पर यह छूट दी गई। पिछले हफ्ते अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने घोषणा की थी कि रूसी या ईरानी तेल की बिक्री के लिए दी गई छूट आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। लेकिन शुक्रवार रात को मंत्रालय ने अचानक प्रतिबंधों पर छूट को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया। बेसेंट ने कहा, इस हफ्ते विश्व बैंक और आईएमएफ की बैठक थी। मेरा मानना था कि हम इसे आगे नहीं बढ़ाएंगे। लेकिन दस से अधिक कमजोर और गरीब देशों ने हमसे अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट के कारण इसे आगे बढ़ाया जाए। इसलिए हमने केवल 30 दिनों के लिए छूट दी। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए 5 मार्च से एक महीने के लिए प्रतिबंधों पर छूट दी थी। कुछ दिनों बाद इसी तरह की छूट कई अन्य देशों को भी दी गई थी, जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई थी।

## ईरान में युद्ध के बाद शिक्षा बहाली तेज

■ शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास आगे बढ़े, 1300 में से 775 स्कूलों की मरम्मत पूरी

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल एयर स्ट्राइक के बाद 40 दिन तक चले संघर्ष में ईरान के कई स्कूल और बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री अलीरेजा काजेमी ने बताया कि प्रभावित 1,300 स्कूलों में से 775 की मरम्मत पूरी हो चुकी है।

आईआरएनए के अनुसार, करीब 20 स्कूल पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि तेहरान, केर्मानशाह, इस्फहान और होर्मोजगान प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों की मरम्मत अक्टूबर तक पूरी होने की उम्मीद है। हमलों के बावजूद पढ़ाई जारी रखने के लिए कुछ जगहों पर ऑफलाइन और अन्य स्थानों पर ऑनलाइन कक्षाएं चलाई गईं, जिसमें ईरानियन टेलीविजन स्कूल ने अहम भूमिका निभाई। छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। मिनाब के शजराह तैयबा प्राइमरी स्कूल पर मिसाइल हमले में मारे गए 170 लोगों की याद में स्कूलों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस हमले में अधिकांश छात्राएं और शिक्षक शामिल थे। सरकार का कहना है कि शिक्षा व्यवस्था को सामान्य बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## मेरे अनुरोध पर ईरान में आठ महिलाओं की फांसी पर लगी रोक, चार की रिहाई होगीः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान में आठ महिलाओं को अब फांसी नहीं दी जाएगी। इनमें से चार महिलाओं को तुरंत रिहा किया जाएगा और शेष चार को एक महीने की जेल की सजा दी जाएगी। ट्रम्प ने कहा कि वह इस फैसले का स्वागत करते हैं। अपने प्लेटफार्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा कि बहुत अच्छी खबर है। मुझे अभी-अभी सूचना मिली है कि ईरान में आज रात जिन महिला प्रदर्शनकारियों को फांसी दी जानी थी, उन्हें अब फांसी नहीं दी जाएगी। चार को तुरंत रिहा किया जाएगा और चार को एक महीने की जेल की सजा दी जाएगी।

# भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं

■ व्यापार समझौते पर बोले अमेरिकी प्रतिनिधि

**वाशिंगटन।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जारी वार्ता के बीच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत एक 'टफ नट टू क्रैक' है, यानी भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं है। ग्रीर ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने की। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की सुरक्षा करता आया है और मौजूदा व्यापार वार्ता में भी वह कई क्षेत्रों को संरक्षित रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत अपने घरेलू हितों को प्राथमिकता देता है, खासकर कृषि क्षेत्र में, इसलिए बातचीत आसान नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि कुछ क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहमति बनने की संभावना है। वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी विदेश मंत्री ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व वाली अमेरिकी टीम के साथ व्यापार समझौते के बारीक बिंदुओं पर बातचीत की। तीन दिवसीय वार्ता बुधवार को समाप्त हुई। ग्रीर ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस की कमेटी आन वेज एंड मीन्स को बताया कि भारत एक कठिन चुनौती है.उन्होंने बहुत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत वे इनमें से कई चीजों की रक्षा करना चाहते हैं। हालांकि, कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मुझे लगता है कि हम आपसी सहमति बना सकते हैं। डीडीजी (डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स) इसका एक अच्छा उदाहरण है। ग्रीर सांसदों द्वारा डीडीजी के निर्यात पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे, जिनका उपयोग उच्च प्रोटीन वाले पशुधन चारे, सोयाबीन मील और इथेनाल के रूप में किया जाता है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की बातचीत रचनात्मकः भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता तेज कर दी है। यह 'रचनात्मक' बातचीत वाशिंगटन में हो रही है जिसका उद्देश्य संतुलित और भविष्य पर आधारित समझौता करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि वार्ता का ध्यान पारस्परिक चिंताओं और प्राथमिकताओं का समाधान निकालने पर है, साथ ही 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत से एक टीम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए वाशिंगटन गई है।

# अमेरिकी नौसेना सचिव जान फेलन ने अचानक छोड़ा पद

## हंग काओ बने कार्यवाहक सचिव

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पेंटागन ने बुधवार को अचानक घोषणा की कि नौसेना सचिव जान फेलन अपना पद छोड़ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में किसी सैन्य सेवा के प्रमुख का यह पहला इस्तीफा है।

हालांकि, रक्षा विभाग में पिछले कुछ समय से कई बड़े अधिकारियों को हटाया जा रहा है। फेलन के अचानक हटने का कोई कारण नहीं बताया गया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है और दुनिया भर में तेहरान से जुड़े जहाजों को निशाना बना रही है। अब ट्रम्प के करीबी और अंडरसेक्रेटरी हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारी

■ यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है



संभालेंगे। काओ नौसेना में 25 साल तक रहे हैं और उनके पास युद्ध का अनुभव भी हैं। फेलन का पद से हटना पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल की एक लंबी कड़ी का हिस्सा हो सकता है। कुछ हफ्ते पहले ही रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी जनरल रैंडी जार्ज को पद से हटा दिया था। हेगसेथ ने पिछले साल पद संभालने के बाद से कई जनरलों और एडमिरलों को हटाया है। इनमें एडमिरल लीसा फेंचेती और जनरल जिम स्लाइफ भी शामिल हैं। ट्रम्प ने जनरल चार्ल्स सीक्यू ब्राउन जूनियर को भी उनके पद से हटा दिया है। फेलन का इस्तीफा बहुत चौंकाने वाला है। उन्होंने मंगलवार को ही वाशिंगटन में नौसेना के एक सम्मेलन में हिस्सा लिया था। वहां उन्होंने पत्रकारों से अपने एजेंडे पर बात की थी। उन्होंने सांसदों के साथ बजट और नए जहाज बनाने की कोशिशों पर भी चर्चा की थी। हालांकि, पेंटागन के प्रवक्ता शान पार्नेल ने बताया कि फेलन तुरंत अपना पद छोड़ रहे हैं।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# लश्कर-जैश पर नकेल कसे पाक

## पहलगाम हमले की बरसी पर अमेरिकी सांसदों ने एक सुर में उठाई मांग

■ वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने आतंकवाद की मानवीय कीमत विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई थी
■ शर्मन ने 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को याद किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद ब्रैड शर्मन ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए- मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने आतंकवाद की मानवीय कीमत विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई थी। इस दौरान शर्मन ने 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को याद किया।

इस हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। शर्मन ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे द रेजिस्टेंस फ्रंट का हाथ था, जिसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा से है। खबरों के मुताबिक, इन समूहों को पाकिस्तान में पनाह मिलती है। डेमोक्रेट नेता शर्मन ने मांग की कि पाकिस्तानी सरकार को इन आतंकी गुटों पर नकेल कसने की मांग की। यह प्रदर्शनी ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान खुद को शांतिदूत के रूप में पेश कर रहा है और अमेरिका-ईरान युद्ध को रोकने के लिए मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है। इस डिजिटल प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों, 2008 के मुंबई हमलों और पहलगाम हमले की तस्वीरें दिखाई गईं। इसमें उन आतंकी संगठनों और लोगों की पहचान भी उजागर की गई जो पाकिस्तान से अपनी गतिविध्यिां चलाते हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि आतंकवाद मानवता को नष्ट करना चाहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प को दोहराया जिसमें भारत आतंकवाद को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदर्शनी में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टियों के कई बड़े सांसद शामिल हुए। इस दौरान सांसद लिसा मैक्लेन ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने के लिए खुफिया जानकारी साझा करना और मिलकर काम करना ही सही रास्ता है। वहीं, सांसद रो खन्ना ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने 1990 के दशक में ही इस खतरे की चेतावनी दी थी, लेकिन तब कम ही लोगों ने इसे गंभीरता से लिया था। इस दौरान 7 मई 2025 को भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108